बैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 13 मई 2024
वर्ष 34, अंक 106, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



प्लेऑफ के और करीब पहुंची सीएसके 13

संजय दत्त पर फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी 14



# महासंग्राम आजः घर से निकलें और करें मतदान

## सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कर सकेंगे मतदान

## 1638 मतदान केन्द्रों पर बने 2890 बूथों पर पड़ेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए सोमवार को जिले के 1638 मतदान केन्द्रों पर बने 2890 बूथों पर मतदान कराया जाएगा। सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। शाम छह बजे तक चलने वाले इस मतदान में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रशासन ने मंडी स्थल से पोलिंग पार्टियां दोपहर बाद तक रवाना कीं, जो रविवार की शाम तक मतदान केन्द्रों पर पहुंच गईं। खीरी लोकसभा में 18,62,469 तो धौरहरा में 17,13,971 मतदाता वोट डालेंगे।

राजापुर स्थित मंडी समिति परिसर में विधानसभा वार ड्यूटी पत्र वितरण काउंटर बनाए गए थे। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में मतदान कार्मिकों से संवाद किया। यहां से कार्मिक अपने ड्यूटी पत्र फिर मतदान सामग्री ईवीएम, वीवीपैट आदि लेकर आंवटित बस की ओर रवाना हो रहे थे। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए जिले में 24 जोनल मजिस्ट्रेट मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। इस दौरान खीरी सीट के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी और धौरहरा सीट के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी ने पार्टी रवानगी स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों से संवाद भी किया। पुलिस व्यवस्था के लिए एसपी गणेश प्रसाद साहा, एएसपी नेपाल सिंह, पवन गौतम आदि मौजूद रहे।


राजापुर मंडी में अपनी चुनाव ड्यूटी की जानकारी लेते कर्मचारी।


चुनाव सामग्री के साथ केन्द्र पर जाने के लिए तैयार मतदान कर्मी।


मंडी में चुनाव सामग्री का मिलान करते मतदान कर्मी।

### गर्व से खूब करें मतदानः डीएम



लोकतंत्र के महापर्व पर जनपद लखीमपुर खीरी के समस्त मतदाताओं से अपील है कि दिनांक 13 मई 2024 यानी आज अपने बूथों पर जाकर गर्व के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। अपने परिजनों को भी प्रेरित करें। लखीमपुर खीरी ने ठाना है,अबकी बार मतदान में 90 प्रतिशत के पार जाना है। इसलिए सभी मतदाता संकल्प लें कि हम न केवल मतदान करेंगे, बल्कि सगे संबंधियों, इष्ट मित्रों व अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। –महेंद्र बहादुर सिंह, डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी, लखीमपुर खीरी

### मजबूत राष्ट्र और लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरीः एसपी



सभी को मतदान का अधिकार मिला है। मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है। मजबूत राष्ट्र और लोकतंत्र के लिए सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। इसलिए इस मौके के फायदा सभी मतदाता उठाएं और शांतिपूर्ण तरीके से अधिक से अधिक मतदान कर जिले का नया कीर्तिमान स्थापित करें। पुलिस–प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। किसी के डर और लालच में न आएं।

–गणेश प्रसाद साहा, एसपी

### विधानसभा स्तर पर बनाया गया एक–एक महिला और दिव्यांग बूथ

जनपद खीरी में 13 मई को आयोजित लोकसभा चुनाव में मा. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विधानसभा स्तर पर एक–एक दिव्यांग और महिला बूथ बनाए गए हैं। वहीं लोकसभा स्तर पर एक–एक युवा बूथ भी बनाया गया।


चिलचिलाती धूप में खीरा खरीदते सुरक्षा कर्मी। अमृत विचार

### घर के साथ ही चुनाव की भी जिम्मेदारी

लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए महिला कर्मचारियों को भी चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। ऐसे में अधिकांश महिला चुनाव कर्मी अपने बच्चों के साथ पोलिंग बूथ को रवाना हुईं। एक हाथ में ईवीएम तो दूसरे में बच्चे की उंगली संभाले इन महिलाओं का जज्बा देखने वाला था। जो घर की जिम्मेदारी के साथ ही चुनाव की जिम्मेदारी भी उठाने में पीछे नहीं दिखीं।


बच्चों के साथ पोलिंग बूथ पर जाने के लिए तैयार कर्मी।


मतदान कर्मियों की रवानगी के दौरान मंडी स्थल पर मौजूद डीएम और एसपी।

# लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले की दोनो सीटों पर आज मतदान है। लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी हम सब की एक नैतिक जिम्मेदारी है। मतदान कर हम न सिर्फ सरकार चुनते हैं, बल्कि अपनी दिशा व दशा तय करते हैं। हम सब का जनादेश यह तय करता है कि हमारा प्रतिनिधित्व कौन करेगा। इसलिए हम सब का कर्तव्य है कि मतदान कर अपना प्रतिनिधि चुने। लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनकर क्षेत्र, प्रदेश, और देश के विकास की दिशा तय करें।

**18वीं लोकसभा के लिए आज डाले जाएंगे वोट**



हम सबकी जिम्मेदारी है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लें। जिले के सभी मतदाताओं से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में वोट कर मतदान प्रतिशत बढ़ाएं। धर्म जाति और संप्रदाय आदि से ऊपर उठकर वोट कर एक नया कीर्तिमान बनाएं। **–महंत प्रमोद दीक्षित, स्वर्गीय श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं संस्कृत विद्यापाठ देवकली तीर्थ**



लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार करना हम सब की जिम्मेदारी है, इसलिए सभी लोग बूथ पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। सभी से गुजारिश है कि सोमवार को सबसे पहले मतदान करें और फिर उसके बाद दूसरा काम। शत प्रतिशत मतदान कर एक नर्या कीर्तमान बनाकर जनपद का नाम रोशन करें। **– मौलान इसहाक, पेश इमाम जामा मस्जिद**



लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। सभी लोग अपनी वोट की अहमियत को समझकर सोमवार को पहले मतदान करें, क्योंकि वोट की ताकत सबसे बड़ी होती है। इसलिए धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर अधिकार और कर्तव्य का पालन करते हुए वोट डालें। **–जेराल्ड डिसूजा, फादर डान बास्को**



लोकतंत्र का महापर्व में हर मतदाता को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सभी वोटर समझदारी, ईमानदारी के साथ सोंच समझकर मतदान करें, क्योंकि वोट अमूल्य है। इसलिए सोमवार को सबसे पहले मतदान करें और फिर उसके बाद जलपान। **–डॉ. वीणा गोपाल मिश्रा, प्राचार्य आर्य कन्या महाविद्यालय**

# मतदाता आज तय करेंगे खीरी व धौरहरा के सिकंदर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**खीरी और धौरहरा सीट पर पिछले दस साल से एक ही दल का है कब्जा**

**भाजपा हैट्रिक लगाने तो सपा खोई विरासत पाने के लिए लगाए है जोर**

**अमृत विचारः** लोकतंत्र का आज महापर्व है। आज वोटरों का मिजाज तय करेगा कि इस बार मौजूदा दोनों सांसद हैट्रिक लगाकर अपना गढ़ बचा पाएंगे या फिर बदलाव होगा।

आजादी के बाद से अब तक खीरी संसदीय सीट पर एक ही परिवार का दबदबा रहा है, जिसमें इस परिवार के तीन लोगों ने दो दलों से प्रतिनिधित्व किया है। इसमें भी सबसे खास बात यह रही कि तीनों सांसदों ने हैट्रिक तक लगाई। इस परिवार के रवि प्रकाश वर्मा का विजय रथ 2009 में कांग्रेस के जफर अली नकवी ने रोंका। मगर, 2014 की मोदी लहर में अजय मिश्र टेनी ने जफर अली नकवी को परास्त कर अपनी बादशाहत कायम की, जो अब तक बरकरार है। हालांकि इस बार फिर से वह चुनावी मैदान में उतरकर हैट्रिक लगाने के लिए जोर आजमाइश कर ताना बाना बुन रहे हैं। मगर, 2024 के चुनाव में टक्कर सिर्फ भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी व सपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा में ही नहीं है। बल्कि भाजपा के लिए इस चुनाव में अपनी जीत की विरासत बनाए रखने और सपा को अपनी खोई विरासत को वापस हासिल करने की चुनौती है। ऐसे में दोनों प्रत्याशी और दल सीट को महत्वपूर्ण मानकर पूरी पनी ताकत लगाएं हहै। भले ही इस बार के चुनाव में पीएम मोदी ने जिले में जनसभा न की हों, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि भाजपा प्रत्याशी के लिए सभाएं कर चुके हैं। जबकि सपा प्रत्याशी के लिए पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने चुनावी सभा की है। अब इस कहानी को अंजाम तक पहुंचाने की बारी मतदाताओं के पाले में हैं।


अजय मिश्र टेनी, भाजपा


अंशय कालरा, बसपा


उत्कर्ष वर्मा, सपा


रेखा वर्मा, भाजपा


आनंद भदौरिया, सपा


श्याम किशोर अवस्थी, बसपा

### खीरी में उम्मीदवार

1- अजय कुमार- भाजपा
2- उत्कर्ष वर्मा- सपा
3- अंशय कालरा- बसपा
4- ओमनाथ- राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी
5- खंजन- राष्ट्रीय आजाद पार्टी
6- दरबारी उर्फ दरबारी लाल चौहान – जनता क्रांति पार्टी
7- कु. पंचशीला आनंद –उप्र रिपब्लिकन पार्टी
8- मुकेश कुमार –राष्ट्रीय विकल्प पार्टी
9-संध्या जायसवाल –परिवर्तन समाज पार्टी
10- नरेश सिंह भदौरिया – निर्दलीय
11- सतेंद्र कुमार मौर्य – निर्दलीय

### धौरहरा में उम्मीदवार

1- आनंद भदौरिया- सपा
2- रेखा वर्मा- भाजपा
3- श्याम किशोर अवस्थी- बसपा
4- आशुतोष पाठक- आप (इंडिया)
5- काशिम अली- पीस पार्टी
6- जनार्दन प्रसाद-कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया
7- राजेश कुमार- पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी
8-सकसेन- सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी
9- सुदेश कुमार-लोकजन संघर्ष पार्टी
10- राम नरेश – निर्दलीय
11- विजय कुमार तिवारी- निर्दलीय
12- समरेंद्र कुमार – निर्दलीय

### खीरी लोकसभा के विजेता

1952- रामेश्वर प्रसाद नेवटिया-कांग्रेस
1957-कुं. खुशवक्त राय प्रजा सोशलिस्ट पार्टी
1962- बालगोविंद वर्मा- कांग्रेस
1967- बालगोविंद वर्मा- कांग्रेस
1971- बालगोविंद वर्मा- कांग्रेस
1977- सूरत बहादुर शाह- जनता पार्टी
1980- बालगोविंद वर्मा- कांग्रेस
1980- उषा वर्मा उपचुनाव- कांग्रेस
1984- उषा वर्मा-कांग्रेस
1989- उषा वर्मा-कांग्रेस
1991- गेंदनलाल कनौजिया- भाजपा
1996- गेंदनलाल कनौजिया- भाजपा
1998- रवि प्रकाश वर्मा-सपा
1999- रवि प्रकाश वर्मा-सपा
2004- रवि प्रकाश वर्मा-सपा
2009- जफर अली नकवी- कांग्रेस
2014- अजय मिश्र टेनी- भाजपा
2019- अजय मिश्र टेनी- भाजपा

### धौरहरा लोकसभा क्षेत्र के विजेता

2009- जितिन प्रसाद- कांग्रेस
2014- रेखा वर्मा- भाजपा
2019- रेखा वर्मा- भाजपा

# युवा बोले-रोजगार, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य व विकासपरक हो सरकार


गोला में क्लीनिक पर चुनावी चर्चा करते युवा। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

चुनावी चौपाल

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में युवाओं के लिये रोजगार और उच्च शिक्षा एक बड़ा मुद्दा है। युवा बेहतर और सस्ती शिक्षा के साथ ही रोजगार के अवसर की बाट जोह रहा है।

नगर के एक क्लीनिक पर मौजूद युवाओं से चुनाव के संबंध में नब्ज टटोलने का प्रयास किया गया तो पता चला कि युवा निःशुल्क योजनाएं नहीं चाहते हैं, बल्कि वह सरकार से रोजगार चाहते हैं। इसलिए उन्होंने युवाओं के बारे में हित करने, उनके भविष्य के बारे में बेहतर सोचने वाले को वोट करने का मन बना लिया है।

आज समाज में हर युवा का अपना एक नजरिया है, जिसके चलते आज का युवा वर्ग सब कुछ जानता और समझता है। इसी सोच और मन में चल रहे सवालों को लेकर युवाओं ने अपनी बात बेबाक प्रस्तुत की है।

### भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विकास के मुद्दे पर डालूंगी वोट



एमएससी कर नेट परीक्षा की तैयारी कर रही अदिति दीक्षित ने बताया कि उसका वोट भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विकास के मुद्दे पर निर्भर करेगा। उनकी नजर में जो सरकार इन मुद्दों पर खरी उतरेगी उसी के प्रत्याशी को वह अपना मत देंगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही धांधली से युवा वर्ग काफी मायूस है। परीक्षाओं में निष्पक्षता जरूरी है।

### साफ छवि के प्रत्याशी के पक्ष में डालूंगी अपना वोट



रविवार को नीट की परीक्षा देकर निकली अनामिका सिंह ने बताया कि वह मतदान करने के लिए बहुत उत्साहित है। उनका कहना है कि सोच समझकर मतदान करूंगी और अपना वोट साफ छवि के प्रत्याशी के पक्ष में करुंगी। ताकि आने वाले समय में प्रतियोगी परीक्षाएं निष्पक्ष और पारदर्शी हो सके। निजी संस्थानों की लूट को बंद कर विदेशों की तर्ज पर सरकारी स्तर पर शिक्षा सुविधा मिले। शिक्षा गरीब और अमीर के लिए एक समान हो। बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके।

### निःशुल्क राशन नहीं, नौकरी चाहिये



एमएससी जीव विज्ञान से कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे श्रवण कुमार मिश्रा ने बताया कि युवा जब तक जागरूक नहीं होंगे तब तक समाज नहीं जागेगा। उन्होंने कहा कि पांच किलो राशन मत दीजिये, युवाओं को नौकरी दीजिये, वेतन से राशन वह स्वयं खरीद लेंगे। बढ़ रही बेरोजगारी और महंगाई से मध्यमवर्गीय जन जीवन बदहाल हुआ है। युवाओं को कोई नि:शुल्क योजनाएं नहीं चाहिए बल्कि उन्हें सरकार से रोजगार चाहिए।

### स्थानीय स्तर पर हो उच्च शिक्षा की व्यवस्था



फार्मेसी की पढ़ाई कर रहे अभिनव मिश्र ने बताया कि जो सरकार छात्र हित की बात करेगी उसका वोट उसी को जाएगा। वोट देना उसका अधिकार है। दर्द छलका कि छात्र विरोधी नीतियों के कारण आज शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। प्रत्येक जिले में सरकारी स्तर पर सस्ती और हर प्रकार की उच्च शिक्षा मिले ताकि छात्रों को दूर न जाना पड़े। इससे सभी को लाभ मिलेगा। आज के युवाओं को रोजगार, सस्ती और अच्छी शिक्षा चाहिए।

# आओ मतदान कर बनाएं नया कीर्तिमान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** आज लोकतंत्र का उत्सव है। इसमें अधिक से अधिक मतदाता शामिल हों, इसके लिए जिला प्रशासन से लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जमकर जोर आजमाइस की है, जिससे इस बार मतदान का एक नया कीर्तिमान बन सके। हालांकि आजादी के बाद से अब तक सबसे ज्यादा 66.2 प्रतिशत मतदान 2019 के चुनाव में हुआ। मगर, इस बार जिला प्रशासन 75 प्रतिशत से अधिक वोट पड़ने का दावा कर रहा है। आजादी के बाद पहला चुनाव 1952 में हुआ, जिसमें 59.9 फीसद मतदाताओं ने वोट डाले। मगर, 1957 के चुनाव में सिर्फ 38.11 फीसद वोटरों ने ही लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी की। इसके बाद जिले में मतदान का प्रतिशत हार्ट बीट की तरह ऊपर नीचे होता रहा। हालांकि 1999 के लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक 57 फीसद मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद 2004 और 2009 में फिर से वोट प्रतिशत कम हो गया। मगर, मोदी लहर में जिलेवासियों ने जमकर मतदान किया, जिसकी वजह से 2014 में 63.6 और 2019 जिले का मतदान प्रतिशत 66.2 फीसद रहा। हालांकि जिलेवासियों के पास पिछले रिकार्ड तोड़कर एक नया कीर्तिमान बनाने का अवसर है। इसलिए घर से निकलकर मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता करें।

### 18 से 19 साल तक के युवा मतदाता

| खीरी लोकसभा | | धौरहरा लोकसभा | |
|---|---|---|---|
| पलिया | 4725 | धौरहरा | 6054 |
| निघासन | 6102 | कस्ता | 4222 |
| गोला | 5726 | मोहम्मदी | 6012 |
| श्रीनगर | 4815 | महोली | 4133 |
| लखीमपुर | 5077 | हरगांव | 3339 |

### पहली बार मतदान करेंगे 50205 युवा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इस बार 50205 युवा मतदाता पहली बार वोट डालेंगें। खीरी संसदीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा वोटर निघासन में हैं तो वहीं धौरहरा संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक युवा वोटरों की संख्या धौरहरा विधानसभा में है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही 18 साल की आयु पूरी करने वालों युवाओं के वोट बनने शुरू हो गए। निधारित अवधि में खीरी संसदीय क्षेत्र के 26445 और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के 23760 युवाओं ने लोकतंत्र के महायज्ञ में आहुति डालने के लिए वोट बनवाए।

**सांसद चुनने के लिए वोट डालेंगे 28 लाख 66 हजार मतदाता**

| वर्ष | वोट (%) |
|---|---|
| 1952 | 59.9 |
| 1957 | 38.11 |
| 1962 | 43.1 |
| 1967 | 47.1 |
| 1971 | 32 |
| 1977 | 48.1 |
| 1980 | 38.3 |
| 1984 | 51.6 |
| 1989 | 47.9 |
| 1991 | 48 |
| 1996 | 40.2 |
| 1998 | 52.4 |
| 1999 | 57 |
| 2004 | 49.2 |
| 2009 | 54.6 |
| 2014 | 63.5 |
| 2019 | 66.2 |

# नगर पालिका में मॉडल, आर्य कन्या कॉलेज में बना पिंक बूथ

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिले में मतदान के लिए मॉडल से लेकर पिंक बूथ बनाए गए हैं। इनको बनाने के लिए रविवार को नगर पालिका से लेकर आर्यकन्या इंटर कॉलेज में तैयारियां चलती रही। नगर पालिका परिषद में मॉडल बूथ बनाया जा रहा है तो वहीं आर्यकन्या इंटर कॉलेज में महिलाओं के लिए पिंक बूथ। रविवार को नगर पालिका परिसर में मॉडल बूथ बनाने का दौर देर शाम तक चलता रहा। कर्मचारी सारी सुविधाओं युक्त बूथ तैयार कराने में लगे रहे। नगर पालिका में बने मॉडल बूथ पर मतदाताओं को बैठने के लिए सोफा एवं सेल्फी लेने सेल्फी प्वाइंट और पीने के लिए आरओ का शीतल व स्वच्छ जल मिलेगा। वहीं महिलाओं के लिए आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पिंक बूथ बना है। इस बूथ पर महिलाएं वोट करेगीं। इनके लिए बूथ को गुलाबी रंग से सजाया संवारा गया है। इस बूथ पर भी छाया से लेकर पीने के लिए शीतल जल का इंतजाम रहेगा। इन बूथों पर विकलांग से लेकर बीमार मतदाताओं को व्हीलचेयर तक की सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें वोट डालने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।


नगर पालिका परिषद में तैयार किया जा रहा मॉडल बूथ।

जुनून | लोकसभा और विधानसभा के अब तक लड़ चुके हैं 11 चुनाव, सभी चुनावों में मिली पराजय, इस बार भी ठोंक रहे हैं ताल

# चुनाव लड़ने का ऐसा जुनून, राहुल-अटल के खिलाफ लड़े नरेश सिंह भदौरिया

कामता सिंह कुशवाहा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** पोल खोल पार्टी के राष्ट्रीय संस्थापक नगर निवासी नरेश सिंह भदौरिया को बड़े चुनाव लड़ने का अजीब ही शौक है। लखनऊ से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, अमेठी से राहुल गांधी और अमृतसर से नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ वह चुनाव लड़ चुके हैं। अभी तक उनके हिस्से में पराजय ही आई है, लेकिन वह अपने शौक को आज भी जिंदा रखे हैं। इस बार खीरी लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंक रहे हैं।


नरेश सिंह भदौरिया।


कुछ इस अंदाज में चुनाव प्रचार करते रहे नरेश सिंह भदौरिया। (फाइल फोटो)

नगर के भूड़ मोहल्ले में रहने वाले नरेश सिंह भदौरिया की गांव में पर्याप्त खेती है। वह शौक के लिए तहसील में वकालत करते हैं, लेकिन राजनीति में उनकी खास दिलचस्पी है। 1990 के दशक से राजनीति के गिरते स्तर पर चिंतन करते हुए पोल खोल पार्टी बनाकर नेताओं की पोल खोलने के लिए तमाम तरीके से प्रचार करते हैं। वह अपने चुनाव प्रचार में स्वयं जूते की माला पहनकर, राक्षसी मुखौटा लगाकर और जादू आदि का प्रदर्शन दिखाकर नेताओं की स्थिति का बखान करते हैं। भदौरिया बताते हैं कि राजनीति का इतना स्तर गिर गया है कि नेता निजी स्वार्थ के लिए जनमानस को बेवकूफ बनाने का प्रयास करते हैं, जबकि जनता अब उनसे ज्यादा होशियार हो चुकी है। कहते हैं कि वह चुनाव जीतने के लिए नहीं वरन अपना मैसेज समाज और जनता को देने के लिए उनके बीच में जाते हैं। यही उनके चुनाव प्रचार का तरीका है। अक्सर देखा गया है कि जब बड़े नेता चुनाव लड़ते हैं तो उनके सामने चेहरे महत्वपूर्ण हो जाते हैं और मुद्दे कमतर आंक दिए जाते हैं। वह सिर्फ चुनाव जनता के मुद्दों को लेकर ही मैदान में उतरते हैं। भले ही जीत मिले या हार या फिर जमानत जब्त हो जाए इस बात की उन्हें कोई चिंता नहीं है।

### पहली बार 1999 से शुरुआत कर अमेठी-अमृतसर तक लड़ आए चुनाव

उन्होंने 1999 में लोकसभा का पहला चुनाव खीरी लोकसभा सीट से लड़कर शुरुआत की और अमेठी अमृतसर तक चुनाव लड़ आए। 2004 के चुनाव में वह खीरी छोड़कर लखनऊ चले गए, जहां तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के खिलाफ चुनाव लड़ गए। इसके बाद खीरी लोकसभा से वह भाजपा के फायर ब्रांड नेता विनय कटियार के खिलाफ भी मैदान में उतरे। 2009 के लोकसभा चुनाव में वह अमृतसर पहुंच गए और नवजीत सिंह सिद्धू के खिलाफ चुनाव लड़े। 2014 में भदौरिया अमेठी से राहुल गांधी के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि सभी चुनाव में उन्हें पराजय का मुख देखना पड़ा। नरेश सिंह भदौरिया अपने जिले से लेकर दूसरे जिलों और राज्यों में जाकर भी चुनाव लड़ चुके हैं। उनके चुनाव लड़ने की वजह से उन्हें कई दिनों तक अपने काम से दूर रहना पड़ा है, लेकिन उन्हें इस बात का खास मलाल नहीं है।

बैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 13 मई 2024
वर्ष 34, अंक 106, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



प्लेऑफ के और करीब पहुंची सीएसके 13

संजय दत्त पर फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी 14



## बदरीनाथ धाम के खुले कपाट

**देहरादून।** बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को शुभ मुहूर्त पर सुबह छह बजे पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोल दिए गए। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने भगवान बद्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना कर सबके लिए मंगलकामना की।

### लोकसभा चुनाव का चौथा चरण आज : इस चरण में प्रदेश की सभी सीटों पर वर्चस्व बनाए रखने को जूझेगी भाजपा

# अखिलेश की प्रतिष्ठा और टेनी की छवि का इम्तहान

- भाजपा ने 2019 में उन सभी 13 सीटों पर जीत हासिल की थी जहां आज मतदान
- कन्नौज से सपा प्रमुख अखिलेश यादव और खीरी में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की जिन 13 सीट पर सोमवार को मतदान है उनमें से सभी पर 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी। इस चरण में कन्नौज सीट से उम्मीदवार मुख्य विपक्षी दल के नेता अखिलेश यादव की प्रतिष्ठा तो वहीं खीरी सीट पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की छवि का इम्तहान होना है। पिछले चुनाव में कन्नौज सीट सपा से भाजपा ने छीन ली थी। खीरी में लखीमपुर कांड से विवादित हुए अजय टेनी को आगे कर भाजपा को भी अग्निपरीक्षा देनी होगी।

कई सीटों पर कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी सत्तापक्ष के उम्मीदवारों को टक्कर दे रहे हैं। ऐसे में सभी सीटों को जीतना भाजपा के लिए चुनौती है।

कन्नौज, खीरी और उन्नाव में भाजपा के लिए चुनौती ज्यादा दिखती है। सपा 1998 से लगातार कन्नौज से जीत रही थी लेकिन, 2019 में भाजपा ने उसका विजय रथ रोक दिया था। भाजपा ने यहां फिर सुब्रत पाठक को ही सामने किया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को पराजित किया था। इस बार पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव खुद चुनाव मैदान में हैं। लखीमपुर खीरी सीट पर भाजपा ने एक बार फिर अजय मिश्रा टेनी पर भरोसा जताया है। टेनी पिछले लोस चुनाव 2019 में जीतने के बाद केन्द्र सरकार में गृह राज्य मंत्री बने। 2020-21 हुए किसान आंदोलन के समय से सबसे विवादित चेहरों में शामिल रहे हैं। इस नजरिए से उनके लिए हैट्रिक लगाना एक बड़ी चुनौती है। सपा ने पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा और बसपा ने अंशय कालरा को उतारकर अजय मिश्र की घेराबंदी की है।

उन्नाव से मौजूदा सांसद साक्षी महाराज को भाजपा ने फिर से प्रत्याशी बनाया है। उनके मुकाबले यहां कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल हुई अन्नू टंडन को सपा से प्रत्याशी बनाया गया है। अन्नू टंडन के साथ यहां इस बार कांग्रेस और सपा दोनों का जहां वोटबैंक है। वहीं, बसपा से अशोक पांडेय मैदान में हैं।



### इन सीटों पर आज मतदान

चौथे चरण में सोमवार को जिन 13 सीटों पर मतदान है उनमें शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कानपुर, कन्नौज, अकबरपुर और बहराइच शामिल हैं। इन लोस सीट पर कुल 130 उम्मीदवार मैदान में है।

## एक नजर

### झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का समन

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री एवं कांग्रेस नेता आलमगीर आलम को धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए 14 मई को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने पिछले सप्ताह आलम के निजी सचिव संजीव लाल (52) और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम (42) को उनसे जुड़े एक फ्लैट से 32 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि 70 वर्षीय आलम को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए मंगलवार को रांची में ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। धन शोधन मामले की जांच राज्य ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार से संबंधित है। इस मामले में ईडी ने लगभग 36.75 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है।

### मिर्जापुर से रमेश बिंद और रॉबर्ट्सगंज से छोटेलाल बने सपा उम्मीदवार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश ने मिर्जापुर सीट पर भाजपा सांसद रमेश बिंद को सपा का उम्मीदवार बनाया है। रमेश बिंद भदोही से सांसद हैं। यहां रमेश बिंद के सामने एनडीए प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा रॉबर्ट्सगंज से छोटेलाल खरवार को सपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। छोटेलाल ने 15 दिन पहले ही सपा का दामन थामा है।

# 4 जून के बाद प्रदेश को माफिया मुक्त राज्य घोषित करेंगे : योगी

## मुख्यमंत्री ने कहा-माफिया की संपत्ति जब्त कर गरीबों को करेंगे आवंटित

- माफिया की अवैध जमीनों पर बनाए जाएंगे स्कूल-अस्पताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही चार जून के बाद हमारी सरकार प्रदेश को माफिया मुक्त राज्य घोषित करेगी। इसके लिए बकायदा एक कट-ऑफ तारीख दी जाएगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक माफिया द्वारा अर्जित संपत्तियों को जब्त करके उसे गरीबों, अनाथों, महिला संरक्षण गृहों और दिव्यांगों के घरों के लिए आवंटित कर दिया जाएगा। यह बातें मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार रात एक निजी टीवी चैनल से साक्षात्कार के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया की अवैध जमीनों पर अस्पताल और स्कूल बनाए जाएंगे। पहले चरण में माफिया को टारगेट किया जाएगा और दूसरे चरण में उनके गुर्गों की संपत्तियां भी जब्त की जाएंगी। इसके लिए हमारी कार्य योजना भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने के आरोपों पर कहा कि ये उस महाभारत परिवार के एक और काका श्री हैं। जब द्रौपदी का चीरहरण हो रहा था, तो दुर्योधन और दुशासन के सामने हर कोई चुप था। जैसी करनी वैसी भरनी चाहे वह आजम खां हों या कोई माफिया सरगना।



अमेठी में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी साथ में पार्टी प्रत्याशी स्मृति ईरानी। ● अमृत विचार

### फिर वे गाएंगे, चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि 4 जून के बाद इनको पूछने वाला कोई नहीं होगा। ये गाएंगे, ''चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना''। योगी ने कहा कि राहुल मुझसे लिखित में ले सकते हैं कि उनका गठबंधन उप्र. में सभी सीटें हार जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा राहुल गांधी का पुराना रिकार्ड रहा है कि जब भी उन पर कोई संकट आता है तो वह देश छोड़कर चले जाते हैं।

### अमेठी में बोले योगी - कांग्रेस को वोट गया तो लगेगा गो हत्या का पाप

**गौरीगंज (अमेठी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी के गौरीगंज में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रविवार को कहा कि जनता साफ-साफ कह रही है जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे, देश में तीसरी बार फिर भाजपा की सरकार बनाएंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचते ही जनसमूह से जय श्रीराम और बुलडोजर बाबा जिंदाबाद का उद्घोष हुआ। अपने उद्बोधन में योगी ने कांग्रेस पर गो हत्यारों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। कहा कि ऐसे में अगर भूल से भी हमारा वोट कांग्रेस को गया तो हमें गो हत्या का पाप लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, जब हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को चक्कर आने लगता है।

### वे चाहेंगे कि मुसलमान लुंगी पहनें और दौड़ें

एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा कि जो भी दंगा करेगा उस पर डंडा तो चलेगा ही। प्रदेश में दंगा करने वालों को सात पीढ़ी तक जुर्माना भरना होगा। वहीं, कुछ इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा गजवा-ए-हिंद के बारे में बोलने पर योगी ने कहा, कयामत के दिन तक गजवा-ए-हिंद नहीं होने वाला है। भारत, भारत ही रहेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग हमारे समाज का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं, वे कभी मुसलमानों के हितैषी नहीं हो सकते। वे हमेशा चाहेंगे कि मुसलमान लुंगी पहनें और दौड़ें।

## चीन से वापस लेंगे जमीन और मुफ्त देंगे इलाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को 'केजरीवाल की गारंटी' की घोषणा करते हुए केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर भारतीय जमीन को चीनी कब्जे से 'मुक्त' कराने समेत 10 कार्य गिनाए और कहा कि इन्हें युद्ध स्तर पर किया जाएगा।



- 'आप' प्रमुख केजरीवाल ने की अपनी 10 गारंटी की घोषणा

रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने कहा कि लोगों को 'मोदी की गारंटी' और 'केजरीवाल की गारंटी' के बीच चुनाव करना पड़ेगा। 'आप' नेता ने कहा कि मैंने इसके बारे में अपने 'इंडिया' गठबंधन के साझेदारों से चर्चा नहीं की है। मैं इन गारंटी को पूरा करने के लिए अपने इंडिया गठबंधन के साझेदारों पर दबाव डालूंगा। 'केजरीवाल की गारंटी' पर उन्होंने कहा कि चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं तथा हर साल युवाओं के लिए दो करोड़ नौकरियां सृजित करना इसका हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराएंगे।

## महिलाओं को धमका रहे टीमएसी के गुंडे

बैरकपुर/हुगली, एजेंसी



- प्रधानमंत्री बोले-संदेशखालि के दोषियों को बचा रही तृणमूल कांग्रेस
- चुनावी सभा में बोले-जब तक मोदी है सीएए को कोई रद नहीं कर सकता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर 'वोट बैंक' की राजनीति का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 'गुंडे' दोषियों को बचाने के लिए संदेशखालि की प्रताड़ित महिलाओं को धमकी दे रहे हैं। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आने के बाद पिछले कुछ समय से भाजपा और प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जोरों पर है। मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के शासन में राज्य में हिंदू दोयम दर्जे के नागरिक बन गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक मोदी है, कोई भी सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) को कोई रद नहीं कर सकता।

### संदेशखालि के बारे में झूठ बोल रहे प्रधानमंत्री

**बारासात।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर संदेशखालि के बारे में लगातार झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को सवाल किया कि वह राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोपों पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।



### एक और वीडियो : 70 महिलाओं को रुपये देने का दावा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बहुचर्चित संदेशखालि घटना के संबंध में एक और कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें एक स्थानीय भाजपा नेता यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दो-दो हजार रुपये दिए गए हैं। शाहजहां शेख पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने और ग्रामीणों की भूमि हड़पने का आरोप है। कथित वीडियो 45 मिनट से ज्यादा का है, जिसमें संदेशखालि मंडल अध्यक्ष गंगाधर कयाल जैसे दिखने वाले एक व्यक्ति ने प्रश्नकर्ता को यह बात कही।

## जाति जनगणना के जरिये देश का एक्स-रे करेगी कांग्रेस : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस नेता ने अरबपतियों वाले बयान पर मोदी को घेरा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी जाति आधारित जनगणना के जरिये देश का 'एक्स-रे' करेगी। उन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उसे टेम्पो वाले अरबपतियों से मिले 'नोटों को गिन' रही है तब उनकी पार्टी समानता सुनिश्चित करने के लिए जाति आधारित जनगणना कराएगी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रधानमंत्री मोदी की उन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिनमें कहा गया है कि कांग्रेस को अडाणी और अंबानी से टेम्पो में भरकर नकदी प्राप्त हो रही है। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वे पिछले 10 सालों से 'टेम्पो वाले अरबपतियों' से मिले 'नोट गिन' रहे हैं। हम 'जाति आधारित जनगणना' के माध्यम से देश का 'एक्स-रे' करेंगे और हर वर्ग के लिए समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पार्टी का एक विज्ञापन भी साझा किया जो जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर सरकार पर हमला करता है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से सामाजिक-आर्थिक जनगणना पर अपने विचार साझा करने के लिए भी कहा है। पार्टी ने घोषणापत्र में जाति आधारित जनगणना का वादा किया है।

### मोदी सीबीआई और ईडी से करा लें जांच

राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस बात की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने का आदेश देना चाहिए कि क्या अडाणी और अंबानी ने उन्हें काला धन भेजा था?



# मतदेय स्थलों की जवानों ने संभाली सुरक्षा

## चप्पे-चप्पे पर रहेगी फोर्स, 24 कंपनी अर्द्धसैनिक बल, एक प्लाटून पीएसी और 5669 पुलिस के जवान तैनात

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लोकसभा की खीरी और धौरहरा सीटों पर सोमवार की सुबह सात बजे मतदान शुरू हो जाएगा। पुलिस के साथ ही अर्द्धसैनिक बलों के जवान बसों से रविवार की शाम तक सभी मतदेय स्थलों पर पहुंच गए। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सकुशल संपन्न कराने के लिए सीएपीएफ, एसएपी की 24 कंपनी, 01 प्लाटून, पीएसी की 01 कंपनी व 01 प्लाटून, प्रदेश के अन्य जिलों से आए 793 निरीक्षक, उपनिरीक्षक, 6561 सिपाही के अलावा जिले के 4780 होमगार्ड व 150 पीआरडी जवानों को लगाया गया है। यह सभी जवान बसों से मतदेय स्थलों पर पहुंच गए हैं और अपना डेरा डाल दिया है। इनके कंधे पर मतदाताओं की सुरक्षा की भी जिम्मेदारी है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि फोर्स मतदेय स्थलों पर सकुशल पहुंच चुका है। किसी भी समस्या होने पर लोग यूपी 112 पुलिस को भी सूचित कर सकते हैं। मतदान केंद्रों के आसपास खुफिया विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी निगाह रखेंगे।

### राजापुर मंडी से हाईवे तक लगा जाम



मतदान पार्टियों को लेकर जा रहे वाहनों से लगा जाम। अमृत विचार

**लखीमपुर खीरी।** पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर ट्रैफिक पुलिस का बनाया गया प्लान कोई खास राहत नहीं दे सका। राजापुर मंडी से जब वाहन मतदान पार्टियों को लेकर रवाना होने लगे तो राजापुर मंडी से लेकर राजापुर पुलिस चौकी हाईवे तक जाम लगा रहा। हालांकि ट्रैफिक पुलिस ने रूट डावर्जन लागू कर छोटे और बड़े वाहनों का सौजन्या चौराहा के पास से डीसी रोड पर डायवर्ट कर दिया था, लेकिन पैदल और साइकिलों से आने-जाने वाले राहगीर जाम में फंस गए। उन्हें राजापुर मंडी से पांच सौ मीटर दूरी तय करने में पसीने छूट गए।

**समस्या पर इन नंबरों पर करें कॉल**
यातायात कंट्रोल रूम-9454844045
जिला नियंत्रण कक्ष-9454417444
चुनाव सेल प्रभारी(पुलिस)- 700755385

### इन दस्तावेजों को दिखाकर कर सकते हैं मतदान

आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र, और यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को मान्य किया गया है।

### फोटो मैच न होने पर प्रस्तुत करना होगा ये दस्तावेज

जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र दिखाता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से जारी किया गया है। ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकृत किये जायेंगे। शर्त यह होगी कि निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है। उस मतदेय स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो। तब मतदाता को दिए गए वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को दिखाना होगा।

### लोकसभा चुनाव को लेकर 2063 लोगों पर हुई कार्रवाई

**भीरा, अमृत विचार :** थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए 1950 लोगों को मुचलका पाबंद किया गया है। 70 लोगों पर 110 जी व 18 लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। 13 लोगों का शस्त्र अधिनियम में चालान किया जा चुका है। 10 लोगों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है। 36 लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है।

## ड्यूटी आदेश लेने नहीं पहुंचा सहायक अध्यापक, निलंबित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** राजापुर मंडी से पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान एक शिक्षक के अनुपस्थित रहने पर बीएसए ने उसे निलंबित कर दिया है। बीएसए ने शिक्षक को निलंबन अवधि तक पलिया के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में हाजिरी लगाने के निर्देश दिए हैं।

लोकसभा चुनाव के तहत मतदान संपन्न कराने के लिए बेसिक के अधिकतर शिक्षकों को लगाया गया। रविवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर चुनाव में लगे सभी कर्मचारियों को राजापुर मंडी में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। मगर, पलिया ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय निबुआ बोझ के सहायक अध्यापक रामप्रकाश ड्यूटी लेने के लिए ही नहीं पहुंचे। इसकी जानकारी होने पर बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने शिक्षक को निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर पलिया के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया है।

## सार-संक्षेप

### किशोरी का खेत में पेड़ से लटका मिला शव

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गोविंदापुर में एक 16 वर्षीय किशोरी का शव रविवार को पेड़ में लटका देखे जाने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख कर विलख पड़े। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। गांव गोविंदापुर के ग्रामीण रविवार की दोपहर करीब एक बजे खेतों की तरफ गए थे। इसी बीच उनकी नजर खेत में लगे एक पेड़ से लटक रही किशोरी के शव पर पड़ी। इससे उनमें हड़कंप मच गया। शव लटका होने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। शव की शिनाख्त गांव के ही रमेश पासी की पुत्री शिका के रूप में हुई। ग्रामीणों की सूचना पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उसका शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। परिवार वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है। वह आत्महत्या की वजह भी नहीं बता पा रहे हैं। जंगबहादुरगंज चौकी प्रभारी राहुल सिंघल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह पता चल सकेगी।

### मातृ दिवस पर विद्यार्थियों ने मतदान के लिए किया जागरूक

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में मातृ दिवस कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के 60 विद्यार्थियों की माताओं ने प्रतिभाग किया। मां के प्रति प्रेम, सम्मान, कृतज्ञता व्यक्त करने पर चर्चा की। प्रधानाचार्य डॉ. पूनम वर्मा ने कहा कि मां की बराबरी इस संसार में कोई नहीं कर सकता। मां के लिए जितना भी करो कम है। मां सिर्फ बच्चे को जन्म ही नहीं देती बल्कि उसका पालन पोषण करने के साथ ही जीवन के हर सुख दुख में साथ खड़ी रहती है। शिक्षिका याचना वर्मा, संध्या पांडेय ने भी अपने विचार रखे। सभी ने लोगों को स्वयं मतदान करने तथा दूसरों से मतदान कराने के लिए प्रेरित किया। बच्चों द्वारा बनाए गए सेल्फी प्वॉइंट पर माताओं ने अपने बच्चों के साथ सेल्फी ली।




मां के साथ सेल्फी लेती छात्रा।

### पत्रकार रक्षक एकता की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा



संसारपुर की बैठक में आई कार्ड के साथ पदाधिकारी। अमृत विचार

**संवाददाता, संसारपुर, अमृत विचार :** कस्बा संसारपुर में रविवार की दोपहर हुई पत्रकार रक्षक एकता सेवा संघ की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा कर पदाधिकारियों को आई कार्ड वितरित किए गए। जिला कार्यालय पर संगठन के जिलाध्यक्ष पीयूष दीक्षित की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष पीयूष दीक्षित ने कहा कि पत्रकार देश का चौथा है। संगठन केवल पत्रकारों की नहीं बल्कि गरीब, मजदूरों के हितों की अपनी कलम के जरिए रक्षा करेगा। बैठक में सुनील कुमार, अनुराग मिश्रा, शाबान सिद्दीकी, हरिओम मिश्रा, रजनीश कुमार, शिवकांत शुक्ला, विजय कुमार आदि रहे।

## फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से रुपये निकालने वाले आरोपी का चालान

▸▸ तीन दिन से पुलिस की हिरासत में था आरोपी

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** कस्बे की इंडियन बैंक शाखा से फर्जी हस्ताक्षर बनाकर दूसरे के खाते से रुपये निकालने के मामले में पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने तीसरे दिन चालान भेजा है।

थाना निघासन के बरूही फार्म मजरा दुबहा निवासी जसवंत सिंह का इंडियन बैंक शाखा में है। छह मई को उनके खाते से किसी ने 15 हजार रुपये फर्जी हस्ताक्षर कर निकाल लिए थे। इसकी जानकारी होने पर खाता धारक ने इसकी शिकायत शाखा प्रबंधक विजय चावड़ा से की थी। 10 मई को आरोपी फिर बैंक शाखा पहुंचा और जसवंत सिंह के खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर 35 हजार रुपये निकालने की कोशिश की थी। शक होने पर कैशियर ने उसे पकड़ लिया था और मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल, दो डायरी, एक फर्जी पासबुक, दो विड्रॉल फार्म, व इण्डियन ओवरसीज बैंक कार्ड बरामद हुआ था। पुलिस ने खाताधारक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने मौके से गिरफ्तार पंजाब के थाना फतेगढ़ टुडिया जनपद गुरदासपुर निवासी महेंद्र पाल का रविवार को चालान भेजा है।

## पूर्व प्रधान के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

▸▸ छोटी बहन की शादी में शामिल होने परिवार समेत मायके गई थी पूर्व प्रधान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव जहानपुर में चोरों ने पूर्व प्रधान के घर का ताला तोड़ दिया और 13 हजार रुपये की नगदी समेत करीब चार लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस को शक है कि घटना में पूर्व प्रधान के किसी नजदीकी का हाथ है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।

जहानपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान किरन देवी ने बताया कि उनकी छोटी बहन की शादी थी। वह 10 मई को बच्चों के साथ अपने मायके शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। घर के मेन गेट से लेकर सभी कमरों में ताले पड़े थे। वह शादी समारोह से वापस घर पहुंची और मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गईं तो सभी कमरों के ताले टूटे मिले। दरवाजे खुले थे। कमरों में सामान बिखरा पड़ा हुआ था। यह देख उनके होश उड़ गए। पूर्व प्रधान के घर चोरी की खबर मिलते ही गांव में दहशत व्याप्त हो गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। पूर्व प्रधान ने बताया कि चोर 13 हजार रुपये नगद, गेग्लेस, झाला, सोने का हार, दो जोड़ी अंगूठी, पायल समेत करीब चार लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए।

पूर्व प्रधान ने गांव के ही एक युवक पर चोरी करने का शक जताया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने बताया कि घटना में पूर्व प्रधान के किसी करीबी के शामिल होने की आशंका है। पुलिस हर पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### परसेहरा में एक ही रात दो घरों से लाखों की चोरी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम परसेहरा में एक ही रात में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर नकदी, जेवर सहित लाखों की चोरी कर ली है। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने छानबीन तो शुरू की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। परसरेहरा गांव में ढाकनलाल के घर चोर पीछे की दीवार से चढ़कर जीने में लगे लकड़ी के पल्ले की कुंडी तोड़कर घुस गए। कमरे की अलमारी तोड़कर चार जोड़ी पायल, तीन जोड़ी बिछिया, ब्रेसलेट, सोने के एक जोड़ी झाला, तीन जोड़ी पेंडिल, कुंडल और अल्मारी में रखे 1500 रुपये नकद, कपड़े आदि उठा ले गए। सुबह जागने पर ढाकनलाल ने कमरे का दरवाजा खुला देखा तो वह दंग रह गए। अलमारी की सेफ टूटी देख उन्हें चोरी की जानकारी हुई।

चोरों ने इसी रात में ही राकेश कुमार के यहां खिड़की का ग्रिल तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश कर अल्मारी और बक्सा का ताला तोड़कर पांच जोड़ी पायल, नाक के फूल, सोने की तीन चेन, एक जोड़ी झाला सहित पांच हजार रुपये नकद चोरी कर लिए हैं। दोनों पीड़ितों ने अजान चौकी और हैदराबाद थाना में तहरीर दी है, जानकारी मिलने पर चौकी प्रभारी जेपी यादव ने मौका मुआयना कर दोनों चोरियों का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया है। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। गांव के लोग बताते हैं कि इससे पहले भी गांव में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस ने अब तक उनका भी खुलासा नहीं किया है।

## संकुचित हो रही सड़कें, कभी भी हो सकता है हादसा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद और अधिकारियों की अनदेखी से नगर की सभी प्रमुख सड़कों का फुटपाथ तो अतिक्रमण से घिरा हुआ है। सड़क तक निर्माण सामग्री फैली होने से हादसे का भय बना हुआ है। अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं।

काफी लंबे समय से नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान न चलाए जाने से दुकानदारों ने सभी प्रमुख सड़कों के फुटपाथ पर स्थाई कब्जा कर उन पर सामान लगाना शुरू कर दिया है। जो सामान दिन भर लगा रहता है। इससे सड़कें संकुचित होती जा रही हैं। दोनों ओर से वाहन आ जाने पर जाम की स्थिति तो बनती ही है साथ ही स्कूल, कालेजों के समय छुट्टी होने पर विद्यार्थियों को घर पहुंचने में काफी कठिनाइयां होती है। इस वजह से छुटपुट घटनाएं भी होती रहती हैं। उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष कैलाशचंद गुप्त, जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी, तहसील के अधिवक्ता संदीप अवस्थी, सामाजिक कार्यकर्ता महेश पटवारी, लोकेश कुमार गुप्त, हंसराम स्वर्णकार आदि का कहना है कि कोतवाली की पीस कमेटी की बैठकों में सभी विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की पुरजोर मांग उठाई गई, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया, जिससे सड़कों पर अतिक्रमण तो बढ़ ही रहा है साथ ही लोगों में निर्माण सामग्री सड़क तक फैला दी है, इससे आवागमन बाधित होता है। शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया है।



गोला में सड़क तक बिखरी पड़ी बालू, मौरंग।

### सड़क तक बिखरी है बालू और मौरंग

नगर में काफी दिनों से अतिक्रमण हटाओं अभियान नहीं चलाया गय्या, जिससे दुकानदारों ने सभी सड़कों के फुटपाथ तक सामान लगाकर अतिक्रमण कर लिया है। लोकसभा चुनाव के बाद अभियान चलाकर फुटपाथ खाली कराया जाएगा, ताकि यातायात में कोई अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

-रत्नाकर मिश्र ईओ नगर पालिका परिषद/उपजिलाधिकारी गोला गोकर्णनाथ।

### मोहम्मदी रोड पर सड़क तक पड़ी बांस बल्ली




मोहम्मदी रोड पर लगा टिम्बर का सामान।

नगर की मोहम्मदी रोड यातायात की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण मानी जाती है। गोला से मोहम्मदी, शाहजहांपुर, बरेली, फर्रुखाबाद, हरदोई, दिल्ली तक की बसे इसी सड़क से दिन भर आती जाती रहती हैं। बाईपास के निकट बन रहे मकान स्वामी ने बांस, बल्ली, पटरा और अन्य निर्माण सामग्री सड़क तक फैला दी है, जिससे सड़क संकीर्ण हो गई है। ऐसे में दुर्घटनाओं का भय बना हुआ है।

### फुटपाथ तक पड़ी है बजड़ी



लखीमपुर रोड पर पड़ी बजड़ी।

लखीमपुर रोड के दुकानदारों और मकान बनवा रहे मकान स्वामियों ने भी फुटपाथ के बाद सड़क तक कब्जा कर रखा है। सड़क के निकट तक बजड़ी का ढेर लगा होने से वाहनों से निकलने वाले लोगों से साइड लेने तक की जगह नहीं बची है। ऐसे में दोनों ओर से वाहन आ जाने पर जाम की स्थिति बनती ही है साथ ही दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

## नेपाल सीमा से पांच किमी पहले ही रोक दिए गए वाहन



आवागमन बंद होने से परेशान खड़े नेपाली यात्री।

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** नेपाल जाने वाले यात्रियों को भारत-नेपाल सीमा पर स्थित गौरीफंटा बार्डर से पांच किलोमीटर पहले ही वनकटी वन बैरियर पर रोक दिया गया। इससे यात्री काफी परेशान हुए हैं।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में जिले की लोकसभा की खीरी और धौरहरा सीट पर 13 मई को मतदान है। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने मतदान से 72 घंटे पहले भारत-नेपाल सीमा पूरी तरह से सील कर दी थी। रविवार की सुबह भारत के विभिन्न राज्यों, महानगरों और शहरों से लोग जब वाहनों से अपने घर नेपाल वापस जा रहे यात्री जब दुधवा नेशनल पार्क के वनकटी वन बैरियर पर पहुंचे तो उनके वाहनों को रोक दिया गया। इसके अलावा अन्य वाहनों को भी जाने की इजाजत नहीं दी गई। जंगल के किनारे बने सुविधाविहीन वन बैरियर पर यात्रियों को घंटों खड़ा रहना पड़ा। इसके बाद तमाम यात्री पैदल, तो तमाम डग्गामार वाहनों से अधिक पैसे खर्च कर सीमा पर पर पहुंचे।



दुधवा टाइगर रिजर्व के वनकटी वन बैरियर पर खड़े वाहन। अमृत विचार

## आम यात्रियों के लिए मुसीबत बनी पोलिंग पार्टियों की रवानगी

▸▸ शाहजहांपुर की ओर जाने वाले मुसाफिर रहे बेबस

▸▸ गंतव्य तक जाने के लिए प्राइवेट वाहनों का लिया सहारा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सोमवार को होने वाले मतदान के लिए राजापुर मंडी से रविवार को पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। इसके लिए राजापुर चौकी से लेकर सौजन्या तिराहे तक वाहनों की नो एंट्री रही। ऐसे में रोडवेज बसों के बस अड्डे तक न आने से शाहजहांपुर और बरेली की ओर जाने वाले मुसाफिर बेबस रहे।

पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए राजापुर मंडी में वाहनों को अधिग्रहीत कर खड़ा कराया गया। जबकि पुलिस बल को भेजने के लिए पुलिस लाइन में वाहन खडे कराए गए। चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की रवानगी के लिए सौजन्य से राजापुर चौकी तक वाहनों का आना जाना बैन रहा। इसके लिए एक दिन पहले ही प्रशासन की ओर से रूट डायवर्जन जारी कर दिया गया था। ऐसे में बसों को नौरंगाबाद होकर डिपो तक पहुंचना था, लेकिन जेल रोड पर पुलिस बल के लिए वाहनों की वजह से लगने वाले जाम से बचने के लिए अधिकतर चालक परिचालक डिपो तक बसों को लाने से बचते रहे। ऐसे में गोला, मोहम्मदी, शाहजहांपुर से लेकर खुटार, पूरनपुर, पीलीभीत और बरेली जाने वाले मुसाफिर बसों के लिए परेशान होते रहे। बस अड्डा पहुंचने पर बसों के बाबत सटीक जानकारी न मिलने पर यात्री एलआरपी से प्राइवेट वाहन का सहारा लेकर गंतव्य तक जाने के लिए मजबूर हुए।



पुलिस बल की रवानगी के चलते जेल रोड पर लगा जाम। अमृत विचार



रोडवेज बस अड्डे पर खाली पड़ा शाहजहांपुर का काउंटर। अमृत विचार

### डग्गामार वाहनों के चालकों ने वसूला चार गुना अधिक किराया

**पलिया कलां, अमृत विचार :** पलिया से लखीमपुर, निघासन, संपूर्णानगर, चंदन चौकी, गौरीफंटा, मैलानी, गोला आदि स्थानों को आने-जाने वाली सभी प्राइवेट बसें चुनाव में लगी हुई हैं। वाहन न होने से यहां यात्री परेशान हुए। पलिया लखीमपुर प्राइवेट बस अड्डे पर बसों का सन्नाटा रहा। वाहनों की तलाश में भटकते रहे। डग्गामार जीपों व मैजिकों के चालक चार गुना किराया वसूल कर यात्रियों को गंतव्य स्थान लाते-ले जाते देखे गए।

### हावड़ा लालकुआं एक्सप्रेस आठ घंटे की देरी से पहुंची स्टेशन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** हावड़ा से लालकुआं जाने वाली समर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन ने रविवार को लेट होने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह ट्रेन आठ घंटे की देरी से लखीमपुर पहुंची। ऐसे में इस ट्रेन से आने वालों को रिसीव करने के लिए स्टेशन पहुंचे लोग मायूस होकर घर लौट गए। रेलवे ने ऐशबाग बरेली रूट पर तीन जोड़ी समर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू किया है। इनमें से एक ट्रेन लालकुआं से हावड़ा और दूसरी लालकुआं से वाराणसी एवं तीसरे ट्रेन रामनगर से ऐशबाग तक चलती है। हावड़ा से लालकुआं जाने वाली स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का समय लखीमपुर में सुबह 06 :10 मिनट पर है। मगर, रविवार को यह ट्रेन आठ घंटे की देरी से दोपहर 02 :16 मिनट पर लखीमपुर पहुंची। ऐसे में इस ट्रेन से आने वाले मुसाफिरों को लेने के लिए स्टेशन पहुंचे लोग आठ घंटे लेट होने की वजह से मायूस होकर घर लौट गए।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं **शरद चंद श्रीवास्तव व पूनम श्रीवास्तव व भावना श्रीवास्तव, पुत्र / पुत्री स्वर्गीय सुरेश चंद्र श्रीवास्तव निवासी-551के /ओ-1181, भिलावां, साकेतपुरी, आलमबाग, लखनऊ- 226005** के हैं। हमारे भवन संख्या- 551के/ 1181 मिनजुमला खसरा संख्या- 356 स्थित मिलावा, साकेतपुरी आलमबाग लखनऊ से संबंधित दस्तावेज जो घनश्याम गुलाटी के पक्ष में दिनांक 29/02 /1960 को निष्पादित हुआ था तथा नोटरी पावर आफ एटॉर्नी दोनों दस्तावेज कही गुम हो गए हैं। जिस किसी को मिले तो दिए गए पते पर दे दे। जिसका दुरुपयोग दंडनीय होगा।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम फ्रांसिस यादव उर्फ बब्लू पुत्र लक्ष्मन प्रसाद यादव था। अब वर्तमान में मैंने अपना नाम बदलकर फूल सिंह यादव कर लिया है। अतः अब मुझे **फूल सिंह यादव पुत्र लक्ष्मन प्रसाद यादव (जन्मतिथि 28-08-2001), निवासी- 57/58 मोहल्ला- वजीरहसन रोड, जिला-लखनऊ** 226001 से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाई स्कूल सीबीएसई वर्ष 2013 अनुक्रमांक - 5129977 के अंक पत्र में पिताजी का नाम त्रुटिवश GHYAN SHANKAR MISHRA अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक नाम GYAN SHANKAR MISHRA है। DEVANSH MISHRA S/O GYAN SHANKAR MISHRA, **निवासी- सेखुई कलां, जिला- बलरामपुर**

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# गंगा नहाने आए कानपुर के चार छात्र डूबे तीन को सकुशल निकाला, एक लापता

## पुराने यातायात पुल के नीचे नहा रहे थे, शाम तक गोताखोर गंगा में करते रहे तलाश

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर किदवई नगर बगाही भट्टा निवासी चार छात्र रविवार दोपहर पुराने यातायात पुल के नीचे गंगा नहाने आये थे, जहां चारों डूबने लगे। यह देख तट पर मौजूद गोताखोर दौड़े। जहां गोताखोरों ने तीन को बाहर निकाल लिया। वहीं एक छात्र गहरे पानी में चला गया। जिससे वह डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाकर काफी खोजबीन कराई लेकिन देर शाम तक उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका।


विशाल साहू।

किदवई नगर के बगाही भट्टा निवासी मिश्रीलाल साहू मजदूरी करते हैं। उनका 17 वर्षीय इकलौता बेटा विशाल घर से परेड किताबें खरीदने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद अपने साथी दीपक कश्यप (17), प्रिंस (16) व आदित्य (17) के साथ गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पुराने यातायात पुल व रेलवे पुल के बीच में गंगा नहाने के लिए दिन करीब साढ़े 11 बजे साइकिल से पहुंचे थे। इस दौरान चारों गंगा में नहा रहे थे तभी, दोपहर करीब डेढ़ बजे विशाल गहरे पानी में चला गया। यह देख दीपक, प्रिंस व आदित्य उसे बचाने के लिए दौड़े।

जिस पर चारों गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। चारों को डूबता देख वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिस पर गोताखोर दौड़े। जहां गोताखोरों ने दीपक, प्रिंस व आदित्य को सकुशल बाहर निकाल लिया। लेकिन, विशाल गहरे पानी में चला गया। जिससे उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका।

छात्र के डूबने की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। जिस पर गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने गोताखोरों को बुलाया और छात्र की तलाश के लिये उन्हंस गंगा में उतारा गया। देर शाम तक गोताखेरों ने रेलवे पुल, नवीन पुल से लेकर दूर तक लापता छात्र की खोजबीन करते रहे लेकिन उसकी कहीं कोई पता नहीं चल सका।


छात्रों से पूछताछ करते कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति। अमृत विचार

### पिता ने गंगा स्नान के लिए जाने से रोका था

**कानपुर।** सुबह मना किया था नदी में नहाने को, लेकिन वह बिना बताए चला गया। अगर बात मान लेता तो शायद यह हादसा न होता। यह बात गंगा नदी में डूबे विशाल साहू के पिता ने कही। आदित्य रविवार दोपहर साथियों के साथ परिजनों को बिना बताए शुक्लागंज में गंगा नहाने चला गया था। नहाने के दौरान चारों साथी डूबने लगे, जिस पर गोताखोरों ने तीन को बचा लिया। बगाही भट्टा निवासी मिश्रीलाल, पत्नी शिवलाली व दो बच्चे विशाल उर्फ आदित्य (17) व बेटी स्नेहा के साथ रहते है। मिश्रीलाल पल्लेदारी करते है। बताया कि विशाल इंटर का छात्र है। रविवार को अवकाश होने के कारण उसने स्कूल के साथी प्रिंश, दीपक व आदित्य के साथ शुक्लागंज जाकर गंगा स्नान की बात कही। जिस पर उन्होंने मना कर दिया था।

### हाईस्कूल और इंटर के थे चारों छात्र

- दीपक, प्रिंस, विशाल इंटर और आदित्य हाईस्कूल में पढ़ाई करते थे, चारों बाईपास स्थित राष्ट्रीया विद्यालय में पढ़ाई करते थे। चारों में अच्छी दोस्ती थी, जिस पर रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण गंगा नहाने के लिये घर से निकले थे।

### बचाने में गोताखोर भी डूबने लगा

- जिस समय चारों छात्र डूब रहे थे, तभी एक गोताखोर उन्हें बचाने के लिये दौड़ा। गोताखोरों को छात्रों ने पकड़ लिया। जिससे वह भी डूबने लगा। किसी तरह वह छात्रों से छुड़ाकर बाहर निकला।

### मदर्स-डे पर लाल के इंतजार में बिलखी मां

- रविवार को मदर्स-डे था। विशाल की बहन स्नेहा ने बताया कि भाई ने रात में मां के लिये पार्टी की बात कही थी। जिसके बाद वह गंगा में डूब गया। इसकी सूचना पर मां शिवलली का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## वार्ड ब्वॉय का रुपये लेते वीडियो वायरल

**उन्नाव।** जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती महिला के बेड पर साफ चादर व बेहतर इलाज के नाम पर वार्ड ब्वाय द्वारा रुपये लेने का वीडियो शोसल मीडिया में वायरल हुआ है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

प्रदेश सरकार सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क बेहतर इलाज व निजी अस्पताल जैसी सुविधाएं मरीजों को देने का दावा करती है। लेकिन, इनके स्वास्थ्य कर्मी आएदिन इसमें पलीता लगाते दिख जाते हैं। ताजा मामला जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का सामने आया है। जहां शुक्रवार को एक मरीज के तीमारदार से साफ चादर व अन्य सुविधाएं दिलाने के नाम पर एजेंसी से नियुक्त वार्ड ब्वाय का रुपये लेने का मामला सामने आया है। किसी ने रुपये लेने का वीडियो बनाकर शोसल मीडिया में वायरल कर दिया।

# फोरलेन पर खड़ी कार से बैग समेत चार लाख रुपये कीमत के जेवरात हुए पार

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

- पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंबिकापुरम निवासी एक दंपति कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी ॠषि नगर यूनियन कर्बाइड के पास फोरलेन पर कार रोक कर चाट बताशे खाने लगे। इसी दौरान सरेशाम अज्ञात चोरों ने कार के अंदर जेवर से भरा रखा बैग पार कर दिया। जानकारी होने पर दंपत्ति ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

अंबिकापुरम निवासी नीरज द्विवेदी अपने पत्नी लक्ष्मी द्विवेदी के साथ मिश्रा कॉलोनी में शादी की सालगिरह में शामिल होने गये थे। जहां रविवार शाम करीब छह बजे कार से दोनों वापस घर जा रहे थे, इस दौरान ॠषि नगर यूनियन कर्बाइड के पास कार रोकी और पति, पत्नी चाट बताशे खाने लगे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने कार का दरवाजा खोला और अंदर रखा जेवर से भरा बैग पार कर दिया। कुछ देर बाद दोनों वापस कार में पहुंचे। जहां बैग गायब देख उनके होश उड़ गये। उन्होंने आस पास ढूंढा लेकिन बैग नहीं मिली। जिस पर आस पास खड़े लोगों को जानकारी दी। जिस पर लोगों ने बताया कि तीन युवकों ने कार का दरवाजा खोला था। शायद उन्हें ने बैग पार कर दिया। नीरज ने बताया कि बैग के अंदर तीन सोने की अंगूठी, कान के बाले, एक चेन और मोबाइल समेत लगभग चार लाख के जेवर रखे हुये थे। सरेशाम चोरी की घटना होने पर आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई।


जेवर से भरा बैग गायब होने की जानकारी देती लक्ष्मी। अमृत विचार

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि पड़ताल की जा रही है। आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही चोरों का पता लगाया जायेगा।

# सीएचसी में तैयार हुए बेड, देखी व्यवस्था

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार को लोकसभा चुनाव होना है। जिसे देखते हुए जलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने गंगाघाट क्षेत्र के सभी अस्पतालों के प्रभारियों अलर्ट रहने को कहा है। इसके साथ ही सीएचसी में बारह बेड बनाये गये हैं। जिसकी हकीकत देखने के लिये रविवार को एसीएमओ पहुंचे। जहां उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को दिशा निर्देश दिये।

लोकसभा के मतदान के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिये आजाद नगर ठाकुर खेड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बारह बेड तैयार किये गये हैं। जो इमरजेंसी के दौरान काम आयेंगे। इतना ही नहीं चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने सभी चिकित्साधिकारियों को चौबीस घंटे के लिये अलर्ट मोड़ पर रखा है। सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. आर के गौतम रविवार दोपहर सीएचसी पहुंचे। जहां उन्होंने सीएचसी का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी चुनाव के दौरान चौबीस घंटे ड्यूटी पर रहेंगे। जिससे अस्पताल आने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

## महिला करंट की चपेट में आने से झुलसी

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत चहोलिया गांव निवासी रुकसाना (50) पत्नी इखलाख करंट की चपेट में आकर झुलस गई। बताया कि पंखे में आ रहे करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गई। जिसे आनन-फानन बांगरमऊ सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

# आज 23 लाख मतदाता तय करेंगे आठ उम्मीदवारों का भविष्य

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- शाम तक जारी रहा पोलिंग पार्टियों को रवाना किए जाने का सिलसिला

**अमृत विचार।** शहर के दोस्ती नगर स्थित अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही गहमा-गहमी दिखने लगी थी। यहां जिले के 2498 बूथों पर मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन में पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। भाजपा से साक्षी महाराज, सपा से अन्नू टंडन, बसपा से अशोक पांडेय समेत आठ उम्मीदवार यहां मैदान में हैं।

जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान शुरू कराने के लिए तय कार्यक्रम के अनुसार रविवार सुबह 10 बजे से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने का सिलसिला शुरू हुआ। इसके लिए रवानगी स्थल पर अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए काउंटर स्थापित कर पीठासीन अधिकारियों से सहित अन्य कार्मिकों को मतदान सामग्री उपलब्ध कराई जाती रही। मतदान पार्टियां ईवीएम व वीवीपैड सहित अन्य मतदान सामग्री प्राप्त कर इधर-उधर बैठकर सूची से सामग्री का मिलान करते रहे। सभी सामान का मिलान करने के बाद ही मतदान कार्मिक गंतव्य के लिए रवाना होने को उपलब्ध कराए गए वाहनों पर सवार हुए। इस दौरान रवानगी स्थल पर लगे लाउडिस्पीकर से टीमों को रवाना होने के लिए निर्देशित किया जाता रहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी के अलावा कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना व उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम नरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी सुबह से देर शाम तक रवानगी स्थल पर मौजूद रहकर काउंटरों का निरीक्षण करते रहे।


काउंटर पर मतदान सामग्री प्राप्त करते मतदान कार्मिक। अमृत विचार


मतदान सामग्री आवंटित कराने के बाद मिलान करते कार्मिक। अमृत विचार

### जिले में कुल मतदाता

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 2341740 |
| पुरुष मतदाता | 1244745 |
| महिला मतदाता | 1096903 |
| अन्य मतदाता | 92 |
| जिले में पोलिंग सेंटर | 1680 |
| जिले में पोलिंग बूथ | 2498 |
| सेक्टर मजिस्ट्रेट की संख्या | 250 |
| जोनल मजिस्ट्रेट की संख्या | 26 |
| माइक्रो आब्जर्वर्स की संख्या | 250 |

### गंगाघाट में 69 मतदान केन्द्र व 141 बूथों पर होगी वोटिंग

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में इस बार 69 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। जिसमें 141 बूथ भी बनाये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर मातहतों ने मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं, आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो जायेगा। थाना क्षेत्र में 69 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, वहीं 141 बूथों पर मतदान होगा। इसके लिए बूथों को सुसज्जित करने का काम पूरे दिन चलता रहा। लोकतंत्र के त्योहार को देखते हुए नगर पालिका पोलिंग बूथ की सजावट की गई है। पालिका गेट को पन्नियों की झालरों से सजाया गया है। नेतुआ लेखपाल अशोक सैनी ने सुबह से शाम तक नगर पालिका क्षेत्र के पोलिंग बूथों पर तैनात किए जाने वाले बीएलओ को चुनाव सामग्री मुहैया कराई। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी चुनाव सामग्री पहुंचाई गई है। बीएलओ पोलिंग बूथ से दो सौ मीटर दूर बैठेंगे, जहां छूटे हुए मतदाता अपनी पर्चियां प्राप्त कर सकते हैं। बीएलओ के पास प्रारूप सात क जिसमें उम्मीदवारों की सूची मौजूद रहेगी। बीएलओ के पास अन्य सामग्री मौजूद रहेगी। जिसमें वोटिंग करने की सारी जानकारी रहेगी।

### पालिका में बनाया गया युवा बूथ

- लोकतंत्र के पर्व में युवाओं की अहम हिस्सेदारी रहती है। जिसे देखते हुये जिला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नगर पालिका गंगाघाट में युवा बूथ बनाया गया। जहां युवाओं के लिये सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया।


सामग्री लेकर वाहनों पर सवार होने जाते मतदान कार्मिक। अमृत विचार

### रवानगी स्थल पर डेरा जमाए रहे प्रेक्षक

- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात किए गए सामान्य प्रेक्षक बाबू ए भी रवानगी स्थल में देर तक डेरा जमाए रहे। उन्होंने विभिन्न अधिकारियों के साथ ईवीएम के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम सहित पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री उपलब्ध कराने वाले काउंटरों पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के अलावा कर्मचारियों से भी सवाल-जवाब का सिलसिला जारी रखा।

### नाकाफी साबित हुए छाया के इंतजाम

- प्रेक्षक के निर्देश पर डीईओ द्वारा रवानगी स्थल पर मतदान कार्मिकों को धूप से बचाव के लिए छाया उपलब्ध कराने को किए गए प्रबंधन कम साबित होते रहे। तमाम कर्मचारी मतदान सामग्री का मिलान पेड़ों के नीचे बैठकर करते दिखाई दिए। कर्मचारियों का कहना था कि हर बार चुनाव में ऐसा ही होता है।

### मतदाता पहचान पत्र के वैकल्पिक दस्तावेज

- पासपोर्ट
- ड्राइविंग लाइसेंस
- आधार कार्ड
- पैन कार्ड
- मनरेगा जाब कार्ड
- फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
- बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक
- राज्य, केंद्र सरकार व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र
- श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड

### निजी वाहनों से भी रवाना हुए कार्मिक

जिला प्रशासन की ओर से सभी पोलिंग पार्टियों को उनके मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त वाहनों का इंतजाम किया गया था। इसके बाद भी कुछ पोलिंग पार्टियों में शामिल मतदान कार्मिक निजी वाहनों से रवाना होते दिखाई दिए।

## सार-संक्षेप

### स्वास्थ्य मेले में 43 मरीजों का चिकित्सकों ने किया परीक्षण

**शुक्लागंज।** राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान और डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। प्रभारी ने बताया कि पीएचसी में 43 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल में भर्ती मरीज की चेन व रुपये चोरी

**उन्नाव।** जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती महिला मरीज की पर्स एक सफाई कर्मी ने पार कर दी। पर्स में एक सोने की चेन व 5000 रुपए थे। पीड़ित के पुत्र ने चौकी पुलिस को तहरीर दी तो कार्रवाई के डर से सफाई कर्मी ने चेन लौटा दी। इस पर पीड़ित ने आगे की कार्रवाई से मना कर दिया। बता दें कि सिकंदरपुर सरोसी निवासी चंदा देवी पत्नी रामसुमेर का शनिवार को घर पर अचानक स्वास्थ्य बिगड़ गया था। इस पर बेटा रीशू सुबह 10 बजे उसे जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लेकर पहुंचा। जहां डाक्टर ने महिला को भर्ती कर लिया। बेटे का आरोप है कि दो बजे वह वार्ड से बाहर चाय लेने आया तभी किसी ने मां का बैग पार कर दिया। बैग में रखी पर्स में सोने की चेन व 5000 रुपए थे। तलाश करने पर खाली बैग वार्ड के शौचालय में पड़ा मिला। रविवार को पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। सीसीटीवी फुटेज में पकड़े जाने के भय से अस्पताल के सफाई कर्मी ने अपनी गलती मानते हुए चोरी की बात कबूली और चेन लौटा दी। लेकिन रुपए का पता नहीं चला। हालांकि पीड़ित आगे की कार्रवाई से इंकार कर दिया।

### गैंगरेप पीड़िता को आरोपी ने पीटा

**पुरवा।** मौरावां थानाक्षेत्र में करीब तीन साल पहले एक दलित किशोरी से हुए गैंगरेप के आरोपी पर पीड़िता से मारपीट करने के आरोप लगे हैं। इसके बाद मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। हालांकि पुलिस इस संबंध कोई तहरीर न मिलने की बात कह रही है। बता दें कि मौरावां थानाक्षेत्र के एक गांव में 31 दिसंबरर-2021 में 13 वर्षीय दलित किशोरी से गैंगरेप करने के आरोप गांव के युवकों पर लगे थे। यह रेप कांड रविवार को सोशल मीडिया पर एक बार फिर वायरल हुआ। जिसमें बताया गया कि पीड़िता रविवार करीब 11 बजे अपनी बकरी लेकर लौट रही थी। तभी जमानत पर बाहर आए एक आरोपी ने उससे गालीगलौज की और सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसके साथ उसकी महिला परिजनों ने पीड़िता को पीटा भी। इसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़िता की मां ने बताया कि उसने एसओ मौरावां को फोन पर बेटी से हुई मारपीट की सूचना भी दी है। वर्ष-2022 से पीड़िता के घर पर एक महिला आरक्षी सहित दो पुलिस कर्मियों की तैनाती रहती है। आरोप है कि वर्तमान में सुरक्षा हटा ली गई है। एसओ चंद्रकांत सिंह ने बताया कि बच्चों में मामूली कहासुनी हुई है। अभी तक पीड़िता व उसकी मां थाने नहीं आई है। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच व कार्रवाई की जाएगी।

### मुश्किलों का सामना करते हुए बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां

**शुक्लागंज।** सोमवार को होने वाले लोक सभा चुनाव के महापर्व को लेकर पोलिंग पार्टियों के आने का सिलसिला दोपहर से शुरू हो गया था। गंगाघाट क्षेत्र में अधिकांश मतदान केन्द्र ऐसी जगह बने थे, जहां बसें नहीं पहुंच सकी। जिस पर मतदान कर्मियों को पैदल ही मतदान केन्द्रों तक जाना पड़ा। जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ी। मतदान को लेकर दोपहर तीन बजे से पोलिंग पार्टियों को लेकर बसों का नगर पहुंचना शुरू हो गया। पोनीरोड की संकरी सड़क से बस चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। संकरा और क्षतिग्रस्त रास्ता होने के कारण घंटों जाम में बसें फंसी रही। पोनीरोड के अंदर इलाकों में बनाए गए बूथों के कारण वाहन वहां तक नहीं पहुंच सकते थे। जिसके चलते मतदानकर्मियों को पैदल सफर तय करना पड़ा। वहीं गर्मी ने भी मतदानकर्मियों को खासा परेशान किया। जहां कहीं भी बस खड़ी होती मतदानकर्मी दुकानों से पानी का ठंडा पानी का पाउच लेकर गला तर करने में जुट जाते। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना महिला मतदान कर्मियों को करना पड़ा। मतदान केंद्र पर पहुंचते ही कर्मचारियों ने आराम करना मुनासिब समझा। हालांकि कुछ मतदान कर्मी इधर-उधर टहलते हुए आसपास की लोकेशन का जायजा लेते रहे।

### सभी पोलिंग पार्टियां सकुशल पहुंचीं: डीडीईओ

**उन्नाव।** रवानगी के साथ ही पोलिंग पार्टियों के मतदान केंद्र पहुंचने का सिलसिला शाम से ही शुरू हो गया। सबसे पहले सिंघुपर दोस्तीनगर व अब्बासपुर गावों की पोलिंग पार्टियां गंतव्य तक पहुंचीं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि सभी पार्टियों के सकुशल पहुंचने की रिपोर्ट मिल चुकी है। डीएम व एसपी ने पोलिंग पार्टियों का पहुंचना शुरू होने के बाद निकटवर्ती बिछिया ब्लाक क्षेत्र के कई प्राथमिक विद्यालयों व मतदान स्थलों का निरीक्षण कर कार्मिकों का हालचाल लेकर निष्पक्षता से मतदान सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। बीएसए ने सिंघूपुर, दोस्तीनगर व कांशीराम कालोनी सहित करीब डेढ़ दर्जन पोलिंग स्टेशनों पर पहुंचकर कार्मिकों को पहुंचने के बाद नाश्ता व रात के भोजन आदि की व्यवस्थाओं को देखा। संबंधित स्थानों पर कार्यरत विभागीय रसोइयाओं को उन्होंने बेहतर ढंग से भोजन तैयार करने के निर्देश दिए। मतदान कार्मिकों को रात्रि व दोपहर का भोजन और सुबह-शाम नास्ता उपलब्ध कराया जाना है। प्रत्येक कार्मिक को मतदान केंद्र पर प्रवास के दौरान दो वक्त के भोजन के लिए 100 रुपए और नाश्ते के लिए 35 रुपए निर्धारित कर रखे गए हैं। पहुंचने के साथ उन्हें चाय के साथ बिस्कुट दिए जाएंगे। जबकि, रात के भोजन में रोटी, दाल, सब्जी, चावल व सलाद प्राप्त होगा। वहीं मतदान दिवस पर सुबह सात बजे चाय व पकौड़ी/ब्रेड पकौड़ा और दोपहर करीब एक बजे पूड़ी, सब्जी, चावल व सलाद उपलब्ध कराया जाएगा। दोपहर बाद तीन बजे चाय-बिस्कुट भी दिया जाएगा।

# सवा दो किलो गांजे के साथ दो आरोपी हुए गिरफ्तार

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी के निर्देश पर रविवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया। जहां पुलिस ने दो युवकों को रोका और उनकी तलाशी ली। जहां उनके पास से गांजा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्यवाही की है।

कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान बालूघाट चौकी पुलिस ने मनोहर नगर चौकी के पास दो संदिग्धों को खड़ा देखा। जहां पुलिस को पास आता देख दोनों भागने लगे। जिस पर पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया और उनकी तलाशी ली। इस दौरान दोनों के पास से पुलिस ने सवा दो किलो गांजा बरामद किया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम मनोहर नगर निवासी आसिफ उर्फ छोटू और परवेज उर्फ कल्लू बताया। जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की तहत कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।


पकड़े गए आरोपी।

# सड़क हादसे में प्रॉपर्टी डीलर की मौत

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र इंद्रा नगर निवासी एक युवक घाटमपुर स्थित अपने मामा के घर गया था। जहां से वापस लौटने के दौरान उसकी रास्ते में मार्ग दुर्घटना हो गई। जिस पर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार को पीएम के बाद शव लाया गया। जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया।


अरुण सिंह।

इंद्रा नगर निवासी विजय सिंह के छह बेटे हैं। जिसमें सबसे बड़ा 37 वर्षीय बेटा अरुण उर्फ सुजय सिंह प्रापर्टी डीलर का काम करता था। पिता ने बातया कि 7 मई को अरूण घाटमपुर में रहने वाला मामा जगदीश सिंह के घर गया था। जहां 9 मई की रात लगभग दस बजे बाइक से वापस लौट रहा था। जहां बिधनू के पास उसकी मार्ग दुर्घटना हो गई। घायल अवस्था में उसे हैलट में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार को उसका शव पीएम के बाद घर लाया गया। जहां मां मीरा सिंह, पत्नी पूजा, बेटी परी (10), अनुष्का (5) का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं विजय सिंह ने बताया कि बिधनू पुलिस ने सिर्फ आधार कार्ड और दस रुपये पास से मिलने की बात कही है। जबकि उनका बेटा दो सोने की अंगूठी, ढाई तोला की चेन, ब्रेसलेट हमेशा पहनता है। इतना ही नहीं उसके पास लगभग बीस हजार की नकदी उसके पास थी। पिता ने पुलिस पर सवाल खड़े किये हैं। आरोप लगाये कि मार्ग दुर्घटना के बाद पुलिस ने पूरे दिन उनका फोन नहीं उठाया। पुलिस यदि समय पर जानकारी दे देती तो उनके बेटे की जान बच जाती।


अरुण की मौत पर गमगीन बैठी पत्नी और मां। अमृत विचार

## सांड़ के सामने आ जाने से बाइक सवार घायल

**पुरवा।** विकासखंड में तैनात रजनीश धानुक अचलगंज थानाक्षेत्र के गांव बेथर का निवासी है। वह पुरवा के पल्हरी गांव में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। रविवार शाम वह दोस्तीनगर स्थित पोलिंग सेंटर में ड्यूटी कर बाइक से वापस तहसील आ रहा था। तभी दही-मोहनलालगंज मार्ग पर बिछिया के पास बाइक के सामने अचानक सांड़ आ गया। इससे बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक तेज रफ्तार चौपहिया वाहन की टक्कर लगने से उसके कमर व हाथ में चोट लग गई। ग्रामीणों की मदद से रजनीश को बिछिया स्थित एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां इलाज कराने के बाद वह तहसील पहुंच सका। पुलिस को अभी मामले की जानकारी नहीं है।

# ठेंगे पर रहे निर्देश, घर-घर नहीं पहुंचीं पर्चियां

## लोकसभा चुनावः जिले के कई स्थानों पर मतदाता पर्ची न मिलने से असमंजस में हैं लोग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल संपंन कराने के लिए जिले में डेरा डाले प्रेक्षक बाबू सहित जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के लाख निर्देशों के बाद भी बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता पर्चियां पहुंचाने में जबर्दस्त लापरवाही बरती गई है। यही कारण है कि जिले के विभिन्न स्थानों से मतदान शुरू होने की उल्टी गिनती जारी होते ही शिकायतें मिलनी शुरू हो गई हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को असुविधाओं से बचाने के लिए घर-घर मतदाता पर्चियां पहुंचाने का प्रावधान कर रखा गया है। आयोग की ओर से संसदीय क्षेत्र में तैनात किए गए प्रेक्षक ने पदार्पण के साथ ही घर-घर मतदाता पर्चियां पहुंचाने पर जोर दिया था। यही नहीं क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान भी वह लगातार एसडीएम सहित मतदान केंद्रों पर मिलने वाले बीएलओ को सीधे



- मतदान की उल्टी गिनती शुरू होते ही मिलने लगीं शिकायतें

शतप्रतिशत मतदाता पर्चियां घर-घर पहुंचाने के निर्देश देते रहे। यही नहीं डीईओ द्वारा भी मतदाता पर्चियों से मतदान आमंत्रण पत्र घर-घर पहुंचाने पर जोर दिया जाता रहा। वह लगातार चुनाव संबंधी मातहत प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में लगातार यह बात दोहराते रहे। इसके बाद भी नतीजा ढाक के तीन पात सामने आ रहा है।

शहर के अधिकांश मोहल्लों में तो 75 फीसदी से अधिक घरों में मतदाता पर्चियां पहुंचा दी गई हैं लेकिन, गंगाघाट नगर पालिका के सभी मोहल्लों में रविवार दोपहर बाद तक नाकाफी मतदाता पर्चियां मतदाताओं के घर पहुंच सकी हैं। इसी तरह अन्य निकाय क्षेत्रों में भी मतदाता पर्चियां न उपलब्ध कराए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। ग्रामीणांचल की स्थिति इससे भी अधिक बदतर है। चकलवंशी संवाददाता के अनुसार, मेथीटीकूर ग्राम पंचायत में 20-25 प्रतिशत घरों तक ही मतदाता पर्ची पहुंची हैं। ग्राम पंचायत में शामिल चकलवंशी बाजार व पूरी आबादी में मतदाता पर्ची पहुंचाने की खानापूरी की गई है। स्थानीय निवासी रामेश्वर सिंह चौहान, राजन सिंह व गुलाब ने आरोप लगाया कि बीएलओ तहसील प्रशासन की उदासीनता से बीएलओ द्वारा मतदाता पर्चियों का वितरण नहीं किया गया है। परियर संवाददाता ने भी बीएलओ द्वारा मतदाता पर्चियों का वितरण न करने की जानकारी दी। बताया कि घरों में मतदाता पर्चियां न पहुंचने से लोग मतदाता सूची में नाम न शामिल होने की आशंका से ग्रसित हो रहे हैं, जिससे इस भयंकर गर्मी के सीजन में आधे से अधिक लोग धूप में निकलकर मतदान केंद्र पहुंचने की जहमत न उठाने की बात कह रहे हैं। इसके अलावा बीघापुर, भगवंतनगर, बिहार, अचलगंज, ऊंचगांव सहित अन्य स्थानों से भी मतदाता पर्चियां घर-घर न पहुंचाए जाने की शिकायतें मिल रही हैं।

### शुक्लागंज में भी पर्चियों को लेकर समस्या

**शुक्लागंज, उन्नाव।** मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए इस बार चुनाव आयोग की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया था। जिसका लाभ भी मिला बड़ी संख्या में लोग इस बार वोट डालने के लिए तैयार हैं। जिनमें महिलाओं की संख्या में ज्यादा है, लेकिन बीएलओ आयोग की मेहनत पर पानी फेरते हुए नजर आ रहे हैं। मतदान के एक दिन पहले तक सैकड़ों लोगों कों मतदाता पर्चियां नहीं मिल सकीं। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये जिला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बराबर कई दिनों से मतदाता जागरूकता रैली के अलावा नुक्कड़ नाटक कराया जा रहा था। वहीं नगर के समाजसेवी संगठन और स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर आने जाने वाले मतदाओं को जागरूक किया। आयोग के निर्देश पर बीएलओ को मतदान पर्चियां घर-घर बांटने के लिये लगाया गया था। रविवार को अंतिम दिन भी बीएलओ मतदाताओं के घर मतदान पर्चियां नहीं पहुंचा सके। बीएलओ की लापरवाही के चलते सैकड़ों लोगों को मतदान से वंचित होना पड़ सकता है। जिससे मतदाता पर्चियों के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में यही हाल है। मतदाता पर्चियां न मिलने से इस बार मतदान का प्रतिशत कम हो सकता है। इस बावत लेखपाल अशोक सैनी ने कहा कि जिन मतदाताओं को मतदान पर्चियां नहीं मिली हैं। उन्हें मतदान केंद्रों से 200 मीटर पहले बैठे बीएलओ पर्चियां उपलब्ध करायेंगे। जिसके बाद वह वोट डाल सकेंगे।

# मतदान दिवस का महत्वपूर्ण दस्तावेज होती है लाल डायरी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- हर दो घंटे के मतदान प्रतिशत सहित पीठासीन अधिकारी अंकित करते हैं अन्य गतिविधियां
- ईवीएम या वीवीपैट में होने वाली समस्या की अवधि का भी इसमें होता है उल्लेख

**अमृत विचार।** मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारियों द्वारा भरी जाने वाली लाल डायरी में न सिर्फ प्रत्येक घंटे का मतदान प्रतिशत दर्ज किया जाएगा, बल्कि बूथ की तमाम गतिविधियों खासकर मतदान बाधित होने संबंधी जानकारी भी अंकित करेंगे। इसीलिए मतदान कार्मिक प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक लगातार लाल डायरी का उल्लेख करते हुए पीठासीन अधिकारियों को इसे भरने के प्रति सचेत करते रहे हैं। वास्तव में इस दस्तावेज में मतदान दिवस का पूरा लेखा-जोखा दर्ज रहता है।

लाल डायरी में पीठासीन अधिकारियों को प्रत्येक दो घंटे के अंतर पर मतदान प्रतिशत दर्ज करना होगा। इसके अलावा इसमें पोलिंग बूथ मतदान शुरू होने से पहले प्रत्याशियों के एजेंट की उपस्थिति में किए जाने वाले ईवीएम व वीवीपैट के मतदान शुरू होने से पहले किए जाने वाले डैमो का विवरण भी दर्ज करना होगा। किसी प्रत्याशी के पोलिंग एजेंट द्वारा किए जाने वाले विवाद की रिपोर्टिंग भी इस डायरी में अंकित की जाएगी।

इसके अलावा किसी कारण से ईवीएम या वीवीपैट में होने वाली समस्या की अवधि का उल्लेख करते हुए दर्ज करनी होगी। मतदाताओं सहित किसी के द्वारा जोर-जबर्दस्ती के होने वाले प्रयासों का विवरण भी इसी लाल डायरी में दर्ज किया जाता है। फर्जी मतदान संबंधी शिकायतों का अंकन भी पीठासीन अधिकारी इसी दस्तावेज में करते हैं।

वास्तव में यह लाल डायरी निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान की बात साबित करती है। साथ मतदान के दौरान निरीक्षण के लिए पहुंचने वाले अधिकारियों के साथ बहुत अधिक वार्तालाप से भी पीठासीन अधिकारी को मुक्त कराती है, क्योंकि सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट सहित प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, उप निर्वाचन अधिकारी आदि इस डायरी के माध्यम से बूथ की तमाम गतिविधियों के साथ मतदान प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करते रहते हैं। पीठासीन अधिकारी को इसे भरने के बाद ही संबंधित सूचनाएं आयोग द्वारा विकसित कराए गए ऐप द्वारा सेक्टर मजिस्टेट को उपलब्ध कराए जाते हैं, जिन्हें सेक्टर मजिस्ट्रेट आयोग सहित अन्य अधिकारियों व जिला मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम को देते हैं। मतदान कराने के बाद ईवीएम सहित अन्य सामग्री जमा करते समय पीठासीन अधिकारियों को संपूर्णता से भरी हुई लाल डायरी जरूर से जमा करनी पड़ती है।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

- पंजाब के लुधियाना में करता था नौकरी, होली पर लौटा था घर
- बड़े भाई ने भी चार साल पहले फांसी लगा कर ली थी खुदकुशी

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत एक 23 वर्षीय युवक ने रविवार को आम के पेड़ पर फंदे से लटककर जान दे दी। ग्रामीणों ने उसे लटका देख परिजनों को सूचना दी। परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

क्षेत्र के बदबदा खेड़ा गांव निवासी रंजीत सिंह का 23 वर्षीय बेटा मोहन रविवार सुबह घर से बिना बताए निकला था। इसके बाद उसका शव संदिग्ध परिस्थिति में फरीदीपुर गांव निवासी रामकेशन उर्फ गरीबे की बाग में लगे आम के पेड़ से लटका मिला। वहां से निकले ग्रामीणों में उसे देख सनसनी फैल गई। सूचना पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की अभी शादी नहीं हुई थी। वह पंजाब के लुधियाना शहर में मजदूरी करता था और होली में घर आया था। तब से वह घर पर ही था।

वह दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई सोहन ने भी चार साल पहले फांसी लगाकर खुदकशी कर ली थी। चार साल में दो जवान बेटों की मौत से मां उमाकांति व अन्य परिजन रो-रोकर बेहार हैं। एसएचओ चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई होगी।

# शांतिपूर्ण चुनाव में खलल न डाल दे 'कच्ची'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। एक ओर जहां जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारी चुनाव के दौरान नगदी व प्रचार सामग्री के साथ अवैध व कच्ची शराब की बिक्री व परिवहन पर सख्त रुख अपनाए हुए हैं। लेकिन, आबकारी विभाग के अधिकारी इस ओर से बेहद लापरवाही बरत रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि जिले में कच्ची शराब की भट्ठियां धधकने के साथ ताड़ी का कारोबार भी चरम पर है। हालांकि जिम्मेदार अधिकारी लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई किये जाने की बात कह रहे हैं।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिये आज वोटिंग होनी है। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति न फैले और नशे में लोग उपद्रव न करें इसके लिये जिला प्रशासन ने जिले की देशी व अंग्रेजी शराब के साथ बीयर व भांग की दुकानों को शनिवार शाम से ही बंद करवा दिया था। लेकिन आबकारी विभाग के अफसरों की मिलीभगत से जिले के दर्जनों स्थानों पर कच्ची शराब की भट्ठियां अभी भी धधक रही हैं। इनमें कच्ची के बनने के साथ ही इसका परिवहन भी जोरों पर किया जा रहा है।



धधकती कच्ची शराब की भट्ठी। अमृत विचार



बिक्री के लिये प्लास्टिक के पाउचों में भरकर रखी गई कच्ची शराब।

- जिले भर में दर्जनों स्थानों पर फल-फूल रहा कच्ची शराब का कारोबार
- आबकारी अफसरों की मिलीभगत से कारोबारियों के हौसले बुलंद

ऐसे में सरकारी दुकानों में शराब की बिक्री बंद होने के चलते कच्ची शराब चुनाव में खलल डाल सकती है। बताया जाता है कि जिले के सोहरामऊ, अजगैन, बारासगवर, बिहार, पुरवा व मौरावां क्षेत्र ऐसे हैं जहां अवैध रूप से शराब निर्माण व बिक्री में सभी मानक दरकिनार किये जा रहे हैं। हालात यह हैं कि क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर शराब दुकानों के अलावा परचून व पान दुकानों में बिक्री होने के साथ होटल-ढाबों में भी शराब परोसी जा रही है। वहीं, घरों से भी नशीले पदार्थों व शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। बावजूद इसके जिम्मेदार मौन हैं।

### कार्रवाई का नहीं है भय

सोहरामऊ कसबा में कई जगह ठेकों के अलावा पान व परचून दुकानों तक से गैरकानूनी तरीके से शराब बिक रही है। जानकारी के बाद भी जिम्मेदार मिलीभगत के चलते कार्रवाई नहीं करते हैं। कस्बा के अलावा कुसुम्भी, अजगैन, इटकुटी, भौली, जालिमखेड़ा, चमरौली, नानाटिकुर, सोहरामऊ, हिम्मतगढ़, आशाखेड़ा, अर्जुनामऊ, सरौती, नदौहा, रानीपुर आदि गावों में यह कारोबार चरम पर है। वहीं नवाबगंज कसबा में भी कई जगह रात में शराब बिकती है। बस इसकी कीमत तय दाम से अधिक देनी होती है। लखनऊ-कानपुर हाईवे, उन्नाव-हरदोई हाईवे, उन्नाव-रायबरेली हाईवे समेत अन्य प्रमुख मार्गों पर खुले होटलों व ढाबों में खुलेआम शराब पिलाई व बेची जाती है।

# चुनाव में की गड़बड़ी तो होगी सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- 13 हजार सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में होगा मतदान

**अमृत विचार।** जिले में लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को वोट डाले जाएंगे। शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसी ने भी मतदान में खलल डालने का प्रयास किया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि जिले के 1680 मतदान केंद्रों पर 2498 बूथ बनाए गए हैं। शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। जिससे मतदान के दौरान कोई भी गड़बड़ी न फैला सके। इनमें 171 क्रिटिकल व 51 वर्नरेबल बूथ पर पैरा मिलिट्री के जवानों की तैनाती रहेगी। 13 हजार से अधिक सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में मतदान होगा। इनमे आईटीबीपी, एसएसबी के 1680 जवानों सहित 3629 होमगार्ड शामिल हैं। पूरे जिले को 250 सेक्टर व 26 जोनों में बांटा गया।

### एसएसटी व पुलिस टीम ने जीप में पकड़े 5.55 लाख

**बांगरमऊ, उन्नाव।** लोकसभा चुनाव में धन-बल का प्रयोग को रोकने के उद्देश्य से स्टेटिक मजिस्ट्रेट व पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एक जीप की तलाशी ली। जीप से पांच लांख से अधिक नगदी बरामद हुई। चालक नगदी का ब्यौरा नहीं दे पाया। एसएसटी के मजिस्ट्रेट राहुल शर्मा व बेहटा मुजावर थाने में तैनात दरोगा रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में एक टीम संडीला बांगरमऊ मार्ग पर बेरियर लगाकर चेकिंग अभियान कर रही थी। तभी टीम ने एक जीप को रोककर उसकी तलाशी ली। इसमें जीप के अंदर से टीम को एक झोले से लाखों की नगदी बरामद हुई। पूछताछ में चालक नकदी का ब्योरा नहीं दे सका। इस पर टीम ने 5 लाख 55 हजार रुपये जब्त कर चालक राजेश पुत्र सधारी निवासी गदनखेड़ा औरास को हिरासत में ले लिया। टीम ने उसे कोर्ट में पेश किया है।

# हत्या में शामिल चौथा आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर दुपट्टे से गला कस कर की गई मां-बेटी की हत्या में वांछित चौथे आरोपी को भी पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसी मामले में एक महिला समेत तीन लोग पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

बता दें कि हसनगंज कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के ताला सरांय से सौदापुर सर्विस लेन पर रोशनी (27) पत्नी छोटे तिवारी व उसकी चार वर्षीय बेटी दुर्गा उर्फ दिव्या निवासी कांशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली जिला लखीमपुर खीरी हाल पता थाना न्यू पारा कॉलोनी लखनऊ की दुपट्टे से गला कस कर हत्या करने के बाद शव फेंका गया था। पुलिस जांच में सामने आया था कि दिवंगत महिला पति से अलग होने के बाद एक भट्टा मालिक से लिव इन रिलेशनशिप में थी। इसकी जानकारी पर सौतन से छुटकारा पाने ले लिए भट्ठा मालिक मिलिंद उर्फ मोनू की पत्नी ज्योति उर्फ बब्ली ने भट्ठा मजदूर निरंकार शर्मा उर्फ रिंकू पुत्र हरी प्रसाद, कार चालक प्रिंस मसीह पुत्र प्रेम व कल्लू मौर्या उर्फ विमलेश पुत्र जगतपाल निवासी पारा गांव थाना पारा जिला लखनऊ की मदद से मां-बेटी की दुपट्टे से गला कसकर हत्या करने के बाद शव फेंके थे। 10 मई को पुलिस ने ज्योति, निरंकार व प्रिंस को जेल भेजा था। वारदात में शामिल कल्लू मौर्या फरार था। रविवार को पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के पुछड़ा तिराहे से उसे दबोच लिया। एसएचओ चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि चौथे अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट से जेल भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में कल्लू। अमृत विचार

- मां-बेटी की हत्या कर सर्विस लेन के किनारे फेंके थे शव

# 8 जोड़ों ने फिर थामा एक-दूसरे का हाथ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र व कोतवाली में कराई गई सुलह

**अमृत विचार।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन व जिले के थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। वहां परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने काउंसिलिंग कर विवाद खत्म कराये। इसके बाद सभी को खुशी-खुशी विदा किया गया।

विवादित जोड़ों में सुलह के बाद महिला थाना से 9, थाना औरास से 4, सफीपुर से 2, बांगरमऊ, पुरवा व फतेपुर चौरासी से 1-1, जोड़ों को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस दौरान डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डा. अवसार अली, डा. सागीर व एसओ महिला थाना अर्चना, महिला सिपाही पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह, चिंतन, प्राची, गिरजा, समानता, सेविका, ज्योती यादव व राधिका यादव का विशेष योगदान रहा।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो गंभीर, हुए रेफर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सहदानी निवासी महेश पुत्र खेमकरण बीते शनिवार किसी काम से बांगरमऊ आया था। देररात वह घर लौट रहा था। रास्ते में तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसको सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया। एक अन्य हादसे में फतेहपुर चौरासी के मौहाई निवासी मान सिंह पुत्र रामकरण भी गंभीर घायल हो गया। उसे भी सरकारी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## सार-संक्षेप

### स्लॉटर हाउस में हुए हत्याकांड का आरोपी गया जेल

**उन्नाव।** अचलगंज थानांतर्गत औद्योगिक क्षेत्र बंथर स्थित एक स्लाटर हाउस में दो श्रमिकों के बीच हुए विवाद में एक ने दूसरे की चाकू घोंप कर हत्या कर दी थी। रविवार को पुलिस ने हत्यारोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि बहराइच जिले के थाना नानपारा निवासी बेल्डरन टोला निवासी बाबू (35) पुत्र मोहसिन बंथर औद्योगिक क्षेत्र में एक स्लाटर हाउस में बड़े भाई एजाज के साथ एक साल से काम करता था। उसी स्लाटर हाउस में गोंडा कस्बा निवासी नूर मोहम्मद भी काम करता था। नूर मोहम्मद स्लाटर हाउस में काफी पहले से काम रहा था। इससे वह अपने को बाबू से सीनियर मानता था। इसी बात को लेकर दोनों में खुन्नस थी। बीती शनिवार दोपहर बाबू व नूर मोहम्मद अगल-बगल मांस काट रहे थे। इस पर बाबू ने नूर मोहम्मद पर मांस के छोटे टुकड़े काटने पर कमेंट कर दिया। इस पर वहां मौजूद एक महिला श्रमिक हस पड़ी। इसी से अक्रोशित नूर मोहम्मद ने बाबू पर मांस काटने में प्रयुक्त होने वाले चाकू से पेट में ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। रविवार को हुए पोस्टमार्टम के बाद उसका शव लेकर परिजन घर चले गए।

### पंखा लगा रही महिला करंट की चपेट में आने से झुलसी

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत चहोलिया गांव निवासी रुकसाना (50) पत्नी इखलाख की चचिया सास का निधन हो गया था। घर में मेहमानों की भीड़ थी। जिसके चलते वह मेहमानों के लिए पंखा लगा रही थी। तभी पंखे में आ रहे करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गई। जिसे आनन-फानन बांगरमऊ सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

राजनीति | स्टार प्रचारकों की सभाओं के बाद उनके वीडियो सोशल मीडिया पर छा रहे

# सोशल मीडिया पर जारी चुनावी 'जंग'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिये प्रचार भले ही शनिवार शाम को थम गया था लेकिन, सोशल मीडिया के जरिए लगातार मतदाताओं की खेमेबंदी के प्रयास जारी रहे। जहां स्टार प्रचारकों की सभाओं के वीडियो सोशल मीडिया के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं। वहीं घूमा-फिराकर लोग अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने की कवायद भी कर रहे हैं। किसी के खिलाफ कार्रवाई भले नहीं की जा सकी लेकिन जिला निर्वाचन कार्यालय सोशल मीडिया पर जारी तमाम गतिविधियों पर नजर रखे है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर अमल कराते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी द्वारा शनिवार शाम छह बजे से सभी दलों व प्रत्याशियों को प्रचार अभियान थमवा दिया गया है। हालांकि पिछले 24 घंटे में अलग-अलग प्रत्याशियों के समर्थक लगातार सोशल मीडिया पर सक्रिय रहे। वह न सिर्फ अपनी-अपनी पार्टी के स्टार प्रचारकों व प्रत्याशियों के पिछले दिनों हो चुके कार्यक्रमों के वीडियो शेयर करते रहे, बल्कि सोशल मीडिया के जरिए अलग-अलग ढंग से मतदाताओं के ब्रेनवाश का प्रयास करते रहे।

प्रचार अभियान थमने से मतदान शुरू होने, बल्कि थमने तक आम लोगों के बीच स्वयं की सक्रियता के लिए प्रत्याशियों के आईटी प्रबंधकों ने शायद प्रचार के लिए पहले से तैयारी कर रखी थी। इसीलिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बीते 24 घंटे के दौरान चुनावी गतिविधियां अधिक वायरल हो रही हैं। बताया जा रहा है कि इसके लिए प्रत्याशियों ने पेशेवर आईटी प्रबंधन हायर कर रखे हैं। वहीं राजनैतिक दलों के प्रदेश सहित राष्ट्रीय कार्यालयों की ओर से भी सोशल मीडिया का इस्तेमाल प्रचार के लिए किया जाता है। हालांकि इस बाबत जिले के अधिकारी अनभिज्ञता जताते हैं। वह सपाट लहजे में शिकायत मिलने पर जांच करा कार्रवाई किए जाने की जानकारी देते हैं।



### बूथ प्रबंधन के साथ रूठों को मनाते रहे नेता

प्रत्याशियों की ओर शनिवार की रात से ही बूथ प्रबंधन का बंदोबस्त किया जाने लगा है। वहीं रविवार का दिन भी बस्तों को ठिकाने पहुंचाते हुए बीता। अब कुछ घंटो बाद शुरू होने वाली कत्ल की रात प्रत्याशियों सहित उनकी कोर कमेटी जागते हुए बिताकर रह गई कसर पूरी करेंगे, जिससे कहीं किसी तरह की चूक की संभावना बाकी न रह सके। हालांकि रूठों को मनाने का सिलसिला चुनाव प्रचार अभियान शुरू होने के साथ ही शुरू हो चुका था, लेकिन अब तक मान-मनौअल की जद से बाहर रहने वालों को किसी भी सूरत में प्रत्याशी के पक्ष में लाने की कोशिशें अब भी जारी हैं। जानकारों ने बताया कि इसके लिए सभी दलों व प्रत्याशियों की ओर से अलग-अलग प्रभावशाली लोगों को लगाया गया है। वह अकेले या किसी अन्य सहयोगी के साथ लक्ष्य भेदने की कवायद में जुटे हैं। यही नहीं संदिग्धों की निगरानी भी कराई जा रही है।

# युवक ने फांसी लगाई, मौत

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत एक गांव निवासी युवक का शव पेड़ से लटका मिला। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव पोहपी खेड़ा निवासी मोहनलाल (40) पुत्र राम खिलावन का शव रविवार दोपहर बाद गांव के बाहर लगे एक आम के पेड़ से लटका देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई। कुछ ही देर में वहां भीड़ एकत्र हो गई। इसकी खबर परिजनों को मिली तो उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में अलग-अलग चर्चा रही। बताते हैं कि युवक का शनिवार को गांव में किसी से विवाद हुआ था। मामला पुलिस की चौखट तक पहुंचा था। वहीं चर्चा यह भी रही कि उसने पहली पत्नी की मौत के बाद दूसरी शादी की थी।

# चंपावत का किया भू-आकृतिक सर्वेक्षण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** डीएसएन पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने उत्तराखंड के चंपावत का चार दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान साथ गए प्रोफेसरों के नेतृत्व में उन्होंने वहां की भू-आकृतिक के साथ सामाजिक-आर्थिक पक्ष का अध्ययन भी किया।

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय से लागू नई शिक्षा नीति के तहत भूगोल के एमए द्वितीय व चतुर्थ सैमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए भ्रमण कर अध्ययन कराना शामिल है। विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्देश पर कालेज द्वारा सात से 11 मई के बीच छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराने को चंपावत ले जाया गया। वहां विद्यार्थियों ने न सिर्फ भौगोलिक परिस्थितियों का अध्ययन किया, बल्कि सामाजिक व आर्थिक स्थितियां भी समझीं। विभागाध्यक्ष अनिल साहू ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण पर चंपावत गए विभाग के परास्नातक द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सैमेस्टर में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने वहां की भू आकृतिक विशेषताओं सहित जलवायु व जैव विविधता का सर्वेक्षण किया। विभागाध्यक्ष के मुताबिक यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल परीक्षा के लिहाज से उपयोगी साबित होगा, बल्कि उन्हें अनुसंधन के लिए प्रेरित करेगा। भ्रमण के माध्यम से वह आत्मनिर्भरता की अनुभूति भी कर सके हैं, जो आगे चलकर पेशेवर के तौर पर घर से दूर रहकर जीवन यापन करने की इच्छाशक्ति बढ़ाएगा। प्राचार्य प्रो. प्रदीप गुप्ता ने लौटकर आए विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उनका अनुभव जाना। अध्ययन दल के साथ जाने वालों में डा. अंजना शुक्ला, डा. शैली गुप्ता और अनुराग सिंह व रामकुमार शामिल थे। दल में शामिल विद्यार्थियों प्रज्ञा त्रिपाठी, प्रखर शुक्ला, ललित सिंह, उपासना परिहार, रूबी राजपूत व दिलीप कुमार ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण पर जाना अनूठा अनुभव रहा है।



चंपावत में भू-आकृतिक सर्वे करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# लोकतंत्र का महापर्व आज, सुबह 6 से शुरू होगी वोटिंग

## रविवार को सीएसएन कॉलेज व आईटीआई मैदान से पोलिंग पार्टियों को फोर्स के साथ किया गया रवाना

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में लोकतंत्र का महापर्व यानी मतदान आज होगा। सुबह 6 बजे से मतदान शुरू होगा। रविवार सुबह 8 बजे से सीएसएन कालेज और आईटीआई मैदान से पोलिंग पार्टियों की रवानगी प्रक्रिया शुरू हुई। फोर्स के साथ मतदान कार्मिकों को रवाना किया गया। भयंकर गर्मी के कारण कर्मचारी पसीना पसीना दिखाई दिए। जिले के 2,124 मतदान केंद्रों के 3,328 बूथों पर 13,312 कार्मिक मतदान कराएंगे। इसके लिए 665 पोलिंग पार्टियां सीएसएन पीजी कॉलेज और आईटीआई से रवाना हो गई हैं।

जिले में लोकतंत्र के उत्सव को मनाने के लिए रविवार को पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। सीएसएन पीजी कॉलेज और आईटीआई से पोलिंग पार्टियों की रवानगी हुई। 2,124 मतदान केंद्रों के 3,328 बूथों पर 13,312 कार्मिक मतदान कराएंगे। रिजर्व कार्मिक सहित 14,660 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। कार्मिकों को मोबाइल पर एसएमएस से ड्यूटी वाले बूथ की जानकारी, कार्मिकों को दूसरे ड्यूटी आदेश में विधानसभा क्षेत्र का आवंटन किया जा चुका है और इसी के अनुसार बुलाया गया है। लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान कराने के लिए 12 मई को पोलिंग पार्टियों को संबंधित बूथ के लिए रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पहली बार रवानगी के समय पोलिंग पार्टियों के लिए सील बंद पानी की बोतल और बिस्कुट की व्यवस्था की है। पोलिंग पार्टियों के बसों से रवाना होने के समय इसका वितरण कराया गया है, ताकि गर्मी को देखते हुए कार्मिकों को दिक्कतें न होने पाएं। लोकसभा क्षेत्र हरदोई के लिए पांच विधानसभा क्षेत्र सवायजपुर, शाहाबाद, हरदोई, गोपामऊ और सांडी की पोलिंग पार्टी को सीएसएन पीजी कॉलेज बुलाया गया है। लोकसभा क्षेत्र मिश्रिख क्षेत्र के लिए जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र बिलग्राम-मल्लावां, बालामऊ और संडीला के लिए पोटिंग पार्टियों को आईटीआई से रवाना किए जाने की व्यवस्था की गई। पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल पर कार्मिकों को ड्यूटी आदेश वितरण काउंटर के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नौ-नौ मेज लगवाई गईं थीं। आठ मेज पर ड्यूटी आदेश का वितरण किया गया। एक मेज प्रभारी के लिए थी। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के वितरण के लिए भी पर्याप्त जगह लेते हुए काउंटर बनाए गए, ताकि कार्मिकों को दिक्कतें न होने पाए। पोलिंग पार्टियां की रवानगी के दौरान डीएम मंगला प्रसाद सिंह, एसपी केशवचन्द गोस्वामी, सीडीओ सौम्या गुरु रानी, एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, सीओ सिटी अंकित मिश्रा सहित तमाम अधिकारी मुस्तैद रहे।



ईवीएम व वीवीपैट लेकर रवाना होते मतदान कर्मचारी। अमृत विचार



पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल पर ड्यूटी बांटते कर्मचारी। अमृत विचार

### कार्मिकों की दिक्कतों को दूर करते रहे अधिकारी

**हरदोई।** जिला प्रशासन ने कर्मचारियों को दिक्कतें न हों, इसके लिए तमाम प्रयास किए। फिर भी जिन कर्मचारियों को कोई जानकारी करनी थी या उनकी दिक्कतें दूर नहीं हो पा रही थी, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह दोनों रवानगी स्थलों पर व्यवस्थाएं देखते घूमते रहे। सीडीओ सौम्या गुरुरानी, एडीएम प्रियंका सिंह से कर्मचारियों ने बेवाक होकर अपनी दिक्कतें बताईं, जिनका अधिकारियों ने निराकरण भी किया।



चुनाव कर्मी की दिक्कत दूर करते जिलाधिकारी एमपी सिंह। अमृत विचार

### फूलों से सजाए गए रवानगी स्थल के द्वार

जिले में ऐसा पहली बार हुआ जब पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल पर उनका स्वागत करने के लिए मुख्य द्वारों को फूलों व गुब्बारों से सजाया गया था। कर्मियों में भी प्रशासन के अंदाज को देखकर उत्साह दिखा।

### बड़े-बड़े सूचना पटों से कार्मिकों को मिली राहत

रवानगी स्थलों के बाहर बड़ी-बड़ी होर्डिंग लगाकर पोलिंग पार्टियों को सारी सूचनाएं उपलब्ध कराई गई। किसको कहां मशीन लेनी है, कहां स्टेशनरी लेनी है। कहां पर उपस्थित दर्ज करानी है। सब कुछ पूरी तरह व्यवस्थित रहा। इस बार की व्यवस्था से कर्मचारियों को ड्यूटी करने से पहले कोई दिक्कत नहीं उठानी पड़ी।

### बसों को खोजने में नहीं हुई परेशानी

पोलिंग पार्टियों की संख्या के साथ बस क्रमांक भी निर्धारित थे, यही नहीं जिस स्थल पर जो बस लगी थी उसकी सूचना भी साफ-साफ बोर्ड पर दर्शाई गई थी, जिससे कर्मचारियों को बस ढूंढने में असुविधा नहीं हुई।

### रवानगी स्थल पर मुस्तैद रही मेडिकल की टीम

किसी भी कर्मचारी को स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत न हो। इसके लिए सीएमओ के नेतृत्व में मेडिकल टीम भी मुस्तैद रही। हालांकि कर्मचारियों को मेडिकल किट उपलब्ध कराई गई थी। इसके बावजूद छोटी-मोटी दिक्कतें होने पर लोग वहां स्वास्थ्य सेवाएं लेते दिखे।

### धूप ने किया परेशान

प्रशासन ने मतदान कर्मचारियों के लिए तमाम पंडाल लगवाए थे। पंडालों में पंखे आदि की भी व्यवस्था थी। इन सबके बावजूद भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग सिर पर अंगौछा व टोपी लगाए थे।



सिर पर गमछा रखकर धूप से बचाव करते मतदान कार्मिक। अमृत विचार



चुनाव के दौरान तमाम ऐसे कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगी थी जिनके बच्चे छोटे थे। ड्यूटी के साथ ही बच्चे की भी देखभाल करनी थी। धूप से बचाने के लिए बच्चे को सिर ढक कर ले जाते हुए कई माता-पिता रवानगी स्थल पर दिखाई पड़े।

मतदान ड्यूटी के दौरान धूप से बचाव के लिए बच्चे को गमछे से ढके परिजन। अमृत विचार

## कड़ी सुरक्षा में रहेंगे 397 संवेदनशील मतदान केंद्र

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाएगा। जो भी अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनपद के करीब 397 संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी पैरामिलिट्री के हाथों में रहेगी। प्रत्येक थाने में 2 क्यूआरटी टीमें तैनात की गईं हैं। यह जानकारी जनपद के एसपी केशवचन्द गोस्वामी की ओर से दी गई है। एसपी का कहना है कि मतदान को हर हाल में अपराध और भयमुक्त संपन्न कराना प्राथमिकता है। इस कार्य में जो भी विघ्न डालने की सोच भी रखेगा। उस से पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी। एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह समेत सभी सीओ अपने अपने क्षेत्र में मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे। मोबाइल टीमें लगातार मतदान केंद्रों के आसपास की हलचल पर निगरानी के साथ ही कार्रवाई करेंगी। एसपी ने बताया जिले के हर थाने में 2 क्यूआरटी टीमें बनाई गईं हैं। यह टीमें किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर रवाना होंगी। इसके साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में मतदान समाप्ति तक भ्रमणशील रहेंगी। एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि गैर जनपद से लगने वाली सीमाओं पर कुल 28 बैरियर लगे हैं। इन पर सख्ती बढ़ा दी गई है, प्रत्येक व्यक्ति और वाहन की तलाशी ली जाएगी। किसी भी अराजक तत्व को जनपद में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इसके साथ ही किसी भी सूचना पर अधिकारी के साथ टीम 10 मिनट के अंदर मौके पर पहुंचेगी। इसको लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर लीं गईं हैं। मतदान ड्यूटी में पैरामिलिट्री, पीएसी, गैर जनपद के अलावा अपने जनपद के करीब 10 हजार से अधिक पुलिस के कर्मी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। किसी भी केंद्र पर शांतिभंग नहीं होने दी जाएगा।

**हर थाने में दो क्यूआरटी की गईं तैनात, सुरक्षा में तैनात रहेंगे 10 सुरक्षाकर्मी**



चुनाव ड्यूटी देतीं खंड शिक्षा अधिकारी सीमा भारती। अमृत विचार



कर्मचारियों को ईवीएम व वीवीपैट आवंटित करते अधिकारी। अमृत विचार



रवाना होने से पहले अपने-अपने बस्तों के साथ पंडाल में बैठे मतदान कर्मी। अमृत विचार



ई-रिक्शे हटवाते एसपी। अमृत विचार

### एसपी ने खुद संभाली यातायात व्यवस्था

**हरदोई।** रवानगी स्थलों पर तमाम वाहनों के कारण कई बार जाम की स्थिति बनी। लोग अपनी निजी वाहनों से रवानगी स्थलों तक पहुंचे इस कारण वाहनों की संख्या अधिक हो गई। जाम से लोगों के निजी वाहन बहुत दूर रोक दिए गए, जिससे लोग ई-रिक्शा का सहारा लेकर रवानगी स्थलों तक पहुंचे। सड़कों पर ई-रिक्शा हटवाने के लिए एसपी ने खुद मोर्चा संभाला।



रिक्शे पर सवार होकर जाते मतदान कार्मिक।

### मतदान करने के लिए प्रस्तुत करें दस्तावेज

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान करने के लिए आवश्यक कागजात आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक व डाकघर की फोटो युक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा, स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, स्मार्ट कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा भारतीय पासपोर्ट, पेंशन दस्तावेज फोटोग्राफ सहित, फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, आधिकारिक पहचान पत्र सांसदों/राज्य सरकार/लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी विशिष्ट दिव्यांकता पहचान पत्र आदि किसी एक अभिलेख से मतदान कर सकते हैं। कोई सुझाव व समस्या होने पर हेल्पलाइन 1950 व 18001801950 पर कॉल करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूर करें। आपके मतदान से राष्ट्र मजबूत होगा।

## मतदान केंद्रों पर कार्मिकों के लिए किए बेहतर इंतजाम

हरदोई

**अमृत विचार।** मतदान कर्मियों को बूथों पर कोई असुविधा न हो इसके लिए भी जिला प्रशासन ने तमाम व्यवस्थाएं की हैं। खाने-पीने, रुकने-रहने के इंतजाम के साथ ही मच्छरों से निजात दिलाने के लिए फागिंग भी मतदान केंद्रों पर कराई गई। मतदाताओं के लिए भी स्वागत द्वार बनाए गए।

चुनाव कराने गए कर्मचारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एमपी सिंह ने तमाम निर्देश दिए हैं। मतदान केंद्रों पर खाने-पीने, रुकने-रहने के बेहतर इंतजाम किए गए हैं। जिले में मच्छरों की समस्या भी अधिक है। रात में कर्मचारियों की नींद मच्छर न उड़ाए इसके लिए मतदान केंद्रों पर प्रशासन द्वारा फागिंग कराई गई। साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की गई। बिजली-पानी की समुचित व्यवस्था के साथ ही शौचालयों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के स्वागत के लिए स्वागत द्वार बनाए गए, उन्हें बूथों तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बूथ संख्या आदि स्पष्ट रूप से अंकित कराए गए हैं। गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर टेंट भी लगवाए गए हैं। मतदाताओं को मतदाता पर्ची पहले ही वितरित करा दी गई है। मतदाताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था के साथ ही कुछ केंद्रों पर व्हील चेयर आदि की भी व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए गए हैं।




मतदान केंद्र पर बनाया गया स्वागत द्वार। अमृत विचार



मतदाताओं को कतारबद्ध करने के लिए लगाई गई रस्सियां।



मतदान केंद्र पर फागिंग करता कर्मचारी। अमृत विचार

# आज करेंगे प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला

**रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद, अमृत विचार।** आज जिले में मतदान का महापर्व है। हरदोई सुरक्षित लोकसभा के लिए सांसद चुनने के लिए मतदान होना है। यहां भाजपा के जयप्रकाश रावत, सपा की उषा वर्मा के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। बसपा ने काफी देर बाद इटावा के रहने वाले एमएलसी भीमराव अंबेडकर को प्रत्याशी बनाया था। इस बार मतदाता शुरू से ही पूरी तरह से खामोशी की चादर ओढ़े हुए थे। लोकतंत्र के पर्व में पहली बार ऐसा देखा जा रहा है कि मतदाता पूरी तरह से खामोश है। भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत को भरोसा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और मोदी उन्हें संसद तक पहुंचा देंगे। सपा प्रत्याशी उषा वर्मा गठबंधन का सहयोग मिलने की बात कर रही हैं। बेरोजगारी, महंगाई, जुमलेबाजी, संविधान बचाओ के अभियान को अपनी जीत का आधार मानकर चल रही हैं। बसपा के भीमराव अंबेडकर एक बार शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में आकर बैठकों में भाग लेकर गायब से हो गए हैं।



सभी क्षेत्रीय लोग मतदान अवश्य करें। बूथ पर जाने से पहले देश की सुरक्षा को और समाज में समरसता लाने की बात अपने दिमाग में अवश्य रखें। महंगाई, बेरोजगारी को दूर करने शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में काम करने तथा एकता और अखंडता को बरकरार रखने वाले लोगों को अपना जनप्रतिनिधि चुनें। जनप्रतिनिधि का चुनाव सोच-समझकर करना चाहिए जल्दबाजी में लिया गया निर्णय हमेशा पछतावे का कारण बनता है। **चौधरी उमेश गुप्ता, समाजसेवी और बाल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष**



सभी पंचायत वासियों से अपील है कि अपना कीमती वोट आज अपने मनपसंद प्रत्याशी के लिए अवश्य डालें। जो क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयासरत रहे, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पानी बिजली और राष्ट्र की एकता और अखंडता को बरकरार रखने वाले व्यक्ति के पक्ष में मतदान करें। मताधिकार अमूल्य है, अपने वोट की ताकत को पहचानें और देश, समाज हित में इसका प्रयोग करें। **डॉ. रामरूप, प्रधान, नरहाई ग्राम पंचायत**



पिछले 10 साल में मोदी की सरकार में बेरोजगारी और महंगाई चरम सीमा पर बढ़ गई। स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बेपटरी हो गई। देश के लोगों को मंदिर और मस्जिद के नाम पर लड़कर गुमराह किया गया। विकास के नाम पर 10 साल में भारत के पास कुछ भी नहीं है। क्षेत्र के मतदाताओं से अपील है कि सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा को बढ़ावा देने वाले प्रत्याशी को वोट दें। **शाहिद खां**



नरेन्द्र मोदी से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। दो बार मोदी ने देश का प्रधानमंत्री बनकर देश का गौरव बढ़ाया। कोरोना जैसी महामारी के वक्त लोगों को सुरक्षित करने का काम किया। राष्ट्रवाद के प्रति मोदी का लगाव भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करता है, इसलिए वह राष्ट्र को मजबूत करने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगे और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील भी करेंगे। **अमित मिश्रा, एडवोकेट**

### बूथ के पास ही चाय नाश्ते की लगीं दुकानें

**हरदोई, अमृत विचार।** मतदान कार्मिकों के लिए बूथ पर ही चाय-नाश्ते और खाने का बंदोबस्त किया गया है। गर्मागर्म चाय के साथ पकौड़ी और पकौड़े हों या फिर खाना,बस एक आवाज़ में सारा कुछ सामने होगा,लेकिन इसके लिए खुद की जेब से बस सस्ता-मद्दा भुगतान करना होगा। लोकसभा चुनाव ड्यूटी पर रवाना हुए कार्मिक जब अपने बूथ पर पहुंचेंगे तो वहां उन्हें सिर्फ 10 रुपये के भुगतान पर गर्मागर्म चाय के साथ बिस्कुट दिया जाएगा। शाम को 7 बजे 50 रुपये के भुगतान पर खाना दिया जाएगा, जिसमें सब्ज़ी-रोटी, दाल-चावल के साथ सलाद होगी। अगले दिन सुबह गर्म पकौड़ी और चाय, दोपहर में 50 रुपये में पूड़ी-सब्ज़ी और चावल के साथ सलाद दी जाएगी।

# जयप्रकाश और ऊषा के बीच माना जा रहा मुख्य मुकाबला

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र के लिए सांसद चुनने के लिए आज सुबह 6 बजे से मतदान शुरू हो जाएगा जो शाम 6 बजे तक चलेगा। बसपा प्रत्याशी के देर से आने एवं बाहरी होने की वजह से मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच ही माना जा रहा है। इस बार मतदाता पूरी तरह से खामोश नजर आ रहा है। सभी दलों में अपने-अपने प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगाया। समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, बहुजन समाज पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की जनसभाएं लगाकर मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास किया, शुरुआत में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार बने लेकिन धीरे-धीरे मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा में सिमटता चला गया। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी उषा वर्मा क्षेत्र से सांसद रहीं हैं और उनका लोगों से लगाव भी रहा। महिला होने के नाते एवं महिलाओं से भी खेतों और खलियानों में लगातार संपर्क करते रहीं। इसके ठीक विपरीत भाजपा के प्रत्याशी और सांसद चुनाव जीतने के बाद पांच साल तक क्षेत्र से गायब रहे। भाजपा के कार्यकर्ता तक उनके संपर्क में नहीं रहे। भाजपा के कार्यकर्ता भी उनसे नाराज हैं, जिसका असर चुनाव पर भी पड़ सकता है।



जयप्रकाश



ऊर्षा वर्मा



बीआर अंबेडकर

# कभी नहीं डाला वोट, लोकतंत्र की धारा से आज भी हैं कटे

## मतदान के अधिकार से वंचित हैं अनुसूचित जनजाति के परिवार, न अधिकारी न जनप्रतिनिधि कभी लेते सुधि

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचार।** लोकतंत्र के महापर्व में जहां शासन-प्रशासन मतदान कराने के लिए रात-दिन एक किए हुए है। मताधिकार का महत्व बताकर वोट घर-घर जाकर वोट जरूर करने की चिरौरी की जा रही है। वहीं एक वर्ग ऐसा भी है जो देश में रहते हुए मताधिकार से कोसों दूर हैं। सरकार जहां जन जातियों के विकास की बात कर रही है, वहीं सड़क किनारे बिना मतदाता कार्ड, बिना आधार कार्ड जीवन जी रहे हैं। यह लोग सरकार के दावों की पोल रहे हैं।

लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का मतदान अधिकार है। इस समय पूरे देश के सबसे बड़ी पंचायत के लिए चुनाव चल रहा है। पूरे देश की जनता से चुने जाने वाले नुमाइंदे देश की सबसे बड़ी पंचायत में जनता के अधिकारों की रक्षा करते हैं, उनकी सुविधाओं के लिए कानून बनाते हैं। चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए लगातार स्वीप अभियान चलाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग का प्रयास है कि कोई भी मतदान से वंचित न रहे। जिले में भी अधिसूचना जारी होते ही मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाने लगा। गांव से लेकर शहर तक स्वीप कार्यक्रम चलाए गए। मतदान को बढ़ावा देने के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों ने स्वीप कार्यक्रम में भाग लिया। उम्रदराज व दिव्यांग मतदान से वंचित न रहें, इसके लिए उनके घरों पर जाकर मतदान कराया गया। चुनाव में लगे कर्मचारियों को पोस्टल-बैलेट से मतदान कराया गया। आवश्यक सेवाओं के लोगों को भी वोट डालने की भी व्यवस्था मतदान के पहले ही की गई। इन सबके बावजूद एक वर्ग ऐसा भी है, जिसकी मतदान में कोई भूमिका नहीं है। लोकतंत्र होने के बावजूद इन्हें आज तक मताधिकार नहीं मिल पाया। तमाम स्वीप कार्यक्रम चले, लेकिन इनको भी मतदान करना है इसके लिए शासन-प्रशासन ने कभी कोई स्वीप कार्यक्रम नहीं चलाया। न तो इनका कहीं आजतक मत बना। यह वर्ग है सड़क किनारे डेरा डालकर रहने वाले बंजारों का। लोहा पीट कर अपना जीवन चलाने वाले इन बंजारों का जन्म इसी सड़क के किनारे होता है। पूरा जीवन जाड़ा, गर्मी, बरसात में यह खुलेआसमान के नीचे ही गुजार देते हैं।



सड़क किनारे बैठीं बंजारों की तीन पीढ़ियां। अमृत विचार

### न मतदाता कार्ड है और न ही आधार कार्ड

अनुसूचित जनजाति का यह वर्ग मतदान से इसलिए वंचित है, क्योंकि इसका न तो मतदाता कार्ड है और न कोई आधार कार्ड। मतदाता कार्ड व आधार कार्ड न होने के कारण इन्हें किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाता है। पूरे चुनाव में उम्मीदवार गांव से लेकर शहर तक दिन-रात वोटों के लिए मतदाताओं की चिरौरी करते रहे। सभी प्रत्याशी मतदाताओं से तमाम वादे करते रहे। तमाम कसमें खाकर उन्होंने विकास की बात कही, लेकिन इस वर्ग के पास कोई भी उम्मीदवार नहीं पहुंचा। कारण कि यह मतदाता ही नहीं है। इनकी समस्याओं को किसी उम्मीदवार ने हल करने की बात नहीं की, क्योंकि इनसे वोट की उम्मीद ही नहीं। सरकारें अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए तमाम बातें करती हैं। यहां तक देश के सर्वोच्च पद पर बैठी राष्ट्रपति भी अनुसूचित जनजाति से हैं। इसके बावजूद इन बंजारों को अब तक देश की मुख्य धारा में नहीं जोड़ा जा सका। जिले में जहां आज लोकतंत्र का पर्व पूरे उत्साह से मनाया जा रहा है, वहीं यह परिवार लोकतंत्र के इस पर्व से कोसों दूर हैं।

### अधिकारियों की कालोनी के बाहर ही है इनका डेरा

जिला मुख्यालय पर जहां सीडीओ, एडीएम व अन्य अधिकारी रहते हैं इस क्षेत्र को पंचबंगिलया कहते हैं। इसी कैनाल रोड पर अधिकारियों के आवास के पास ही सड़क किनारे बंजारों के कई परिवार वर्षों से डेरा डालकर रह रहे हैं। इन्हीं बजारों के कुछ परिवार नगर की बिलग्राम चुंगी व कुछ भाजपा कार्यालय के निकट रहते हैं। महत्वपूर्ण स्थानों पर रहने के बावजूद इनका कोई महत्व किसी की नजर नहीं है।

## पोलिंग पार्टियों का बूथ पहुंचने पर हुआ स्वागत



**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर पहुंची पोलिंग पार्टियों का बूथ अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बताते चलें कि सोमवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रविवार को ही मतदान केंद्रों पर पहुंच गई, जिसके क्रम में विकास खण्ड कोथावां के आदर्श पोलिंग बूथ कन्या प्राथमिक विद्यालय झरोइया मतदाता बूथ भाग संख्या 5 के बूथ अधिकारी अनुदित त्रिपाठी व बूथ संख्या 4 के बूथ अधिकारी पतिराम द्वारा पोलिंग पार्टियों का माल्यार्पण कर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।

## एक नजर

### जंगली सुअर के हमले से किसान घायल

**शाहाबाद, हरदोई।** कालागाड़ा गांव में खेत पर कर काम कर रहे एक किसान पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में किसान को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम काला गाड़ा निवासी सोनपाल 45 वर्ष पुत्र बनवारी सुबह अपने खेत पर काम कर रहा था। उसी समय गन्ने के खेत से निकले एक जंगली सुअर ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। हमले के वक्त आसपास के किसान सूअर के ऊपर दौड़ पड़े जिससे वह भाग गया। जंगली सुअर ने किसान के पैर को निशाना बनाया। पैर में गंभीर चोट होने के कारण उसे तत्काल सीएचसी लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### मनमाना किराया वसूल रहे निजी वाहन चालक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला मुख्यालय से शाहपुर होते हुए सिंगारजोत को जाने वाली सड़क पर रोडवेज बसों का संचालन बंद होने से यात्रियों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। महज 75 किलोमीटर दूरी का किराया चार किश्त में निजी वाहन चालक 200 से 250 रुपये वसूल रहे हैं। सिंगार जोत और आसपास के गांवों के लोगों को तब मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जब डुमरियागंज पहुंचने पर शाम हो जाती है। ऐसे में घर पहुंचने वाले व्यक्ति के लिए गाड़ी रिजर्व करना मजबूरी हो जाती है। क्षेत्र के दीनदयाल यादव कहते हैं कि करीब एक दशक से रोडवेज बस का संचालन बंद है। अगर रोडवेज बस का संचालन शुरू कर दिया जाए तो क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। साथ ही परिवहन निगम का राजस्व भी बढ़ जाएगा। गंगोत्री नाथ त्रिपाठी का आरोप है कि रोडवेज बस संचालन बंद होने से प्राइवेट टैक्सी चालक मनमाना किराया वसूली कर रहे हैं। जिसके चलते जिला मुख्यालय तो दूर डुमरियागंज तहसील पर भी लोगों को आने-जाने में बहुत कठिनाई हो रही है। एआरएम वीके गंगवार ने कहा कि शाहपुर-सिंगारजोत मार्ग पर छोटी बस की जरूरत है, विभाग को छोटी बस के लिए पत्र लिखा गया है।

# बीएलओ बने शिक्षामित्र ने गंगा के किनारे पेड़ पर फांसी लगाई, मौत

हरदोई

**निराशा**

▸▸ प्रा0 विद्यालय बड़ागांव में तैनात था कन्नौज निवासी शिक्षामित्र

**अमृत विचार।** मतदान से ठीक दो दिन पहले ही बीएलओ ने गंगा नदी के किनारे आत्महत्या कर ली। बताया गया कि कन्नौज का रहने वाला बीएलओ बना शिक्षामित्र चुनाव ड्यूटी को लेकर काफी डिप्रेशन में रहता था। प्राथमिक विद्यालय बड़ा गांव में तैनात शिक्षामित्र ने अरवल थाने के कटरी छोछपुर में गंगा नदी के किनारे अपने गमछे से फांसी लगा ली। पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

बताया गया है कि कन्नौज ज़िले के नरेंद्र पुर कोतवाली गुरसराय गंज निवासी 46 वर्षीय शैलेंद्र यादव पुत्र यदुनाथ सिंह पड़ोस के ही प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव शिक्षामित्र था। उसे बीएलओ की ज़िम्मेदारी भी दी गई थी। शैलेंद्र शनिवार की सुबह घर से बिना बताए निकल गया था। उसके बाद उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ हो गया था। उसके बाद से ही उसकी तलाश की जा रही थी। उसी बीच शनिवार की दोपहर उसका शव अरवल थाने के कटरी छोछपुर में गंगा नदी के किनारे एक पेड़ में फांसी पर लटका हुआ देखा गया। जैसा कि उसके घरवालों का कहना है कि बीएलओ बनने के बाद से शैलेंद्र काफी डिप्रेशन में रहता था। उसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। शैलेंद्र के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा तीन बेटे हैं। इस तरह उसकी मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बाइक सवार युवक को सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जा गया लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गया, जिसे पुलिस ने कब्ज़े में ले कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम कोतवाली देहात के लालता पुरवा निवासी संदीप मिश्रा (36) पुत्र रामप्रकाश मिश्रा बाइक से प्रतापनगर चौराहे की तरफ जा रहा था। उसी बीच रास्ते में बेनीगंज कोतवाली के कुइयां चौराहे के पास से सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी।

# कार व ऑटो में टक्कर, पांच घायल

हरदोई

**अमृत विचार।** लखनऊ-पलिया हाई-वे पर कार और ऑटो रिक्शे में हुई आमने-सामने की टक्कर से वहां अफरा-तफरी मच गई। हादसे में सीएनजी ऑटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। बताते है कि कार का अगला पहिया फटने से हुए हादसें में ड्राइवर समेत पांच लोग बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए, जिन्हें एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज भेजा गया है।



हादसे के बाद हाईवे पर लगा जाम। अमृत विचार

रविवार को लखनऊ-पलिया हाई-वे पर लालपालपुर चौराहा पर आ रही आर्टिका कार का अगला पहिया फट गया, जिससे उसकी सीएनजी ऑटो रिक्शे में सामने से ज़ोरदार टक्कर हो गई। जिससे ऑटो के परखच्चे उड़ गए वहीं अर्टिगा कार अगला हिस्सा पूरी तरह से डैमेज हो गया। हादसा होते देख वहां तमाम लोग पहुंच गए, जिन्होंने ऑटो रिक्शे में फंसे हुए लोगों को ज़ख्मी हालत में बाहर निकाला और उन्हें एम्बुलेंस-108 की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया। हादसा होने से हाई-वे पर जाम लग गया। वहां पहुंची लालपालपुर पुलिस चौकी की पुलिस पीआरवी की टीम छानबीन करने में जुट गई है।

# पत्नी से नाराज पति ने की आत्महत्या

हरदोई

**अमृत विचार।** दिल्ली में रहकर पति नौकरी कर रहा था। जबकि पत्नी लखनऊ रहकर निजी सेक्टर में नौकरी कर रही थी। दिल्ली से वापस लौटे पति को जब पत्नी की शर्मनाक करतूत का पता चला तो उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कासिमपुर थाने के बनियान खेड़ा मजरा



घुसपाहा निवासी ब्रजेश (33) पुत्र तेजपाल दिल्ली की एक कंपनी में नौकरी करता था। पत्नी भी लखनऊ में किसी निजी सेक्टर में नौकरी करती थी। दो साल पहले ही ब्रजेश की शादी हुई थी। बताया गया कि ब्रजेश तीन दिन पहले अपने गांव आया था। उसी बीच पत्नी की गलत हरकतों की बारे में उसे पता चला। पत्नी लखनऊ में किसी युवक से दोस्ती थी। जिस पर उसने पत्नी से पूछताछ की। परिजनों के अनुसार पहले तो पत्नी ने उससे बात नहीं करनी चाही, ज्यादा पूछने पर पति को ही बुरा-भला कहने लगी। पत्नी की इन हरकतों से पति को गहरा धक्का लगा और वह अवसाद में चला गया। रविवार की सुबह उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले जाया गया लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया, सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# मेडिकल कालेज में जूनियर छात्रों की रैगिंग का आरोप

हरदोई।

**अमृत विचार।** कालेजों में रैगिंग का सिलसिला अभी भी चल रहा है। मेडिकल कालेज के जूनियर ने प्रिंसीपल को ई-मेल भेज कर कहा है कि उन लोगों के साथ बहुत बुरा हो रहा है, ज़बरदस्ती बाल बनवाए जा रहें है, सीनियर को देख कर जूनियर को मुर्गा बनना पड़ रहा और भी बहुत सी ऐसी बातें है जो बताई नहीं जा सकती। इस तरह भेजी गई ई-मेल ने मेडिकल कालेज के सारे सिस्टम को बेनकाब कर दिया है। मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टरों ने प्रिंसीपल को भेजी ई-मेल में साफ-साफ कहा है कि उनके साथ खुलेआम रैगिंग की जा रही है। ज़बरदस्ती बाल बनवाए जा रहें है। सीनियर को देख कर जो जूनियर मुर्गा नहीं बनता उसे दूसरे तरीके से बेइज़्ज़त किया जाता है। मेल में आगे लिखा है कि और भी कई ऐसी बातें है जो बताईं नहीं जा सकती।

### जमीन पर लटक रहे तार से लगा करंट, मवेशी की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** विद्युत उपकेंद्र कछौना के अंतर्गत ग्राम टिकारी से आंट सांट तक जर्जर विद्युत लाइन व विद्युत पोल झुके होने के कारण जनहानि, पशुहानि की घटनाएं प्रकाश में आ रही है। विद्युत उपकेंद्र कछौना के अंतर्गत ग्राम भुतहैया (टिकारी) निवासी पशुपालक कल्लन रविवार को बच्चे भैंस चराने गए थे। इसी दौरान ग्राम टिकारी से आंट सांट तक जर्जर विद्युत लाइन है। हाईटेंशन विद्युत लाइन काफी जर्जर है, तार काफी नीचे तक है। जिसके कारण भैंस चपेट में आ गई, अन्य भैंसे पशुपालकों के बच्चे बाल बाल बच गए। भैंस की मृत्यु हो गई।

## सार-संक्षेप



कार की लांचिंग करते आरएसएस के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर। अमृत विचार

### एपिक न्यू स्विफ्ट भरेगी फर्राटा, हुई लांचिंग

**हरदोई, अमृत विचार।** मारुति सुजुकी की नई एपिक न्यू स्विफ्ट कार का शुभारंभ रविवार को आरएसएस के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने किया। इस मौके पर कॉन्सेप्ट कार्स के डायरेक्टर सजीव अग्रवाल, यशवर्धन अग्रवाल, सूर्य वर्धन वर्धन अग्रवाल ने बताया कि यह नई तकनीक की कार सड़कों पर फर्राटा भरेगी। इस नई कार में कई नई सुविधा उपलब्ध है। बेहतर इंजन से लेकर बेहतर माइलेज के अलावा अन्य कई बेहतर सुविधा ग्राहकों को यह नई स्विफ्ट मुहैया कराएगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन, कॉन्सेप्ट कार्स के वाइस प्रेसिडेंट पीके सिंह, डा सीपी कटियार, समीर अग्रवाल, विहिप जिला अध्यक्ष आशीष माहेश्वरी रहे।

### पिता का इलाज कराने आए युवकों को दबंगों ने पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मौलागंज स्थित एक निजी अस्पताल में पिता की दवा लेने आए युवक और उसके मौसेरे भाई को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना बेहटा गोकुल के ग्राम सैदपुर निवासी सुमित पुत्र ब्रजपाल ने बताया उसके मौसा हरीराम की तबियत खराब होने पर वह अपने मौसेरे भाई मनुज के साथ उन्हें लेकर शहर के मोहल्ला मौलागंज में प्रकाश नर्सिंग होम लाए थे। जहां उन्हें भर्ती कर लिया गया था। अस्पताल के बाहर उसका मौसेरा भाई पेशाब कर रहा था, तभी मौलागंज के अरबाज अपने भाई निहाल पुत्रगण मोनिस और भल्लू पुत्र मुजीब ने उसे गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने दोनों भाइयों को डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दहेज के लिए घर से भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**हरदोई, अमृत विचार।** पहले तो लड़के को इंजीनियर बता कर शादी की और फिर दहेज़ की मांग करते हुए दुल्हन के साथ न सिर्फ मारपीट होने लगी बल्कि सारा कुछ छीन कर उसे घर से ही भगा दिया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर पति के अलावा सास-ससुर, जेठ और भांजी के खिलाफ दहेज़ उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। बघौली बाज़ार निवासी भोला शंकर उर्फ ओमप्रकाश की पुत्री शीतल ने महिला थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी रजत पाण्डेय पुत्र ज्ञानेंद्र नाथ पाण्डेय निवासी 441/24 मालापुरम जल निगम बालागंज लखनऊ के साथ हुई थी। रजत के घर वालों ने उसे इंजीनियर बता कर 14 लाख की शादी तय की थी, शादी के बाद पता चला कि रजत इंजीनियर नहीं था, बल्कि उसके घर वालों ने दहेज़ के लिए झूठ बोला। शादी के बाद दहेज़ की मांग कर शीतल का उत्पीड़न किया जाने लगा, उसके बाद उससे सारा कुछ छीन कर उसे घर से भगा दिया गया। पुलिस ने पति रजत पाण्डेय, ससुर ज्ञानेंद्र नाथ पाण्डेय, सास शशिबाला, जेठ अभिषेक पाण्डेय और भांजी खुशी मिश्रा के खिलाफ दहेज़ एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

### मायके में युवती ने खाई सल्फास, अस्पताल में मौत

**हरदोई, अमृम विचार।** तकरीबन एक साल से मायके में रह रही युवती ने रविवार को वहीं सल्फास की कई गोलियां खा ली। इसका पता होते ही पिता उसे ले कर मेडिकल कालेज पहुंचा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पति की हरकतों से तंग आ कर वह मायके चली आई थी। बताया गया है कि कोतवाली शहर के मोहल्ला चौहान थोक निवासी शिवराम ने अपनी 23 वर्षीय पुत्री रूबी की शादी लोनार थाने के पट्टापुरवा निवासी अखिलेश के साथ की थी। शिवराम का कहना है कि पति की हरकतो से तंग रूबी करीब एक साल से मायके मे.ही थी। रविवार को उसने कहीं से सल्फास की गोलियां मंगा कर उन्हे खा गई। हालत बिगड़ने पर जब इस बात का पता हुआ, तो उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पिता का आरोप है कि उसकी पुत्री ने ससुरालियो की हरकतों के चलते ऐसा कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुत्री को प्रताड़ित करने का ससुरालीजनों पर आरोप

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौहनिया में ब्याही पुत्री की ससुराल वालों पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पिता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू की है।

थाना पिहानी के ग्राम हाजीपुर निवासी पीड़ित पिता काशीनाथ ने बताया उसने पुत्री सरिता का विवाह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौहनियां निवासी प्रमोद पुत्र रामसागर के साथ हिंदू रितिरिवाज से किया था। उसने हैसियत मुताबिक दहेज भी दिया था, लेकिन पुत्री का पति सास और ससुर उसे कम दहेज लाने के कारण आए दिन प्रताड़ित करते हैं। उसका दामाद इस समय दिल्ली में काम करता है, लेकिन वह फोन से अपने माता-पिता को उसकी पुत्री को प्रताड़ित करने के लिए उकसाता है कि और खुद फोन पर गाली गलौज करता है। रविवार को दोपहर दो बजे पुत्री की सास और ससुर ने उसकी पुत्री को मारा पीटा। उसने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।



### बूथों पर पहुंचकर मतदान कर्मचारियों ने कीं तैयारियां

**हरदोई, अमृत विचार।** मतदान कर्मियों ने रविवार को मतदान केंद्रों पर पहुंच कर मतदान कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी। मतदान से पहले भरे जाने वाले प्रपत्र आदि को पूर्ण किया। मतदान के दौरान कई लिफाफों में तरह-तरह के प्रपत्र रखने पड़ते हैं, इन सबको भी केंद्रों पर पहुंच कर पूर्ण किया। पूर्व में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान मतदान में सहायक सामग्री दे दी जाती थी, जिससे वह प्रपत्र आदि पहले ही तैयार कर लेते थे।

# बेहतर इंतजाम देखकर कार्मिकों में बढ़ा उत्साह

**हरदोई।** जिले में वर्षों से चुनाव करा रहे कर्मचारियों को इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार दिखी। जिलाधिकारी व उनकी टीम के लोग सराहना करते दिखे। कर्मचारियों के लिए पानी, बिस्कुट निःशुल्क उपलब्ध था। भीषण गर्मी के बावजूद किसी को भी पानी की दिक्कत नहीं उठानी पड़ी। कर्मचारियों को बोतलबंद पानी दिया जा रहा था। इसके अलावा पानी के कैंपर में ठंडा पानी उपलब्ध था। पानी की कोई कमी न रहे, इसके लिए ठंडे पानी के टैंकर भी खड़े किए गए। इन सबके बावजूद खाने-पीने की दुकानें लगाई गई थी, जिन पर लोग खा पी रहे थे। बताया कि ड्यूटी लेते ही कर्मचारियों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा था। गर्मी में किसी भी प्रकार की कर्मचारियों को दिक्कत न हों, इसके लिए कर्मचारी के ड्यूटी काउंटर पर पहुंचते ही पानी की बोतल दी जा रही थी। जिले में वर्षों से चुनाव करा रहे कर्मचारियों को इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार दिखी। जिलाधिकारी व उनकी टीम के लोग सराहना करते दिखे।

**समस्या** चुनाव के चलते रोडवेज बसें सुरक्षा कर्मियों को ले जाने में लगाई गईं

# बसें न होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

हरदोई

**अमृत विचार।** चुनाव के चलते रोडवेज बसें सुरक्षा कर्मियों को ले जाने में लगाई गई हैं, जिससे बसों की संख्या काफी कम हो गई है। बसों की कमी के चलते यात्री घंटों गर्मी के मौसम में बस अड्डे पर बसों का इंतजार करते रहे।

लोकसभा चुनाव में सुरक्षा कर्मियों को मतदान केंद्रों तक लाने व ले जाने के लिए रोडवेज की बसें लगाई गई हैं। रोडवेज बसों के चुनाव में लग जाने से यात्रियों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। अपने गंतव्य पर पहुंचने से पहले बस स्टैंड पर घंटों बसों का इंतजार करना पड़ा। भीषण गर्मी के चलते यात्रियों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। यह दिक्कतें 14 मई तक इसी प्रकार चलती रहेंगी।





बस के इंतजार में रोडवेज बस अड्डे पर बैठे यात्री। अमृत विचार

चुनाव में लगी बसों को बस स्टैंड परिसर में स्थित सरकारी पंप से डीजल दिया जाता है। चुनाव ड्यूटी के लिए दर्जनों बसें विभिन्न डिपो की यहां पर लगाई गई हैं। ड्यूटी पर रवाना होने से पहले बसों को यही से डीजल भरवाना था। एक मशीन होने के कारण चालकों को काफी असुविधा उठानी पड़ी।

# दुधमुंहे बच्चे को छोड़कर बहू ससुराल से हुई लापता

हरदोई

**नकदी व जेवर ले गई**

▸▸ सास ने पुलिस को दी तहरीर में गिनाई बहू की कारस्तानी

**अमृत विचार।** आए दिन लड़ने-झगड़ने वाली बहू ने रात के अंधेरे में बक्से से नगदी और ज़ेवर समेट लिया और फिर दुधमुंहे बच्चे को अकेला छोड़ कर चलती बनी, उसकी सास ने पुलिस को दी तहरीर में उसकी सारी कारस्तानी का खुलासा किया है।

बेनीगंज कोतवाली के नयागांव मझिगवां की कुसुमकली पत्नी सुरेंद्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी बहू रामगुनी हर दिन घर में लड़ाई-झगड़ा करती थी। शनिवार को उसने पति सर्वजीत के साथ मारपीट करते हुए उसे काट खाया। खैर किसी तरह बातचीत से झगड़ा निपटा लिया गया। उसके बाद उसी दिन रात में घर में रखा बक्से का ताला तोड़ कर उसमें रखे ज़ेवर और मकान बनवाने के लिए जोड़े गए 74 हज़ार रुपये समेट लिए, अपने दुधमुंहे बच्चे को अकेला छोड़ कर चली गई। इतना ही नहीं इससे पहले उसने झूठा केस दर्ज कराने की धमकी भी दी थी। कुसुमकली का कहना है कि रामगुनी की मां भी उसके साथ थी। रामगुनी का मायका सण्डीला कोतवाली के ककरौआ मल्हेरा में बताया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# कांग्रेस के समय में गरीब भूख से मरते थे, भाजपा दे रही राशन: योगी आदित्यनाथ

**लोक सभा चुनाव**

**चौथे चरण से पहले सिधौली विधान सभा में सीएम ने की जनसभा**

**सीतापुर, अमृत विचार।** मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की सिधौली विधानसभा में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के प्रत्याशी/केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के समर्थन में एक विशाल चुनावी जनसभा का संबोधन किया। मुख्यमंत्री ने सिधौली के बाबा विश्वेश्वर धाम को प्रणाम करते हुए अपनी बात प्रारंभ की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में तीन चरण का चुनाव पूरा हो चुका है कल चौथे चरण का चुनाव होना है और मोहनलालगंज 20 मई को मतदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली की सत्ता का संचालन एक राम भक्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा की एक तरफ राम भक्त हैं तो दूसरी तरफ ऐसे लोग हैं जो भ्रष्टाचारी है और देश के विकास को देखना नहीं चाहते। ऐसी श्रेणी में दो लोग आते हैं एक इंडी गठबंधन और दूसरा पाकिस्तान। दोनों के स्वर राम के विरोध और भारत के अनुसूचित जाति जनजाति, पिछड़े वर्ग का अपमान बेटियों एवं व्यापारियों की सुरक्षा के विरोध के हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि आज सीतापुर के नैमिषारण धाम का अयोध्या धाम के तर्ज पर विकास हो रहा है किसान पथ को मोहनलालगंज से जोड़ा गया है रेलवे की सीतापुर से लखनऊ को जोड़ने वाली छोटी लाइन को बड़ी लाइन कर दिया गया है। जिस पर ट्रेन बुलेट ट्रेन की स्पीड से दौड़ रही है। कांग्रेस के समय कोयले की ट्रेनें अस्तित्वविहीन थी। आज भाजपा सरकार में चारों तरफ हाईवे बनाए जा रहे हैं। लखनऊ के एयरपोर्ट का विश्वस्तरीय विकास हुआ है। आईआईटी, आईआईएम मेडिकल कॉलेज बनाये जा रहे हैं।



जनता का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मोहनलालगंज प्रत्याशी कौशल किशोर।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कांग्रेस के समय में जनता और गरीब भूख से मरते थे आज नरेंद्र मोदी सरकार ने मुफ्त राशन देकर भुखमरी को समाप्त किया है। किसान सम्मान निधि पाकर किसान खुशहाल है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के गठबंधन पर आरोप लगाया कि यह गठबंधन जजिया कर के रूप में संपत्ति टैक्स वसूलना चाहता है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में अल्पसंख्यकों को मनमाने भोजन के अधिकार की बात कही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया यह भोजन वही है, जिसे हिंदू अपनी आस्था मानता है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से सवाल करते हुए कहा क्या हिंदू ऐसे गठबंधन को मतदान करेगा जो उसकी आस्था की हत्या करने की सोच रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पाकिस्तान और इंडी गठबंधन का डीएनए एक जैसा दिख रहा है उनकी सरकार में गरीब जनता भूखे मर रही थी और पाकिस्तान की जनता भी भूख से मर रही है। अंत में मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के आरक्षण से छेड़छाड़ करके संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर का अपमान करने पर तुली है। एससी एसटी ओबीसी का आरक्षण काटकर कांग्रेस मुसलमानों को देने की नीति बना रही है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार धर्म के आधार पर आरक्षण कभी स्वीकार नहीं करती और न इसे लागू होने देगी। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी से 20 मई को कमल वाले बटन को दबाकर बीजेपी प्रत्याशी को जिताने की अपील की।

इस अवसर पर सीतापुर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम को भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर, सिधौली विधायक मनीष रावत, एमएलसी पवन सिंह चौहान, लखनऊ जिला अध्यक्ष विनय सिंह, पूर्व विधान परिषद सदस्य भारत त्रिपाठी व पूर्व विधान परिषद सदस्य राकेश सिंह आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सीतापुर जिला प्रभारी नीरज सिंह ने किया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

**एक नजर**

## सुलह न करने पर महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**लहरपुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतौली निवासिनी रिंकी देवी पत्नी राजेश ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के कुलदीप, संदीप, मेडई व उसका दामाद महेश, उस पर उसके द्वारा लिखाए गए मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहे थे, उसके द्वारा मना करने पर उक्त लोगों ने घर में घुसकर उसे गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। साथ ही घर का सामान भी तोड़ डाला। दबंगों ने उसके पति राजेश व मायावती जो उसे बचाने का प्रयास कर रहे थे उनको भी मारा पीटा। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पीड़िता रिंकी देवी की तहरीर पर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस प्रेक्षक ने लिया मतदान स्थलों का जायजा

**रेहरा बाजार, अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों ने कवायद तेज कर दी है। रविवार को पुलिस प्रेक्षक गोण्डा अर्नव घोष ने अधिकारियों की टीम के साथ रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के अति संवेदनशील ग्राम सभा अधीनपुर, ग्वालियर ग्रंट व रेहरा बाजार आदि के मतदान स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर मातहतों को जरूरी निर्देश दिया।

# आज ईवीएम में लॉक होगी उम्मीदवारों की किस्मत

### सीतापुर संसदीय क्षेत्र में भाजपा, बसपा व गठबंधन समेत आठ प्रत्याशियों ने जताई है उम्मीदवारी

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** चौथे चरण के लिए सीतापुर लोकसभा सीट पर आज मतदान होना है। सीतापुर संसदीय सीट के लिए आठ उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जायेगी। 17,59,943 मतदाता रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मुद्दों को ध्यान में रखकर मतदान करने जायेंगे। मतदान के लिए जिला प्रशासन ने मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए हर संभव तैयारियां की हैं। बूथों पर सुरक्षाबल तैयार किए गए हैं। पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथों पर मतदान को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। सीतापुर की सदर संसदीय सीट में पांच विधानसभाएं बिसवां, महमूदाबाद, लहरपुर, सेउता व सदर आती हैं।

- 18-19 आयु वर्ग के नये मतदाताओं की संख्या 21651
- कुल 18-19 आयु के युवा मतदाताओं की संख्या 29621

**17,59,943** कुल मतदाता

**9,36,032** पुरुष मतदाता

**8,23,850** महिला मतदाता

**61** थर्ड जेंडर


मतदान स्थल पर तैयारी में जुटे अधिकारी। अमृत विचार

**पांच विधानसभाओं में मतदाताओं की संख्या**

| क्रमांक | विधानसभा | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता |
|---|---|---|---|
| 1. | सीतापुर सदर | 213171 | 190162 |
| 2. | लहरपुर | 192305 | 169694 |
| 3. | बिसवां | 182292 | 162290 |
| 4. | सेउता | 173859 | 147966 |
| 5. | महमूदाबाद | 174405 | 153738 |

- विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदेय स्थलों की संख्या 2018
- कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1233

| सांसद प्रत्याशी | पार्टी का नाम |
|---|---|
| राजेश वर्मा | भारतीय जनता पार्टी |
| राकेश राठौर | गठबंधन (कांग्रेस-सपा) |
| महेंद्र यादव | बहुजन समाज पार्टी |
| काशिफ अंसारी | अपना दल (कमेरावादी) |
| चंद्र शेखर वर्मा | राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी |
| राम आधार वर्मा | सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी |
| लेखराज लोधी | आजाद समाज पार्टी (काशीराम) |
| विद्यावती गौतम | निर्दलीय |

# मौरंग लदा ट्रक पलटा बाल-बाल बचे लोग


सड़क किनारे पलटा ट्रक। अमृत विचार

**संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर**

**अमृत विचार।** नगर के व्यस्तम चौराहा मजाशाह के निकट मोरंग उतार रहा एक ट्रक अचानक संतुलन बिगड़ने से पलट गया। जिससे लोग बाल-बाल बच गये। नगर के मजाशाह चौराहा के निकट एक दुकान पर एक बड़ा डंपर ट्रक मौरंग उतारते समय संतुलन बिगड़ जाने से पलट गया। जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रक को क्रेन की सहायता से सीधा करते समय मार्ग बंद हो जाने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई और भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार 12 चक्का हाइड्रोलिक डंपर ट्रक, डंपर को पलट कर मोरंग उतर रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ जाने से डंपर पलट गया, क्रेन की सहायता से ट्रक को सीधा कर आवागमन बहाल कर दिया गया।

# बूथों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, 8 विधानसभाओं में होगा मतदान


आरएमपी कॉलेज से रवाना होतीं पोलिंग पार्टियां। अमृत विचार


मतदान सामग्री का मिलान करते कार्मिक। अमृत विचार

**तैयारी**

**पोलिंग बूथों पर कैमरों से निगरानी, अतिसंवेदनशील बूथों पर ड्रोन से होगी निगरानी**

**सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को आरएमपी इंटर कॉलेज से समस्त बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य स्थानों की तरफ रवाना हो गईं। कॉलेज में पार्टियों की सुविधा के लिए पंडाल आदि की व्यवस्थाएं की गईं। डयुटी काउंटर से मतदान सामग्री लेने के बाद कार्मिक उनका मिलान करते रहे। उसके बाद वह अपने-अपने बूथों के लिए प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये गये वाहनों से रवाना हो गये।

मालूम हो कि जिले की नौ विधानसभा सीटों में से आठ सीट पर चैथे चरण के तहत आज वोट डाले जाएंगे। ऐसे में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह सहित आला अधिकारियों ने सुबह से आरएमपी स्कूल में पहुंचकर पार्टियों की जल्द से जल्द रवानगी की तैयारियां शुरू कर दीं। चौथे चरण के मतदान के लिए आठ विधानसभाओं में कुल 3578 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। जिसके लिए 14312 मतदान कार्मिकों को आरएमपी इंटर कॉलेज मैदान से से रवाना किया जो मिलिट्री फार्म पर खड़े वाहनों में अपने पोलिंग बूथ की तरफ निकल गये। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने बताया आज जिले की आठ विधानसभाओं में शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ होकर शाम छः बजे तक कराया जाएगा।



काउंटर पर कर्मचारी से जानकारी लेते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

### तीन भागों में बांटे गये पोलिंग बूथ

डीएम अनुज सिंह, प्रशिक्षु आईएस नितिन सिंह एवं एसपी चक्रेश मिश्र ने रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित "सरदार पटेल सभागार" में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर मतदान की ड्यूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई। एसपी ने आठ विधानसभाओं के सभी मतदान केन्द्रों को तीन भागों में सामान्य बूथ, संवेदनशील बूथ एवं अतिसंवेदनशील बूथ में बांटा है। सामान्य बूथों पर सिविल पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में मतदान को सम्पन्न करायेगी। वहीं संवेदनशील बूथों पर अर्धसैनिक बल, सीआरपीएफ, बीएसएफ की निगरानी में चुनाव होगा। इस दौरान एडीएम, एएसपी दक्षिणी, सभी एसडीएम, क्षेत्राधिकारी व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नाकाफी साबित हुईं व्यवस्थाएं

**सीतापुर, अमृत विचार।** पोलिंग पार्टी के रवानगी स्थल पर प्रशासन ने भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए टेंट, पंखे, कूलर आदि की जो व्यवस्था कराई थ्गई थी, वह नाकाफी साबित हुई। साथ ही पेयजल के लिए भी मतदानकर्मियों को जूझना पड़ा। ऐसे में मतदानकर्मियों ने ठेले, खोमचों पर पानी की बोतल आदि खरीद कर अपनी प्यास बुझाई। इसके अलावा प्रवेश और निकासी में भी मतदानकर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, खासकर महिलाओं को विशेष असुविधा हुई। इसके साथ-साथ ट्रक व डीसीएम से मतदानकर्मियों को बूथ तक भेजा गया। ऐसे में महिलाओं ने ट्रक व डीसीएम में सफर किया।

### डीएम व एसपी की अपील: भयमुक्त होकर करें मतदान

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने मतदाताओं से खास अपील की कि इस महापर्व पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और मतदान करें, दूसरों को भी प्रेरित करें। पुलिस कप्तान चक्रेश मिश्र ने भी अपील की है कि भयमुक्त होकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी को मतदान करें। पुलिस पूरी तरह से अराजकतत्वों से कड़ाई से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि किसी के भी बहकावे या दबाव में आने की कोई आवश्यकता नहीं है, यदि किसी भी पार्टी विशेष या अराजकतत्वों द्वारा धमकी, दबाव या भय दिखाकर मतदान का प्रयोग कराया जाता है तो इसकी शिकायत सभी सम्बंधित मतदाता कंट्रोल रूम व चिन्हित अधिकारियों से कर सकते हैं।


एक रास्ते से आते-जाते मतदान कार्मिक। अमृत विचार




पोलिंग पार्टियों को ले जाने के लिए खड़ी डीसीएम। अमृत विचार

# दो समाजसेवी स्वच्छता मिशन के नियुक्त किए गए ब्रांड एंबेसडर

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** आदर्श नगर पंचायत हरगांव के अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत हरगांव के दो समाजसेवियों सुभाष चंद्र जोशी व कन्हैया लाल जोशी को स्वच्छता मिशन का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र ने बताया कि इन लोगों द्वारा नगर पंचायत हरगांव के समस्त वार्डो में स्वच्छता के लिए नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। वार्डों के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया जाएगा।


समाजसेवी को प्रमाण पत्र देते चेयरमैन गफ्फार खां व ईओ श्रीश मिश्र। अमृत विचार

इस अवसर पर चेयरमैन गफ्फार खां, सभासद मो. सलीम, उमेश चंद्र जायसवाल सहित कर्मचारी अहिबरन लाल, दीपक कुमार दीपू, मो. शमीम, आशुतोष शुक्ला, रामानुज शुक्ल, मनोज अवस्थी, राकेश अवस्थी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

**जागरूकता** आंख अस्पताल व एचसीपी क्योर ब्लाइंडनेस ने आशाओं को दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

# आंख में चोट लगे तो 24 घंटे के अंदर चिकित्सक को दिखाएं

**संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर**

**अमृत विचार।** लोगों को आंखों की बीमारियों से बचाने के लिए आंख अस्पताल व एचसीपी क्योर ब्लाइंडनेस ने आशाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया। एचसीपी क्योर ब्लाइंडनेस संस्था और सीतापुर आंख अस्पताल की तरफ से चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन सावित्री डेंटल क्लीनिक में किया गया।

ग्रामीण अंचलों में लोगों को आंख की बीमारियों से बचाने के लिए मास्टर ट्रैनर बिमल पौड़ियाल ने 155 आशाओं को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में एशिया प्रोग्राम कॉर्डिनेटर पिंकी कटारिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी अमृत अवस्थी, लहरपुर ब्लॉक सुपरवाइजर ब्रजेन्द्र, विजन सेंटर इंचार्ज विवेक अवस्थी ने भी आशाओं को ग्रामीण अंचलों में अकस्मात आंख में लगने वाली चोटों से बचाव व इलाज के लिए प्रशिक्षित किया। इस मौके पर प्रमुख प्रशिक्षक विमल पौडियाल ने कहा कि माड़े की वजह से होने वाले अंधेपन का समाधान आशा बहुयें ही कर सकती हैं, क्योंकि चोट लगने के 24 घंटे के अंदर मरीज का इलाज हो जाये तो अल्सर होने की नौबत नहीं आएगी, लेकिन ज्यादातर लोग देरी से अस्पताल पहुंचते हैं इसलिए वे अंधे हो जाते है, आशाओं को ट्रेनिंग के साथ साथ आंख जांच करने के उपकरण और दवायें भी दी गयीं जिससे वह मरीजों का निशुल्क इलाज कर सकें। उन्होंने बताया कि अब तक 1 लाख से अधिक मरीजों का इलाज किया जा चुका है और 50 हजार से अधिक मरीजों को अंधे होने से बचाया जा चुका है।



नि:शुल्क शिविर के दौरान मौजूद चिकित्सक, आशा बहुएं व संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# सकारात्मक पहल

भारत-चीन संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण स्थिति में हैं। समय-समय पर चीन की तरफ से ऐसी गतिविधियां हुईं जिससे दोनों देशों के बीच शांति की गुंजाइश के इंतजार को और बढ़ाया ही है। चीन से तनावपूर्ण संबंधों की बात स्वयं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी स्वीकार्य की है। हाल ही में एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, चीन के साथ हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं, क्योंकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग हो गई है। इसलिए वह उम्मीद जता रहे थे कि चीनी सरकार को यह महसूस करना चाहिए कि वर्तमान स्थिति उसके हित में नहीं है। गौरतलब है कि भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध चल रहा है और सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। हालांकि दोनों पक्ष कई बिंदुओं से पीछे हट गए हैं। भारत लगातार यह कहता भी रहा है कि समग्र संबंधों को सामान्य बनाने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति महत्वपूर्ण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत सदैव से शांति का पक्षधर रहा है। चाहे पाकिस्तान हो या चीन भारत ने कभी उनको किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाने की पहल नहीं की। जब सीमा के उस पार से भारत विरोधी कोई हरकत या गतिविधि हुई तभी भारत ने विरोध स्वरूप कोई कार्रवाई की।

बीते दिनों पूर्वी लद्दाख सैन्य गतिरोध के पांचवें वर्ष में प्रवेश करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति से निर्भर करती है। यह बात सही है कि जब तक सीमा पर शरारत पूर्ण हरकतें बंद नहीं होंगी तब किसी भी देश के साथ शांति स्थापित कर मैत्रीपूर्ण संबंध की कल्पना करना दिवास्वपन जैसा ही है। इसके इतर बात की जाए तो हर देश अपने पड़ोसी देशों से शांति और मैत्रीपूर्ण संबंधों की अपेक्षा करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब तब इस बात को दोहराते रहते हैं। भारतीय नेतृत्व के इस तरह के रूख को देखते हुए चीन भी भारत से पुनः मैत्रीपूर्ण संबंधों की चाह रख रहा है। शायद तभी भारत में 18 माह से खाली पड़े पद पर चीन ने अपना राजदूत नियुक्त कर भेजा है। बीते दिनों भारत में चीन के नए राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। चीन के इस रूख से दोनों देशों के बीच संबंधों में कितना सुधार होगा यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इसे संबंधों के सुधार की दिशा में एक सकारात्मक पहल जरूर कहा जा सकता है।

# सभी तबके के मुसलमानों को मिलता है आरक्षण



डॉ. फैयाज अहमद फैजी
चिकित्सक, लखनऊ

दक्षिण भारत के राज्यों विशेष रूप से तमिलनाडु और केरला में लगभग सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी के आरक्षण में समाहित किया गया है, जो कि न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। यहां यह गौरतलब है कि इन्हीं राज्यों की केंद्रीय ओबीसी की लिस्ट में सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से मजबूत मुस्लिम जातियों को बाहर रखा गया है, जो कि न्याय संगत भी है।

लोकसभा के चुनाव के बीच एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा बहस के केंद्र में हैं। कोई सारे मुसलमानों को आरक्षण देने की बात करता है तो कोई सारे मुसलमानों के आरक्षण को खत्म करने की बात करता है। मुस्लिम आरक्षण सदैव से एक अबूझ पहली रही है। समाज से लेकर न्यायालायों तक में इस पर बहसें होती रहीं हैं।

सबसे पहले यह तथ्य समझ लेना चाहिए कि ईडब्लूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) आरक्षण लागू होने के बाद ऐसा कोई मुस्लिम तबका नहीं है, जो आरक्षण की परिधि से बाहर हो अर्थात् लगभग सारे मुसलमान पहले से ही आरक्षण का लाभ लें रहें हैं। विदित रहे कि मजहबी पहचान के नाम पर आरक्षण संविधान के मूल भावना के विरुद्ध है। कोई भी मजहब पिछड़ा या दलित नहीं होता है, बल्कि उसके मानने वालों में गरीब, पिछड़े और दलित हो सकते हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए आरक्षण की ईडब्लूएस, ओबीसी और एसटी कैटेगरी में अन्य धर्मों के मानने वालों के साथ-साथ सारे मुसलमानों को भी समाहित किया गया। हालांकि एससी कैटेगरी के आरक्षण से अभी भी मजहबी पहचान के आधार पर ईसाई और मुस्लिम धर्मावलंबी दलित (इन्हें ओबीसी में रखा गया है) बाहर हैं। यह मामला सर्वोच्च न्यायलय में पिछले लगभग 23 वर्षों से विचाराधीन है और केंद्र सरकार ने दो वर्षीय कार्यकाल और तीन सदस्यीय आयोग गठित कर इस पूरे मुद्दे पर रिपोर्ट तलब किया है।

दक्षिण भारत के राज्यों विशेष रूप से तमिलनाडु और केरला में लगभग सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी के आरक्षण में समाहित किया गया है, जो कि न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। यहां यह गौरतलब है कि इन्हीं राज्यों की केंद्रीय ओबीसी की लिस्ट में सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से मजबूत मुस्लिम जातियों को बाहर रखा गया है, जो कि न्याय संगत भी है। इन राज्यों के आरक्षण की लिस्ट से सशक्त मुस्लिम जातियों (अशराफ मुसलमान) को बाहर किया जाना चाहिए ताकि सामाजिक न्याय के आधार पर योग्य जातियों एवं समुदायों को ही आरक्षण का लाभ मिले। इसके लिए संबंधित

सबसे पहले यह तथ्य समझ लेना चाहिए कि ईडब्लूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) आरक्षण लागू होने के बाद ऐसा कोई मुस्लिम तबका नहीं है, जो आरक्षण की परिधि से बाहर हो अर्थात् लगभग सारे मुसलमान पहले से ही आरक्षण का लाभ लें रहें हैं।

राज्यों के ओबीसी लिस्ट को केंद्रीय ओबीसी लिस्ट के तर्ज पर तैयार किया जा सकता है। पिछले वर्ष कर्नाटक राज्य की भाजपा सरकार ने कर्नाटक स्टेट कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लास की अनुशंसा पर ओबीसी आरक्षण के अंतर्गत केवल मुस्लिमों के लिए (विशेष रूप से मुस्लिम आरक्षण) आवंटित कैटेगरी 2 बी (4 प्रतिशत) को समाप्त कर इसमें आने वाले मुस्लिमों को ईडब्ल्यूएस (10 प्रतिशत) में शिफ्ट कर दिया और 2 बी के 4 प्रतिशत को दो बराबर भागों में विभाजित कर ओबीसी की अन्य कैटेगरी 3 ए (अब 2 सी) और 3 बी (अब 2 डी) को दे दिया। सरकार के इस फैसले को बाद में कोर्ट में चुनौती दी गई है।

यह आरक्षण शुद्ध रूप से धार्मिक पहचान पर आधारित था, यहां तक कि इस कैटेगरी के लिए बनने वाले सर्टिफिकेट पर भी कास्ट के आगे मुस्लिम लिखा रहता था, जो संविधान सम्मत नहीं था। यहां गौरतलब है कि सामाजिक न्याय के आरक्षण के लिए अर्ह मुस्लिमों की अधिकतर पसमांदा जातियों को पहले से ही ओबीसी के कैटिगरी 1 (4 प्रतिशत), 2 ए (15 प्रतिशत) और एसटी (7 प्रतिशत) में रखा गया है, जो अभी भी यथावत बरकरार है। यानी पसमांदा जातियों को पहले की तरह ओबीसी के 19 प्रतिशत और एसटी के 7 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है। जहां तक तेलंगाना और आंध्रा के ओबीसी की केटेगरी बीसी-इ (4 प्रतिशत) की बात है तो वो मजहबी पहचान/धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि शैक्षिक और सामाजिक रूप से पिछड़े होने की पहचान के आधार पर चिन्हित मात्र 13 मुस्लिम पिछड़ी जातियों (पसमांदा) को ही सम्मिलित किया गया है। बीसी-ए और बीसी-बी में मुस्लिम समाज की जातियां यथा मेहतर, दूदेकुला, नूरबाश, पिंजारी अन्य धर्मों के पिछड़ी जातियों के साथ पहले से ही शामिल हैं। ठीक इसी प्रकार केटेगरी बीसी-सी में केवल ईसाई धर्म की वंचित जातियां दर्ज हैं। इन दोनों कैटेगरी में केवल मुस्लिम और केवल ईसाई धर्म विशेष की पिछड़ी जातियों के दर्ज होने से यह भ्रम उत्पन्न होता है कि यह आरक्षण धर्म के आधार पर है, जबकि यह पूरी तरह से संवैधानिक मंशा के अनुरूप शैक्षिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर है। इस भ्रम को दूर करने के लिए ओबीसी के वर्गीकरण पर पुनः विचार करते हुए धर्म निरपेक्ष वर्गीकरण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त देश के अन्य प्रदेशों में सारे मुसलमानों को नहीं, बल्कि मुस्लिम समाज के वंचित जातियों को ही ओबीसी और एसटी के आरक्षण में सम्मिलित किया गया।

सच्चर कमेटी के अनुसार ओबीसी आरक्षण के केन्द्र व राज्य सूची में असमानता अब भी मौजूद है। यह एक साधारण शिकायत है, जो केवल मुस्लिमों से ही जुड़ी हुई नहीं है। धार्मिक पहचान से परे ऐसे कई ओबीसी समूह हैं, जो राज्यसूची में हैं, लेकिन केन्द्र सूची में नहीं हैं। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा अनुशंसित 95 सामाजिक समूहों को ओबीसी सूची में सम्मिलित किया गया है, लेकिन इनमें से केवल 65 समूहों को ही केंद्र सूची में जगह मिल पाई है। उत्तर प्रदेश की ओबीसी सूची में 74 जातियां सम्मिलित हैं, लेकिन केन्द्र की सूची में केवल 65 जातियां शामिल हैं। ऐसी विभिन्नता मुस्लिम ओबीसी की स्थिति में भी पाई जाती है। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश की राज्य सूची में 37 समुदाय, मुस्लिम समूहों के रूप में सम्मिलित हैं, लेकिन उनमें से केवल 27 ही केन्द्रीय सूची में हैं। बिहार में सूचियों के नवीनीकरण के बाद 17 ओबीसी समूह ऐसे हैं, जिन्हें केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। उत्तर प्रदेश में 2 मुस्लिम समूह- मिर्शिकार व नानबाई को केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। गुजरात में मुस्लिम समूह जैसे कि जिलाया, तरियातई, मंसूरी, बरब, सूमरा, तरक कलाल और नहवैया राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में हैं, लेकिन केन्द्रीय सूची में नहीं। इसी प्रकार महाराष्ट्र में कई मुस्लिम समूह जैसे कि मंसूरी, पान फरोश, अतार, मुस्लिम मदारी, मुस्लिम गावली, दरवेशी, हाशमी (डफाली), नालबंद ऐसे हैं, जिन्हें केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। राज्य सरकारों द्वारा बनाई गई ओबीसी सूचियों में भी कई ऐसी वंचित जातियां और समुदाय हैं, जिन्हें सूची में जगह नहीं मिली है। ऐसे कुछ मुस्लिम समूह है, जिन्हें केंद्र की सूची में जगह मिली है, परंतु जिन्हें अभी राज्य सूची में सम्मिलित किया जाना बाकी है।

बिहार में कलवार, राजस्थान में मुसूरी, उत्तर प्रदेश में आतिशबाज, पश्चिम बंगाल में राईन, कलवार, रंगबाज और चूड़ीहार ऐसे मुस्लिम समुदायों के उदाहरण हैं। अभी भी ऐसे कई समूह हैं, जिन्हें न तो केन्द्र और न ही राज्य की सूची में जगह मिल पाई है। यह बात न्याय संगत है कि मुस्लिम समाज के वंचित जातियों का उत्थान उनके मजहबी पहचान के इतर सामाजिक, शैक्षिक, राजनीतिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन के अनुरूप हो। इसीलिए यह उचित है कि अनुच्छेद 341 के पैरा 3 को हटाकर मुस्लिम धर्मावलंबी और ईसाई धर्मावलंबी दलित को भी एससी आरक्षण में सम्मिलित किया जाए और ओबीसी आरक्षण की तरह एससी आरक्षण में भी क्रीमी लेयर एवं वर्गीकरण किया जाए। दक्षिण भारत के प्रमुख राज्यों यथा कर्नाटका, तमिलनाडु और केरला के ओबीसी आरक्षण से शासक वर्गीय सशक्त अशराफ जातियों को बाहर निकाला जाए। साथ ही सच्चर कमेटी द्वारा दर्शायी गई केंद्रीय और राज्य सरकारों की जातिसूची की विसंगतियों को सुधारने का प्रयास हो। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी ईश्वरैया के मतानुसार केंद्र और राज्यों के अन्य पिछड़े वर्ग को तीन समूहों में विभाजित किया जाए ताकि मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हो और आरक्षण किसी भी स्तिथि में मुस्लिम सांप्रदायिकता का मुद्दा न बनने पाए।

## प्रसंगवश

# आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

आठवीं सदी से पहले भारत धार्मिक अव्यवस्था से ग्रस्त हो गया था जिसे अनुशासित और व्यवस्थित करने के लिए आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन को प्रतिष्ठित किया। श्रुतियों के भाष्यों में उन्होंने बताया की अनर्थ का मूल कारण भेद की भावना है, जो घृणा और भय उत्पन्न करती है। घृणा और भय ही जीवन और जगत के अशांति का कारण है। सर्वाहि घृणा तमनोन्यद दुष्टं पश्यतो भवति-अर्थात् जो नित्य अद्वैत आत्मा का अनुभव कर लेता है उसके लिए भय का कारण शेष नहीं रह जाता।

सर्वात्म भाव ही वेदांत दर्शन का मूलभाव है, जो परम कल्याण का साधन है। वैदिक युग के अंतिम चरण का द्योतक वेदांत दर्शन का मुख्य आधार प्रस्थान त्रयी-ब्रह्मसूत्र उपनिषद् और गीता है, जो आज के संकट को दूर करने का आचार, विचार और दर्शन प्रस्तुत करता है। वेदांत में उपनिषदों के तत्वदर्शन को विशेष रूप से ग्रहण करते हुए अन्यान्य समाजपरक तथ्यों को शंकराचार्य ने महत्व दिया। हिन्दू धर्म में नवाचार करते हुए सभी वर्णों के लोगों को संन्यास की दीक्षा को शंकर ने जायज करार दिया। मनुष्य पंचक में उन्होंने एक स्थान पर लिखा है-कोई भी तत्वदर्शी मनुष्य मेरा सच्चा गुरु है चाहे वह द्विज हो चाहे चांडाल।

वैष्णव और शैव आचार्यों ने अनेक स्थानों पर शंकर के मत का विरोध किया, पर वस्तुतः शंकर दिग्विजय ने ही सनातन धर्म में प्राण संचरण किया। अद्वैत दर्शन ही वस्तुतः एकमात्र ऐसा दर्शन है, जो परस्पर विरोधी मतों के अंतः में निहित सत्य है। शंकर ने स्थापित किया की धर्म जीवन के अंधकारमय संकटों का सामना करके केवल उसी अवस्था में जीवित रह सकता है, जब की वह विचार का उत्कृष्ट परिणाम हो। शंकर ने कहा की मनुष्य की आसुरी प्रवृत्ति उसकी भौतिक सत्ता का संयोग है उसकी आध्यात्मिक सत्ता का सत्य नहीं है। हमारी प्रवृत्तियों के अध्यात्मिककरण द्वारा मनुष्य जाति के आध्यात्मिक एकत्व में ही शांति और सुख के साम्राज्य की आशा निहित है। शंकर का वेदांत मनुष्य को उच्चतम आध्यात्मिक गौरव प्रदान करता है जिससे मनुष्य के हृदय में आत्मशक्ति दृढ़ होती है और वह लोभ, स्वार्थ, घृणा, द्वेष को अनुशासित कर पता है। सनातन संस्कृति के आद्य आचार्य को कोटि कोटि नमन।

# विराट और उदार, कुदरत जैसी मां



अशोक पांडे
हल्द्वानी

अन्ना कॉर्नेलिया वाटरकलर्स पर शौकिया काम करना जानती थीं और अपने बनाए फूल-पत्तियों के चित्रों से उन्होंने ढेरों नोटबुक्स भर रखी थीं।

मां अन्ना कॉर्नेलिया का एक पोर्ट्रेट विंसेंट ने 1888 के बरस एक ब्लैक-एंड-व्हाइट फोटो को देखकर बनाया था। उन दिनों एक तरफ तो वह अपनी कला के शिखर पर था, दूसरी तरफ उसकी दिमागी हालत भी लगातार बिगड़ रही थी। उस पर पागलपन के दौरे पड़ते थे, उसका हाल इस कदर खराब था कि एक दफा उसने अपने दोस्त पॉल गोगां पर चाकू से हमला किया तो एक दफा अपना बायां कान काट कर एक लड़की को दे दिया। जीवनभर साथ चली गरीबी तो थी ही, उसे अपने घर-परिवार और खास तौर पर मां की बहुत याद भी खूब आती थी। यह और बात थी कि लगातार पेन्टिंग करना उसने कभी नहीं छोड़ा।

मां का चित्र बनाते हुए उसने अपने छोटे भाई थियो को चिट्ठी में लिखा, "मां का बेरंग फोटो मुझसे बर्दाश्त नहीं होता। मैं उसे रंगों के ठीक वैसे संयोजन में देखना चाहता हूं, जैसे वह मुझे हमेशा याद आती है।" यह इत्तेफाक नहीं था कि उसने मां के इस चित्र में हरे रंग को इतनी सारी जगह दी। प्रकृति की विपुल उदारता के प्रतीक इस हरे से मोहब्बत करना उसे मां ने ही सिखाया था। यही हरा जब पकता है तो पीला बन जाता है और विन्सेन्ट के यहां यही दो रंग सबसे ज्यादा हैं।

उस जमाने के हिसाब से अन्ना कॉर्नेलिया की शादी काफी देर में हुई थी। खुद से तीन बरस छोटे पादरी थियोडोरस वान गॉग से विवाह के वक्त वे बत्तीस की हो चुकी थीं। उनके छह बच्चे हुए- तीन बेटे, तीन बेटियां। एक पादरी के घर पर जैसा धार्मिक और नैतिक माहौल होना चाहिए था, अन्ना कॉर्नेलिया ने उसे वैसा ही बनाया और अपने बच्चों को परिवार का सम्मान करना सिखाया। उनका मानना था कि संसार में मनुष्य की प्रसन्नता का रहस्य परिवार के साथ रहने में निहित है। मां के बताए इन शुरुआती सबकों का असर रहा होगा कि विन्सेन्ट और उसके भाई-बहनों ने अपने जीवनकाल में एक-दूसरे को हजारों खत लिखे। ज्यादातर चिट्ठियों में वे सब लगातार अपने बचपन को याद करते रहते हैं-गांव की पनचक्कियां, मां की बनाई डबलरोटी, बीमार घोड़े की आंख का आंसू, तकियों के गिलाफों पर मां की बनाई कशीदाकारियां।

अन्ना कॉर्नेलिया वाटरकलर्स पर शौकिया काम करना जानती थीं और अपने बनाए फूल-पत्तियों के चित्रों से उन्होंने ढेरों नोटबुक्स भर रखी थीं। एक तरह से उन्हें विन्सेन्ट का पहला कला-गुरु भी कहा जा सकता है। अन्ना कॉर्नेलिया ने अपने बच्चों को कुदरत से मोहब्बत करना भी सिखाया। वे दिन में कम से कम घंटे के लिए सारे बच्चों को लेकर टहलने जाती थीं। घर पर उनके लगाए बगीचे में हर बच्चे को कुछ न कुछ काम करना अनिवार्य था-मां की संगत में वान गॉग परिवार के सारे बच्चों ने मिट्टी, बीज, अंकुर, पत्तों, टहनियों और जड़ों वगैरह को परिवार के संबंधों के मजबूत रूपकों के तौर पर देखना सीखा। यही रूपक विन्सेन्ट की सारी कला के गर्भ में पाए जा सकते हैं। पैसे की कमी से जीवनभर जूझते विन्सेन्ट को उसके छोटे भाई थियो ने लगातार सहारा दिया-अपनी कमाई का एक-एक पैसा उसके साथ बराबर बांटा और उसे कभी अकेला नहीं रहने दिया। जब 1885 में उनके पिता थियोडोरस वान गॉग की मृत्यु हो गई तो दो बरस बाद सबसे छोटा भाई इक्कीस साल का कॉर्नेलियस ड्राफ्ट्समैन की नौकरी करने अफ्रीका चला गया।

थियो पेरिस में रहता था, जबकि विन्सेन्ट को कभी कोई पक्का पता हासिल नहीं हुआ। बच्चों से बेपनाह मोहब्बत करने अन्ना कॉर्नेलिया को बेटों की लगातार फिक्र रहती थी। तीनों उससे दूर रहते थे और वे उन्हें लगातार चिठ्ठियां लिखती थीं। इसके बावजूद उनके जीवन का आखिरी हिस्सा किस कदर मुश्किल बीता होगा इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। अपने जीते जी इस मां को अपन तीनों लाड़लों की असमय मौत देखनी पड़ी। लिख देने में कितना आसान लगता है कि बुढ़ापे में किसी मां के साथ ऐसा घटे। मानव सभ्यता के सबसे बड़े कलाकारों में से एक को जन्म देने वाली अन्ना कॉर्नेलिया अपने सबसे छोटे बेटे की मौत के सात साल बाद तक जीवित रहीं।

विन्सेंट की तीनों बहनें-एलिजाबेथ, अन्ना और विलेमिना-मां की देख-रेख में तत्पर रहीं और तीनों ने पिचहत्तर से ज्यादा बरस की उम्र पाई। हॉलैंड के बादशाह की लाइब्रेरी में किताबों के आधिकारिक बाइंडर रहे विलेम कारबेन्टस की इस बेटी अन्ना कॉर्नेलिया के इस हरे पोर्ट्रेट को देखना मुझे हमेशा भावुक बनाता है। दुनिया की हर मां की तरह विन्सेन्ट वान गॉग की मां भी अकल्पनीय रूप से विराट और उदार थीं- बिल्कुल मां कुदरत जैसी।

## सोशल फोरम

# सम्मान मांगने की चीज नहीं



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरी मां मेरे बारे में एक बात अक्सर कहती है। "तुम्हारी रीढ़ की हड्डी में कुछ समस्या है ये जल्दी मुड़ती नहीं है" ये बात सच भी है। जब मैंने किसी के पैर छुए हों। ऐसा नहीं कि मैं लोगों का आदर नहीं करता, उन्हें इज्जत नहीं देता, लेकिन मेरा सम्मान केवल प्रणाम तक ही सिमटकर रह जाता है।

मेरे पिता भी मेरी इस आदत को अच्छी तरह जानते थे। इसलिए मेरी शादी की सारी रस्में समाप्त होने के बाद जब मैं सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने के लिए उनके चरण स्पर्श कर रहा था तो मेरे पिता ने मजाक में एक बात कही। बेटा और कही नहीं झुकना है तो मत झुको, लेकिन शादी के बाद एक जगह झुकने की आदत डाल लो तो सुखी रहोगे। नहीं झुकने की मेरी समस्या आज भी बरकरार है। आप मुझे संस्कारहीन, घमंडी वगैरह वगैरह कुछ भी कह सकते है, लेकिन मेरे कुछ अपने तर्क है। इज्जत, सम्मान, आदर मांगने की चीज नहीं है। ये कोई आपका अधिकार नहीं है। ये तो अपने व्यवहार, सोच, काम से हासिल किया जाता है। अगर आप सोचते है कि मैं आपके सामने केवल इसलिए झुकूं की आप मुझ से 10 या 15 साल पहले इस दुनिया में आए है तो ये कारण मुझे मंजूर नहीं। क्योंकि ये बुजुर्ग आज भी वैसे ही है, जैसा मैंने इन्हें आज से 30-35 साल पहले देखा था। अपनी सड़ चुकी मान्यताओं और पुरानी पड़ चुकी सोच के साथ ये आज भी वही के वही खड़े हैं। दुनिया तब से आज तक बहुत आगे निकल गई है, पर ये एक कदम भी चलने को तैयार नहीं।

आज तक मैंने ऐसा कोई बुजुर्ग नहीं देखा जो आपको समय से आगे निकलने के लिए प्रेरित करे। सभी ढेर सारे हिले-हवाले देकर आपको बस पीछे खींचने में लगे रहते हैं। बुजुर्ग नाराज होकर कहते है कि हमने बाल धुप में सफेद नहीं किए, तो मन में आता है कि कह दूं जनाब आपने शायद बाल धुप में ही सफेद किए हैं, लेकिन कह नहीं पाता। कही न कही संस्कार आड़े आ जाते हैं। ऐसा नहीं कि झुकना, चरण स्पर्श करना गलत है और मुझे इसमें आपति है, लेकिन इसके लिए सामने वाले में पात्रता भी होनी चाहिए। योग्यता भी होनी चाहिए। उसे इस काबिल भी होना चाहिए। केवल उम्र का आधार मेरे लिए काफी नहीं है।

-फेसबुक वॉल से

# डीके खापर्डे और दलित राजनीति



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक



कांशीराम को बाबा साहब आंबेडकर और उनके आंदोलन के विषय में डीके खापर्डे जी ने ही विस्तृत ज्ञान दिया था। कांशीराम से खापर्डे जी को मिलवाने में मुख्य भूमिका महामना दीनाभना की थी। डीके खापर्डे ने ही डॉ आंबेडकर की लिखी प्रसिद्ध पुस्तक 'जातिभेद का उच्छेद' मान्यवर कांशीराम को पढ़ने को दी। यहीं से साहब कांशीराम से बहुजन नायक बनने और बहुजन राजनीति की कहानी बनती है। अब सवाल यह है कि स्वतंत्र दलित नेतृत्व की राजनीति क्या हाशिए पर है? इस लोकतंत्र के पर्व में अपने दम पर कितना दम दिखा पाएगी? अभी भी जो दलितों की बड़ी संख्या बहुजन समाज पार्टी के हिस्से में है, उसका कारण अनुसूचित जातियों का भावनात्मक लगाव भी है।

मैं फिर कोड करना चाहता हूं डीके खापर्डे जी को, उनका मानना था कि सबसे पहले सामाजिक परिवर्तन उसके बाद राजनीतिक परिवर्तन और अंत में व्यवस्था परिवर्तन, व्यवस्था परिवर्तन का मतलब देश की सत्ता सरंचना में बदलाव। सत्ता सरंचना का स्वरूप नहीं बदलने से व्यवस्था परिवर्तन नहीं हो रहा है। डीके खापर्डे, दीनाभाना, कांशीराम ने बहुजन महापुरुषों से प्रेरणा लेकर बंजर जमीन को राजनीतिक उपजाऊ जमीन तैयार की थी। खापर्डे व मान्यवर साहब ने अपने को आगे बढ़ाने के बजाय योग्य और सक्षम कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया। संगठन में व्यक्तिवाद के स्थान पर संस्थागत सामूहिक नेतृत्व में उनका विश्वास था, जो सामाजिक न्याय के आंदोलन कभी बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी के नाम थे। आज कांग्रेस के राहुल गांधी, अखिलेश यादव बहुत मजबूती के साथ जाति जनगणना, आरक्षण, संस्थाओं में हिस्सेदारी की बात सभाओं में रख बहुजनों को आकर्षित कर रहे हैं। तीनों साथियों ने और अन्य सामाजिक जागरूक लोगों को जोड़कर अनुसूचित जातियों/जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग और धर्मान्तरित अल्पसंख्यक समाज का थिंकटैंक बनाया। फुले, आंबेडकरी विचारधारा के तहत गैर राजनीतिक जड़ें यानि सामाजिक जड़ें मजबूत करने के लिए काम किया। 6 दिसंबर 1978 को दिल्ली में इस वैचारिकी को मूर्त रूप देकर वामसेफ की दिल्ली में स्थापना की जिसका काम समाज को दिशा दिखाना था। यहीं से 1981 में डीएस 4 फिर 14 अप्रैल 1984 में बहुजन समाज पार्टी राजनीतिक दल की स्थापना हुई। मान्यवर कांशीराम अध्यक्ष बनें, डीके खापर्डे सामाजिक सोच को मजबूत करना चाहते थे जिनका जन्म 13 मई 1939 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ था, जो कि व्यवस्था परिवर्तन में सहायक हो।

कांशीराम ने राजनीति को तरजीह दी जैसा कि डॉ आंबेडकर सोचते थे कि राजनीतिक सत्ता सामाजिक प्रगति की कुंजी है। बहुजन समाज पार्टी महापुरुषों की विचारधारा के मुताबिक जल्दी ही बहुजन समाज में जगह बनाने में कामयाब हुई और उत्तर प्रदेश में सत्ता तक पहुंची। अन्य कई राज्यों में भी सांसद व विधायक बनाने में कामयाब हुई। निश्चित ही अन्य राजनीतिक दलों को अपने एजेंडे बदलने पड़े, उन्होंने अपने दलों में पिछड़े व दलितों को राजनीति में तरजीह मिलने लगी। बाबा साहब आंबेडकर की पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने भी उत्तर प्रदेश में एमपी बनाए थे। धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई, जो भी अस्तित्व बचा वो महाराष्ट्र में ही है। समाजवादी आंदोलन से निकलकर रामविलास पासवान ने भी लोकजन शक्ति पार्टी का गठन कर बिहार में राजनीति को प्रभावित किया। उनके न रहने पर उनके परिवार के झगड़े में पार्टी कमजोर हुई। अब नेतृत्व उनके बेटे चिराग पासवान के हाथ है और भाजपा के साथ गठबंधन में है। बहुजन समाज पार्टी अपने बल पर लोकसभा चुनाव के समर में अकेले हैं। किसी से गठबंधन नहीं है, 2007 में अकेले ही पूर्णरूप से उत्तर प्रदेश में सत्ता पर स्थापित हुई मुख्यमंत्री बहन मायावती बनीं। यह राजनीतिक अचंभा था, जो समाज सामाजिक व्यवस्था में निम्नतम था वो भी महिला अनुसूचित समाज की पिछड़े दलित के अलावा अन्य सवर्णों ने भी उनके नेतृत्व को स्वीकार किया। भरपूर वोट देकर पूर्णरूप से सत्ता तक पहुंचाया, उनके निर्णय, सत्ता चलाने की कार्यशैली अपराध पर नियंत्रण ने उनको आयरन लेडी बना दिया। उन्होंने अपनी सरकार के दौरान लखनऊ व नोएडा में परिवर्तन स्थल प्रेरणा स्थल में उन महापुरुषों को स्थापित किया, जो सामाजिक क्रांतिकारी थे। वे आज भी और कल भी लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे।

# मां से मोहब्बत



हफीज किदवई
लेखक

अब क्या मां पर भी लिखना होगा! कैसे लिखेंगे, क्या लिखेंगे? वह तकलीफ लिखें जो उनके पेट में रहकर, अंदर से शरारतन हमारे पहली बार टांग मारने से उन्हें हुई थी। उस दर्द को लिखें जो हमारे पैदा होने में उन्होंने सहा था। उस एहसास को कैसे लिखें जब वह पहली बार मुझे देख तमाम तकलीफ को दबाकर मुस्कुराई थीं। अपने बड़े से हाथ में मेरा पूरा बदन लेकर कहा था आज से मैं तेरा साया हूं। कैसे लिखूं उन उंगलियों पर जिन्होंने पूरे बदन पर ऐसे मालिश कि मैं आज भी सख्त पत्थरों से जूझने लायक बना। उस दूध पर लिखने की सलाहियत मुझमे नहीं। उन निवालों पर क्या लिखा जाए, जो बिना मेरे भूख-भूख पुकारे मेरे मुंह में अनगिनत बार डाल दिए गए। मैं या कोई भी मां पर कैसे लिखे? आप और हम सारे एहसास, जज्बात, मोहब्बत सब लिख सकते हैं, मगर मां पर कलम खुद बच्चा हो जाती है।

हां एक बात जो मैं हमेशा सोचता हूं, वह यह कि मेरी मां मेरे सामने दुनिया छोड़े न कि उसके सामने मैं। मरना सभी को है, मगर मैं नहीं चाहता एक मां अपने बेटे के मरने का दर्द सहे। यह पीड़ा उसके जीवन की सबसे दर्दनाक पीड़ा है। हां, मैं बेटा होकर उस दर्द को उठा लेना चाहता हूं। मैं कोई अच्छा बेटा नहीं हूं, फिर भी मैं जब उनके पैरों को दबा रहा होता हूं, तब ही दुनिया के सबसे ऊंचे शिखर को छूने का एहसास होता है। तकलीफ तब होती है जब देखता हूं कोई नौजवान मां को नासमझ समझ कर उन्हें दुत्कारता है। मां का जिसके दिल में एहसास हो गया वह दूसरे को नुकसान तो नहीं ही पहुंचा सकता। मैं क्या कहूं यह उल्टा सीधा लिखते-लिखते दिल भरने लगता है। मां का एहसास लफ्ज से क्या लिखें? दिल खुद उसकी गवाही दे रहा होगा।

मदर्स डे पर मूसा की कैफियत को देखना। मूसा कोहेतूर (पहाड़) पर बेधड़क दौड़े चले जाते थे। एक रोज दौड़ते हुए पहाड़ पर जा रहे थे कि एक पत्थर पर ठोकर लगी और वह मुंह के बल गिर गए, तब आसमान की तरफ शिकायती अंदाज़ में देखा। उधर आसमान से आवाज आई "ऐ मूसा अब संभल कर चला करो। तुम्हारे लिए दुआ करने वाले अब हाथ नहीं रहे। वह मां खत्म हो गई, अब एहतियात रखना।" मूसा के आंसू आ गए। सोचिए वह तो पैगंबर थे तो हम और आप को उस मां की कितनी जरूरत है। उनकी दुआओं की कितनी दरकार है राम जी ने सौतेली मां के मान को रखकर, जंगल की पीड़ा चुनी, क्या तब भी हम यह नहीं समझे कि किसी भी मां की इज्जत करना ही हमारा धर्म है। मां के दिल में अगर किसी बेटे का खौफ आ गया तो वह बेटा जुल्मी है। मां से मोहब्बत तो जरूरी ही है उनकी इज्जत तो फर्ज है।

आज गिरह बांध लो मां की इज्जत की गिरह। उनके दिल को तकलीफ मत पहुंचाना वरना बिखर जाओगे। कई बार कुछ माएं गलत हो सकती हैं। बच्चों से हकतल्फी कर सकती हैं, मगर तभी राम जी जैसे किरदार उठ खड़े होकर बतलाते हैं, मां का कहना मानो। भले ही दर्द हो, भले ही दिल टुकड़े-टुकड़े हो जाएं, मगर मां पर गुस्सा मत पलटो। लोग कहेंगे, क्या सिर्फ एक दिन मां की इज्जत होगी, हम कहेंगे, जो पूरे साल इज्जत करते हैं, वही तो यह एक दिन मनाएंगे। आपने पूरे साल मां को आजिज किया है तो आज के एक दिन अगर दिखावटी प्यार उमेड़ोंगे, तो अनगिनत जोरदार तमाचे ही तो स्वागत करेंगे। यह एक दिन उनके लिए है, जो हमेशा इज्जत करते हैं और एक दिन व्यक्त कर देते हैं।

# पुलिस की सुसाइड थ्योरी पर सवाल उठा रही पोस्टमार्टम की रिपोर्ट

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट का खुलासा, पुलिस कुछ बोलने से कर रही गुरेज, पूरे गांव में हर एक की जुबान पर बस अनुराग के परिवार के इस तरह खत्म हो जाने की चर्चा

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**सामूहिक हत्याकांड**

- हत्याकांड के बाद गांव के सन्नाटे को चीरती रहीं पुलिस की गाड़ियां
- ताऊ, भाई और घर के नौकरों से की जा रही कड़ी पूछताछ

**अमृत विचार।** रामपुर मथुरा थाना इलाके में शनिवार की सुबह एक ही घर में हुई छह मौतों की गुत्थी किसी के गले नहीं उतर रही है। क्राइम ब्रांच समेत पुलिस की तीन टीमों ने रविवार को परिवार वालों से घण्टों पूछताछ कर मामले की तह तक जाने का प्रयास करती रही है।

शनिवार को शवों के पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के परिजनों ने अलग-अलग जगहों पर दाह संस्कार किया। मृतक अनुराग और उसकी मां सावित्री का अंतिम संस्कार रामपुर मथुरा गांव में तो पत्नी प्रियंका और तीनों बच्चों का लखनऊ में प्रियंका के परिजनों ने किया। जघन्य वारदात से रविवार को गांव में सन्नाटा पसरा रहा। गलियों में सन्नाटा चीरती पुलिस की गाड़ियां और घरों के बाहर बैठे लोग अनुराग के परिवार के खात्मे की ही चर्चा करते हुए नजर आ रहे थे। रविवार देर रात आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल कर घटना के जल्द खुलासे के निर्देश दिए।

बताते चलें कि ग्राम पाल्हापुर में शनिवार की सुबह सूरज की किरणों के साथ किसान अनुराग सहित उसकी मां-पत्नी और तीनों बच्चे मौत की नींद सो चुके थे। वारदात के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने मृतक अनुराग पर नशे की लत की वजह से अपनी पत्नी प्रियंका मां सावित्री और तीन मासूम बच्चों की हत्या के बाद स्वयं गोली मारकर सुसाइड का आरोप लगा था। पुलिस ने मृतक अनुराग को नशे की लत के चलते मानसिक रोगी बताकर परिवार की विभिन्न साधनों से हत्या कर अनुराग के सुसाइड की कहानी बयां की थी। शनिवार को हुए शवों के पोस्टमार्टम के बाद सामने आई रिपोर्ट ने सभी के रौंगटे खड़े कर दिये।

### एक ही चिता पर जले मां-बेटे के शव

शनिवार देर रात पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौप दिया गया। गांव पहुंचे मृतक अनुराग और उसकी मां सावित्री के शवों को रात करीब 12 बजे एक साथ एक ही चिता पर लिटाकर मुखाग्नि दी गई। मृतक के भाई अजीत ने भाई अनुराग और मां की चिता को मुखाग्नि दी। एक ही चिता पर जले दोनों के शवों को देखकर ग्रामीणों की आंखे स्तब्ध थी। पुलिस की निगरानी में शवों का अंतिम संस्कार किया गया। इसके साथ ही पत्नी प्रियंका और तीनों बच्चों के शव मृतका का भाई लखनऊ लेकर गये। जहां पर तीनों का अंतिम संस्कार किया गया।

### पत्नी और बड़ी बेटी के सिर में मिले गोली के निशान

पुलिस सूत्रों की मानें तो छह शवों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद परिवार की सामूहिक हत्या की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रियंका के सीने में गोली लगने और हथोड़े से कई प्रहार कर मौत के घात उतारने की बात सामने आई है। इसके साथ ही प्रियंका की बड़ी बेटी आर्ना (12) के गर्दन में गोली के निशान सहित सिर पर भारी चीज मारने के भी गहरे निशान मिले है। मां सावित्री और दो बच्चों के सिर पर भारी चीज से हमला करने के निशान मिलें है। इसके साथ ही दो बेटे और छोटी बेटी के छत से फेंके जाने से पैर टूटने की भी बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर पुलिस के अधिकारी गोल मोल जवाब दे रहे है।

### भाई, ताऊ और पत्नी से 3 घंटे तक पूछताछ

रविवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस नए तफ्तीश और तेज कर दी है। पुलिस की कार्रवाई अब मृतक के भाई अजीत और उसके ताऊ आरपी सिंह सहित घर में मौजूद नौकरों की तरफ शक गहराने पर स्वाट टीम ने गांव पहुंचकर पूछताछ की। घटनास्थल वाले घर पर पुलिस टीम ने करीब तीन घंटे तक घर के अंदर महिलाओं से पूछताछ कर साक्ष्यों को एकत्र किया है। पुलिस की पूछताछ के दौरान घर के किसी भी शख्स को बाहर जाने और मीडिया के फोटो पर प्रतिबन्ध लगा रहा।

### नौकर एवं चालक समेत करीब आधा दर्जन लोगों से पूछताछ

मां बेटे का अंतिम संस्कार होने के बाद स्वाट टीम पाल्हापुर गांव पहुंची। पुलिस ने यहां से मृतक अनुराग सिंह एवं परिवार के अन्य सदस्यों के मोबाइल डाटा को खंगाला है। पुलिस ने शनिवार रात और रविवार को दोपहर मामले में पूछताछ के लिए मृतक अनुराग के चालक, नौकर समेत करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले गई, जहां उनसे घंटों कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। मृतक अनुराग के खेतों में मजदूरी करने वाले वीरेश चौहान और ट्रैक्टर चलाने वाले सर्वेश कनौजिया समेत आधा दर्जन को पूछताछ के लिए थाने गये।

### आईजी ने देर रात परिजनों से की बात

रविवार देर शाम महमूदाबाद कोतवाली पहुंचे आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने पुलिस अधीक्षक सहित पड़ताल में लगी टीम से घटनाक्रम की जानकारी हासिल की। इसके बाद आईजी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वहां परिजनों से घटनाक्रम की जानकारी कर इस हत्याकांड की वजह तलाशने की कोशिश की। करीब 20 मिनट तक बातचीत और घटनास्थल का मुआयना कर आईजी दल बल के साथ मौके से रवाना हो गये। आईजी ने मृतक के ताऊ आरपी सिंह की पत्नी और बच्चों को अस्पताल ले जाने वाले प्रभाकर से बातचीत की।


परिजनों से बात करते आईजी तरुण गाबा अमृत विचार


हत्याकांड के बाद गांव में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अनुराग के सिर में लगीं दो गोलियां**

शवों के पोस्टमार्टम के बाद रविवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद सभी दंग रह गये। ऐसा इसलिए क्योंकि जिस अनुराग पर पूरे परिवार को खत्म करने का आरोप लगा था उसके ही सिर में दो गोलियां लगने के निशान पाये गये है। सूत्रों की मानें तो अनुराग के सिर पर गहरे हथियार से हमला करने के भी निशान मिलें है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद एक बात तो साफ हो गई है कि पूरे परिवार को सुनियोजित तरीके से मौत के घात उतारा गया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर पुलिस अभी कुछ भी कहने से गुरेज कर रही है।

> पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अनुराग के सिर और पत्नी सहित बड़ी बेटी के गोली लगने की बात सामने आई है। स्वाट सर्विलांस सहित पुलिस की तीन टीमें लगातार पूछताछ कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मृतका के भाई ने तहरीर दी है लेकिन मुकदमा पहले से लिखा है आरोपों के आधार पर मृतक के भाई अजीत सहित परिवार के अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जायेगा।
>
> **–दिनेश शुक्ला,** सीओ महमूदाबाद

**भाई के बदलते बयान ने पुलिस को छकाया**

शनिवार को हुये सामूहिक हत्याकांड के बाद लगातार मृतक के भाई अजीत सिंह अपने बयानों को बदलकर पुलिस को छका रहा है। पुलिस सूत्रों की मानें तो इस हत्याकांड में शक की सुई अब परिवार और इर्द गिर्द और नौकरों पर घूम रही है। हालांकि पुलिस इस मामले में जांच की बात कहकर कुछ भी साफ बोलने से इंकार कर रही है। सूत्रों की मानें तो घटना के दौरान घर में मौजूद भाई अजीत पूछताछ में अपने बयान लगातार बदलकर पुलिस को उलझा रखा है।

**सीडीआर के सहारे हत्यारे तक पहुंचने में जुटी पुलिस**

पुलिस मृतक अनुराग सिंह के मित्रों व रिश्तेदारों के साथ परिवारीजनों के मोबाइल की लोकेशन व सीडीआर खंगाल रही है। सीडीआर और लोकेशन के आधार पर ही पुलिस जांच का दायरा बढ़ाते हुए लोगों को पूछताछ के लिए बुला रही है। पुलिस सामूहिक हत्याकांड के दौरान घर में मौजूद रहे अजीत सिंह के मोबाइल की लोकेशन व सीडीआर की भी बारीकी से पड़ताल कर रही है। क्योंकि मृतक के साले व अन्य ग्रामीणों तथा रिश्तेदारों की नजर में घटना के सबसे ज्यादा संदिग्ध भाई अजीत सिंह बताये जा रहे हैं।

**दो महीने पहले रची हत्या की साजिश : मृतका का भाई**

शनिवार को हुए हत्याकांड के बाद प्रियंका ने भाई अंकित ने रविवार को लखनऊ से पहुंचकर रामपुर मथुरा थाने में मृतक के भाई अजीत पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। भाई ने तहरीर में दर्शाया है कि अजीत अपने भाई अनुराग को मारने की बात दो महीने पहले ही अपने परिवार से कह चुका था। इस बात को अजीत की बेटी अजीत से कहते हुए प्रियंका ने सुन लिया था। जिस पर प्रियंका ने अपने भाई अंकित को फोन पर जानकारी दी थी। अंकित का आरोप है कि प्रॉपर्टी और जमीन को हथियाने के लिए ही अजीत ने अनुराग और उसके परिवार को मौत के घात उतरवा दिया।

**अनुराग की हुई हत्या तो घर में मिला असलहा किसका?**

रविवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद परिवार की सामूहिक हत्या से इंकार नहीं किया जा सकता है। अब सवाल यह उठता है कि अगर घर के मुखिया अनुराग के सिर में दो गोलियां और भारी चीज से हमला कर मौत के घाट उतारा गया है तो अनुराग के कमरे में सोफे के नीचे मिला अवैध असलहा किसका है ? पुलिस द्वारा घटना के तीन घटे बाद असलहे को बरामद करना बड़े सवाल खड़े कर रहा है। सवाल यह उठता है कि आखिर कोई व्यक्ति अवैध असलहे से दो बार गोलियां भरकर कैसे अपने आप को मार सकता है। पुलिस की कहानी में झोल आने के बाद पुलिस अब अपने ही बयानों में फंसती नजर आ रही है। हालांकि पुलिस अब सभी उलझे सवालों से स्वयं को जल्द ही बाहर निकालने की जुगत में लगी हुई है।

# मदरसा के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**पलियाकलां, अमृत विचार।** मार्डन मदरसा मिफ्ताहुल उलूम के बच्चो ने अपने शिक्षकों के साथ पलिया कस्बे कई मोहल्लों मे पहुंचकर मतदाता जागरूकता रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान हेतु लोगों को स्कूल के बैनर, स्लोगन, साइन बोर्ड व मतदान पम्पलेट बांटने व नारे के साथ लोगों को जागरूक किया।

शनिवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के खीरी जनपद मे अधिक से अधिक मतदान की अपील पर पलिया के दुधवा रोड स्थित मार्डन मदरसा मिफ्ताहुल उलूम के बच्चों ने अपने स्कूल के मतदाता जागरूकता बैनर तले कस्बे के मोहल्ला इकरामनगर, माहिगीरान प्रथम व दित्तीय, बरबंडा, सिंगहिया, पुजारी पूर्वा, हलवाई मोहल्ला आदि मोहल्लों मे पहुंचकर मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान हेतु साइन बोर्ड के माध्यम व पम्पलेट बांटा। रैली के पश्चात विद्यालय के एमडी मोहम्मद वसीम ने सभी बच्चों द्वारा किया गये इस कार्य की सराहना करते हुए कहा आप लोग भी अपने दादा, पापा, पापा, मम्मी, भाई बहनों के साथ आसपास व रिश्तेदारों को भी आप लोग घर अधिक उनके एक मत की कीमत बताते हुए अधिक से अधिक मतदान करने कहा। स्कूल द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु निकाली जा रही रैली के दौरान रास्ते में प्रेम मेडिकल स्वामी प्रेम कुमार ने रैली में शामिल बच्चों व शिक्षकों पानी व चाय बिस्कुट खिलाकर उनकी सेवा की। इस मौके पर प्रधानचार्य मंसूब हुसैन खान शिक्षक, अंदेज कुमार, हाफ़िज मोहम्मद आसिफ, शिक्षिका सोनम खान, सबा उस्मानी, आरजू फिरदौस, कहकशा, शमा परवीन, सबनूर, साजिया बानो सहित शिक्षक व तमाम बच्चे मौजूद रहे।


मतदाता जागरूकता रैली निकालते छात्र। अमृत विचार

# लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर लगा जाम

**अयोध्या, अमृत विचार।** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर रविवार दोपहर जाम लगने से वाहनों की लंबी लाइन लग गई। बड़े वाहन चौड़े डिवाइडर को फांदकर दूसरी लेन में पहुंच गये। यातायात बाधा के पीछे सड़क निर्माण के दौरान अव्यवस्था ने मुश्किल पैदा की। इससे लोग परेशान हुए।

लखनऊ से अयोध्या आने के लिए बायीं लेन पर सालारपुर के सामने बारामासी पौशाला के पास रविवार दोपहर सड़क बनाने का काम चल रहा था, लेकिन हाईवे पर कट के पास से वाहनों को दूसरी लेन की ओर जाने के लिए संकेत नहीं था। देखते ही देखते बडे-बड़े वाहन सड़क निर्माण स्थल के करीब पहुंच गए। पता चला रास्ता बंद है। तब तक वाहनों की लाइन इतनी लंबी हो गई कि पीछे मुड़कर जाना मुश्किल हो गया। आगे रास्ता नहीं, पीछे के वाहन के लोगों को यह भी पता नहीं कि आगे रास्ता बंद है। जाम लग गया। काफी देर तक लोग चिलचिलाती गर्मी और धूप में परेशान रहे।


हाईवे पर जाम के चलते दूसरी लेन में जाते वाहन। अमृत विचार

# हवा के झोंके से गिरी चहारदीवारी प्रधानाध्यापक से तलब की गई रिपोर्ट

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र में शनिवार को तेज हवा के झोंके से गिरी पूर्व माध्यमिक विद्यालय इब्राहिमपुर की चहारदीवारी के मामले में खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक से रिपोर्ट तलब की है। चपेट में आकर गांव के एक बुजुर्ग घायल हो गए थे। 10 वर्ष पहले शिक्षा निधि से बनी चहारदीवारी के निर्माण को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। यह तो गनीमत थी कि शनिवार दोपहर उस समय कक्षाएं चल रहीं थीं अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चहारदीवारी की लंबाई करीब 100 फिट बताई जाती है। प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव ने बताया कि स्कूल परिसर काफी नीचा है। जलभराव भी हो जाता है। चाहरदीवारी का निर्माण लगभग 10 वर्ष पहले कराया गया था। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि चहारदीवारी गिरने की सूचना पर वहां के प्रधानाध्यापक जितेन्द्र यादव से रिपोर्ट तलब की गई है। बाउंड्री वॉल का निर्माण किसके द्वारा कराया गया था। इसका पता किया जा रहा है।


पूर्व माध्यमिक विद्यालय इब्राहिमपुर की गिरी चहारदीवारी।

# विभिन्न क्षेत्रों में फंदे से लटके मिले 3 युवकों के शव

रूदौली/अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रविवार को तीन युवक फंदे से लटके मिले हैं।

रुदौली प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में मुस्काबाद गांव मजरे हलीम नगर निवासी राम प्रकाश का पुत्र ध्रुवचन्द (18) का शव गांव क्षेत्र स्थित एक पेड़ की डाल से फंदे के सहारे लटका मिला। मृतक के पिता ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह पांच बजे अहमदाबाद, गुजरात से वापस घर आया था। बाराबंकी के थाना टिकैतनगर के बारीनबाग चौकी पुलिस ने उसे शुक्रवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। पुलिस ने बताया था कि उसके खिलाफ तीन मई से लापता जेवल गांव निवासी एक लड़की को भला-फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत मिली है। रात भर पुलिस ने उससे पूछताछ की। लड़की पक्ष वाले पूरे परिवार को फंसाने की धमकी दे रहे थे। बेटे को अगले दिन शनिवार सुबह 10 बजे लड़की को बरामद कराने की हिदायत देकर ग्राम प्रधान हलीम नगर प्रधान प्रतिनिधि एजाज के सुपुर्दगी में दिया था। मानसिक प्रताड़ना के चलते उसने आत्महत्या कर ली। थाना टिकैतनगर की बारिनबाग चौकी प्रभारी शिवानंद पटेल का कहना है कि अज्ञात में तहरीर मिली है। मोबाइल कॉल डिटेल की जांच में ध्रुवचंद से लापता लड़की से लंबी-लंबी बात होती मिली है। जिसके चलते उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उधर मोहल्ला पूरेखान में कुंवरपुरा थाना कोच जिला जालौन निवासी जितेंद्र (35) पुत्र देवी दयाल का शव उसके किराए के कमरे में पंखे से फंदे के सहारे लटका मिला है। वह तीन वर्ष से यहीं पर रहकर शहर में मोमोज बेच कर जीवन यापन कर रहा था। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है।



वहीं बीकापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित बीकापुर बाजार में जगदंबा प्रसाद यादव (55) पुत्र राम सुमिरन यादव निवासी वहिउद्दीनपुर कोतवाली बीकापुर का शव दोपहर बाद उसकी अपनी ऑटो पार्ट्स की दुकान में गमछे के फंदे के सहारे लटका मिला है। पुलिस के मुताबिक पारिवारिक कलह के चलते उसने आत्महत्या कर ली।

**सार-संक्षेप**

### ट्रैक्टर से तालाब खोदाई, डीएम से की शिकायत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम इचौलिया के मनरेगा मजदूरों ने तालाब की खुदाई मजदूरों से न करा ट्रैक्टर से कराए जाने की शिकायत डीएम से की है। गांव निवासी अमरेश, चंगु, शिवचरण, रामतेज, सुनील, रामहेत, मुस्तकीम, अली अहमद, राकेश, रामअवध, शिवकुमार का आरोप है कि पांच और छह मई की रात्रि ग्राम प्रधान ने बनिया तालाब की खुदाई ट्रैक्टर से करा दी। डीसी मनरेगा सविता सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएंगी।

### बिना डिस्चार्ज कराए ले गए मरीज को

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगर कॉलोनी निवासी मुस्कान सचदेवा (35 वर्ष) पत्नी करन सचदेवा ने पारिवारिक विवाद के चलते कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई तो विवाहिता के पति करन सचदेवा ने उसे जिला अस्पताल पहुँचाया। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने हालत गंभीर देख विवाहिता को भर्ती कर लिया। करीब पांच घंटे बाद विवाहिता बिस्तर से गायब मिली। जिला अस्पताल प्रशासन ने जाँच के लिए नगर कोतवाली पुलिस को मेमो भेजवाया है और बिना बताए भर्ती मरीज को ले जाने की जानकारी दी है। इस संबंध में विवाहिता के पति का कहना है पत्नी की तबियत देख उसे एक निजी अस्पताल ले गए थे, अब पत्नी की हालत ठीक है।

### नहीं हुई आरोपियों की गिरफ्तारी, पंचायत 18 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र के परसवां में राम प्रकाश पांडेय की हत्या के आरोपियों की गिरप्तारी नहीं हुई। अब अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने 18 मई को गांव में महापंचायत की घोषणा की है। अयोध्या में रविवार को आयोजित बैठक के बाद यह जानकारी परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक व श्रीश्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपानिधान तिवारी ने दी।

### तीन दिनों से ट्रांसफार्मर जला, अंधेरे में गांव


तीन दिनों से जला 25 केवीए का ट्रांसफार्मर।

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** इनायत नगर विद्युत उप केंद्र के परसपुर फीडर के मवई खुर्द पूरे कटरा गांव में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर तीन दिनों से जला हुआ है। जिससे पूरे गांव अंधेरा पसरा है। गर्मी से लोग बेहाल हैं। पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इसके बावजूद विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ट्रांसफार्मर को न बदले जाने पर ग्रामीणों ने रोष जताया है। कटरा गांव में विद्युत आपूर्ति के लिए विभाग की तरफ से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया था। यह ट्रांसफार्मर दो दिन पहले जल गया। इससे करीब 200 की आबादी वाला गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। ग्रामीणों ने तत्काल ट्रांसफार्मर जलने की सूचना अवर अभियंता रामचरित्र को दिया था। इसके बाद नाराज ग्रामीणों ने जले ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए उपखंड अधिकारी मिल्कीपुर अमित सिंह को सूचना दी, लेकिन रविवार शाम खबर लिखे जाने तक ट्रांसफार्मर को नहीं बदलाया गया। गांव के विजय कुमार, सत्रोहन यादव, संजीत, प्रियांशु, अनिल कुमार, चंद्रिका प्रसाद, यदुनाथ यादव, राम भवन आदि ग्रामीणों ने जले हुए ट्रांसफार्मर को बदल कर 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। एसडीओ विद्युत अमित सिंह से जानकारी चाही गई तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

**राममंदिर** मूर्तिकार ट्रस्ट के संपर्क में, 24 मई को समिति की बैठक में होगा अहम निर्णय

# परकोटे के मंदिरों की मूर्तियां भी होंगी अद्भुत

सत्य प्रकाश, अयोध्या

**अमृत विचार :** राम मंदिर के परकोटे के अंदर निर्माणाधीन छह मंदिरों में स्थापित होने वाले देवी-देवताओं की मूर्तियों के निर्माण को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मूर्तिकारों से संपर्क कर रहा है। ट्रस्ट के मुताबिक परकोटे में लगने वाली भी सभी मूर्तियां अद्भुत होंगी और एक निश्चित मानक में तैयार होंगी।

दिसम्बर 2024 तक राम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा। मंदिर के परकोटे का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका होगा। परकोटा मंदिर के चारों ओर की परिधि में लगभग 800 मीटर लंबा है, जिसके चारों कोने और उत्तर में एक व दक्षिण दिशा में एक मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें हनुमान जी, भगवान शिव, भगवान गणेश, भगवान सूर्य, मां दुर्गा और माता अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। जिसके लिए ट्रस्ट पत्थरों पर मूर्तियों को तराशी को लेकर मंथन कर रहा है।



- छह मंदिरों का होगा निर्माण परकोटे का काम भी लगभग पूरा

बीते वर्ष अगस्त माह में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सदस्य का छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में मूर्तिकारों से संपर्क करने के लिए रवाना हुआ था। आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा बताते हैं कि ट्रस्ट ने राजस्थान के कई मूर्तिकारों से संपर्क किया था। इस दौरान राम मंदिर के भूतल में लगे गणेशजी और हनुमान की मूर्ति को भी राजस्थान से लाया गया। अब परकोटे में लगने वाली मूर्तियों के लिए भी विचार किया जा रहा है। अभी किन मूर्तिकारों से मूर्तियों को तैयार कराया जाएगा। इस पर निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन आगामी 24 व 25 मई को संभावित मंदिर निर्माण समिति की बैठक में इस पर मंथन किया जा सकता है।

> राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित होने वाले राम दरबार और परकोटे में लगने वाली मूर्तियों को लेकर चर्चा की जा रही है। अभी यह कहना संभव नहीं होगा कि मूर्ति कब और किस मूर्तिकार द्वारा तैयार कराई जाएगी, लेकिन प्रयास है कि इन मंदिरों में लगने वाली मूर्ति भी अनोखी और अद्भुत होगी। **–चंपत राय, महासचिव, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट**

# कमरा बुकिंग के नाम पर सेवानिवृत्त निदेशक से ठगी

अयोध्या कार्यालय

**धोखाधड़ी**

**अमृत विचार।** ऑनलाइन होटल और धर्मशाला के कमरे की बुकिंग के नाम पर फर्जीवाड़ा और ठगी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला महाराष्ट्र निवासी शहरी नियोजन विभाग के पूर्व निदेशक राजन कोप के साथ ठगी का आया है। पूर्व निदेशक से रामनगरी के जानकी महल ट्रस्ट में कमरा बुक करने के नाम पर छह हजार की ठगी हुई है।

पूर्व निदेशक राजन कोप ने बताया कि वह परिवार और शुभचिंतकों के एक दर्शन-पूजन के लिए विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए निकले हैं। जिसके चलते उन्होंने रविवार को पहली बार आवासीय व्यवस्था के लिए ऑनलाइन सर्च किया और मोबाइल पर वार्ता के बाद अयोध्या के जानकी महल ट्रस्ट में 10 कमरे बुक किए। जिसके एवज में उनसे छह हजार रूपये एडवांस जमा कराया गया। बाद में रसीद और कन्फर्मेशन के लिए संबंधित नंबर पर फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद टाउन प्लानर विभाग में तैनात अपने एक पूर्व परिचित को फोन किया तो ठगे जाने की जानकारी हुई। पता चला कि जानकी महल ट्रस्ट में ऑनलाइन कमरों की बुकिंग होती ही नहीं है। अभी उन्होंने पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी है।



# 50 लाख वोट एकमुश्त साधने की छटपटाहट कुछ यूं ही नहीं

**सपा, भाजपा व अन्य दल व्यापारियों को अपने पाले में लाने के लिए जुटे**

## व्यापारी सम्मेलन के बहाने वोट बैंक पर नजर: भाजपा

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** व्यापारियों को अपने पाले में लाने की छटपटाहट दलों में यूं ही नहीं है। वजह है एक एकमुश्त बड़ा वोट बैंक। प्रदेश में पंजीकृत और गैर पंजीकृत करीब पचास लाख व्यापारी है। वहीं राजधानी लखनऊ में इनकी संख्या 50 हजार के पार है। परिवार में अगर पांच सदस्यों को उनसे परोक्ष और अपरोक्ष रूप से जुड़ा मान लिया जाए तो सूबे में व्यवसायियों की संख्या करीब ढाई करोड़ और राजधानी में ढाई से तीन लाख पहुंच जाती है। छोटे, मंझोले और बड़े व्यापारियों की संख्या जोड़ी जाए तो आंकड़ा और बड़ा हो जाता है। यानी यह एक ऐसा बड़ा वोट बैंक है जो दिखता नहीं लेकिन चुनावी गणित के फेरबदल में अपनी महती भूमिका अदा करता है। ऐसे में सभी दल कारोबारियों को जोड़ने की फिराक में हैं। यह बात अलग है कि भाजपा इन सभी दलों में सबसे आगे है। वहीं सपा पोल खोलो अभियान के जरिए व्यापारियों के दिलों में जगह बनाने की कोशिश में है। यही नहीं जनपदवार दौरे कर व्यापारियों को साधा जा रहा है। मतदान के करीब आधे चरण पूरे होने को हैं लेकिन दो बड़े दलों के अलावा अन्य ने अभी बाजारों में न तो कोई बड़े कार्यक्रम लगाए हैं और न ही कोई कारोबारी सम्मेलन किए हैं।



सपा हो या भाजपा। सभी दल व्यापारियों को अपने पाले में लाने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। सपा समर्थित व्यापारी नेता कहते हैं कि चुनाव की फेजवार रणनीत बना जिलों का दौराकर व्यवसायी समाज से सीधे जुड़ने की कोशिश है। वहीं भाजपा और उसके आनुषंगिक संगठन व्यापारी सम्मेलन की रूपरेखा तैयार कर आगे बढ़ चुके हैं। मतदान तिथियों से पूर्व हुए सम्मेलन फिलहाल यही संदेश दे रहे हैं कि प्रदेश के दोनों बड़े दल व्यापारियों को जोड़ने में पीछे नहीं रहना चाहता है।

### हुए ये काम

- प्रदेश सरकार ने मंडी शुल्क घटाकर 1.5 प्रतिशत किया। रंगदारी रुकी। मंडी में पंजीकृत व्यापारियों को तीन लाख रुपये का बीमा दुर्घटना दिया जा रहा है। दो लाख क्षतिपूर्ति बीमा। एक मुश्त 15 साल का पंजीकरण शुल्क लेकर आजीवन लाइसेंस दिया गया। व्यापार मंडल के अनुरोध पर ओबरा विस्तारीकरण के दौरान एक हजार व्यापारियों की सुधि ली गई। शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच साल कर दिया गया। जिन दुकानों में कर्मी नहीं वहां का पंजीकरण श्रम विभाग से किया गया मुक्त। डेढ़ गुना शुल्क लेकर साप्ताहिक बंदी से मुक्त किए गए दुकानदार। जल्द ही व्यापारियों के दस लाख रुपये का बीमा किए जाने की उम्मीद। वहीं केंद्र सरकार ने व्यापारियों को दस लाख का बीमा प्रदान किया गया। 40 लाख से कम का कारोबार करने वाले व्यापारी को जीएसटी से मुक्त किया गया। कालाबाजारी से मुक्त कर गैस सिलेंडर को उनके तय स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। कम ब्याज पर कर्ज उपलब्ध कराए जाने समेत कई मामलों को धरातल पर लाया गया।

### इस गणित पर करें गौर

- प्रदेश में पंजीकृत और गैर पंजीकृत करीब –50 लाख व्यापारी
- एक परिवार के 5 सदस्यों को साथ जोड़ा जाए तो प्रदेश में यह संख्या– 2.5 करोड़ कारोबारी
- लखनऊ क्षेत्र में व्यापारी – 50,000 व्यवसायी
- पांच सदस्यों को शामिल करने पर संख्या ढाई से 3,00,000 व्यापार
- प्रदेश में छोटे–बड़े बाजारों की संख्या 5,000

## पोल खोलो अभियान के जरिए बता रहे हैं व्यापारियों को हकीकत: सपा



सरकार के काम बताते हैं। जिन मांगों पर काम हुआ उसे भी गिनाया। दस फीसद व्यापारियों को सीट दी गई है। प्रदेश की 80 सीट में से आठ पर व्यापारी ताल ठोंक रहा है। व्यापारी संदेश यात्रा निकाल कारोबारियों को सरकार से जोड़ रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने कई मांगें पूरी की हैं। लंबित मांगों पर भी ध्यान दिया जाए। **–बनवारी लाल कंछल,** प्रांतीय अध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल



व्यापारियों की पहली प्राथमिकता उनकी सुरक्षा है। जो दल उनको सुरक्षा और सम्मान की गारंटी दे रहा है व्यापारी समाज उसके साथ है। चुनाव का माहौल बनाने में भी समाज का बड़ा योगदान रहता है। दूसरे सीधे आमजन से जुड़ता है। कर्मचारियों की मिला लिया जाए तो और बड़ा वोट बैंक बन जाता है। कई मुद्दों पर व्यापारी सरकार के साथ है। **–संजय गुप्ता,** अध्यक्ष उप्र. आदर्श व्यापार मंडल



यह सही है कि व्यापारियों को जोड़ने में भाजपा अन्य दलों से आगे है। सरकार के काम गिनाते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब पूरा देश ठप था तब व्यापारी खाना, राशन और दवाएं पहुंचा रहा था। लेकिन व्यापारियों की कई मांगों पर अभी ठोस पहल की आवश्यकता है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए अफसरशाही पर अंकुश लगाना होगा।

**–अमरनाथ मिश्र,** अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल



व्यापारी सरकार के साथ हमेशा खड़ा रहता है। इस बार भी वह पीछे नहीं है। मतदान में आगे दिखेगा। डोर–टू–डोर व्यापारियों से जाकर मिला जा रहा है। लेकिन कोई तो उसकी समस्या सुने। सरकारों को व्यापारी वर्ग की प्रमुख ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यान देना होगा। जीएसटीएन में तमाम दिक्कतें हैं। व्यापारी इससे उबर नहीं पा रहा है।

**–संदीप बंसल,** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

### व्यापारियों के समक्ष रख रहे पक्ष, खोल रहे पोल



**अमृत विचार :** केन्द्र सरकार व्यापारियों के हित में नहीं है। नोटबंदी के दौरान सबसे अधिक उत्पीड़न व्यापारियों का हुआ है। इसी को लेकर सपा की व्यापार सभा इकाई प्रदेश के हर लोक सभा क्षेत्र में भाजपा की पोल खोलो अभियान चला रही है। इसमें कोरोना काल के दौरान व्यापारियों के उत्पीड़न सहित अन्य विषयों को शामिल किया गया है। बताया कि सपा धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम से जुड़े मामले में व्यापारियों के पक्ष में नहीं हैं। महत्वपूर्ण योजनाओं में सपा सरकार ने व्यापारियों के लिए दस लाख रुपये निशुल्क बीमा योजना की स्कीम चलाई थी। सरकार ने पटरी दुकानदारों के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

**प्रदीप जायसवाल,** प्रदेश अध्यक्ष, सपा व्यापार सभा

### जिलों के दौरे ला रहे रंग



व्यापारियों को सपा के साथ लाने के लिए जनपद स्तरीय दौरे तय किए गए हैं। चुनावी फेज को देखते हुए चरणवार चुनावी जिलों की ओर रुख किया जा रहा है। व्यापारी नेता कारोबारियों को साथ लाने के लिए जिलों में निरंतर दौरे कर रहे हैं। सम्मेलन के बजाए व्यापारियों तक सीधे पहुंचने की कोशिश है। व्यापारियों के साथ सख्ती की जाती है।

**पवन मनोचा,** प्रवरिष्ठ व्यापारी नेता

### इलेक्शन बायस्कोप



रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। यह जनसभा में मौजूद भारी भीड़ देखकर गदगद मुख्यमंत्री ने कहा अयोध्या में परिंदा भी पर न मारने की बात करने वाले देख लें, आज रामभक्तों को रेला उमड़ रहा। –अमृत विचार

# कम सीटों के साथ कांग्रेस का बड़ा लक्ष्य

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**कांग्रेस ने 2014 में जीती थीं केवल दो सीटें, 2009 से गिरता गया ग्राफ**

**अमृत विचारः** वर्तमान में चल रहे चुनावी समर में सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं। जहां कांग्रेस अपनी खोई प्रतिष्ठा को वापस पाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहीं है। वहीं दूसरी ओर भाजपा अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि प्रदेश में 2019 में केवल रायबरेली सीट जीतने वाली कांग्रेस कैसे यूपी फतह कर पाएगी। सात में से तीन चरण का मतदान हो चुका है और चौथे चरण का मतदान आज सोमवार को है।

कांग्रेस इस बार अब तक के चुनावी इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस इस बार प्रदेश में 17 सीटों पर चुनाव लड़ रहीं है। सीटों की संख्या के लिहाज से छोटी नजर आ रही इस चुनावी जंग के लिए कांग्रेस ने बड़ा लक्ष्य तय करने की रणनीति बनाई है। कांग्रेस कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है लेकिन उसे गठबंधन की बाकी पार्टियों से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। कांग्रेस की रणनीति है कि पार्टी भले ही कम सीटों पर चुनाव लड़ रही हो लेकिन उनका गठबंधन सीटें ज्यादा जीते। पिछले चुनाव की बात करें तो यूपी में कांग्रेस अकेले लड़कर केवल एक रायबरेली सीट ही जीत सकी थी। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी भी अमेठी सीट से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने 1999 में 76 सीट पर चुनाव लड़ा था जिसमें उसकी सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल और रिपब्लिकन पार्टी थीं। इसमें कांग्रेस को 10 सीट पर जीत मिली थी और वोट प्रतिशत 14.72 था। लेकिन तब उत्तर प्रदेश में लोक सभा सीटें 85 थी। 2004 में 73 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ी थी और उसे महज 9 सीटों पर ही जीत मिली थी। यह चुनाव भी कांग्रेस ने रालोद के साथ गठबंधन में लड़ा था और उसे 12.4 प्रतिशत वोट मिला था।

2009 में कांग्रेस बिना गठबंधन के 80 सीट पर चुनाव लड़ी थी और उसे 21 सीट पर जीत मिली थी और वोट प्रतिशत 18.3 प्रतिशत था। इस चुनाव में कांग्रेस को पिछले चुनाव की अपेछा ज्यादा सीटें मिली थीं। वहीं सपा को 23, बसपा को 20 और बीजेपी को 10 सीटे मिली थी। 2014 के चुनाव ने पूरा समीकरण ही बदल दिया था। कांग्रेस 21 से सीधे दो सीट पर आ गई थी और वह भी उसकी परम्परागत सीट अमेठी और रायबरेली थीं। वहीं बीजेपी ने चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए 71 सीट पर जीत दर्ज की थी। सबसे बुरा हाल 2019 के चुनाव में कांग्रेस के साथ हुआ। राहुल गांधी अपनी परम्परागत सीट अमेठी भाजपा की स्मृति ईरानी से हार गए और केवल सोनिया गांधी रायबरेली से अपनी सीट बचा पाईं। इस बार अमेठी से कांग्रेस के चाणक्य कहे जाने वाले किशोरी लाल शर्मा उम्मीदवार है।

# मतदाताओं ने रोचक बनाया मुकाबला

## बहराइच सुरक्षित सीट पर रोमांचक होगा मुकाबला

## भाजपा के आनंद व रमेश के बीच मुख्य मुकाबला

राजू जायसवाल, बहराइच


**अमृत विचार :** बहराइच सुरक्षित सीट के लिए सोमवार को मतदान होगा। लेकिन इस बार का चुनाव एक तरफा नहीं होगा। मतदाताओं की चुप्पी ने लड़ाई को और ही रोमांचक बना दिया है। अब मतदान और मतगणना के बाद ही प्रत्याशी के जीतने के बारे में पता चलेगा।

बहराइच सुरक्षित सीट पर इस समय भाजपा का कब्जा है। इससे पूर्व भी वर्तमान सांसद ने भाजपा सीट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन पुत्र डाक्टर आनंद कुमार गौड़ के टिकट मिलने के चलते वह हैट्रिक लगाने से चूक गए। समाजवादी पार्टी ने इस बार रमेश को प्रत्याशी बनाया है। जबकि बहुजन समाज पार्टी ने प्रोफेसर बृजेश सोनकर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इस बार के चुनाव में जनता की चुप्पी से सभी प्रतयाशियों की मुश्किलों को बढ़ाने के साथ ही चुनाव को रोचक बना दिया है।

पार्टी के समर्थकों को छोड़ दिया जाए तो आम मतदाता कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। ऐसे में मतदाताओं की चुप्पी से भी भाजपा और सपा प्रत्याशी के मन में संशय है। हालांकि अब ज्यादा समय भी नहीं बचा है। सोमवार सुबह से बहराइच सुरक्षित सीट के लिए मतदान शुरू हो जाएगा।



आनंद कुमार गौड़



रमेश गौतम




बृजेश सोनकर

- **सपा, बसपा और भाजपा समेत 10 प्रत्याशी मैदान में**

इसके बाद ही किसी भी प्रत्याशी के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है।

हालांकि चुनाव मैदान में सपा, बसपा और भाजपा समेत 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान के बाद शाम छह से सात बजे के बाद ही चुनाव के हवा का रुख पता चल जायेगा। मालूम हो कि अभी तक इस सीट से आरिफ मोहम्मद खान तीन बार, वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड और पदम सेन चौधरी ही दो दो बार चुनाव जीत चूक हैं। मनरेगा लहर में कांग्रेस प्रत्याशी कमांडो कमल किशोर भी चुनाव वर्ष 2009 में जीत चुके हैं।

### बहराइच लोकसभा सीट पर मतदाता




# डुमरियागंज: महिला प्रत्याशी नहीं जीत पाई चुनाव

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में आजादी के बाद से लेकर आज तक लोकसभा डुमरियागंज से कोई भी महिला दिल्ली की श्रेष्ठ पंचायत में नहीं पहुंची। यहां के लोकसभा चुनाव में महिलाओं ने तो चुनाव लड़ने के लिए अपनी सहभागिता दर्ज कराई है किंतु अभी तक कोई भी महिला लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाई। जबकि लोकसभा डुमरियागंज से कांग्रेस के कद्दावर नेता मोहसिना किदवई और सीमा मुस्तफा जैसी बड़ी नेता लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं। मालूम हो कि डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र आज भी पिछड़ों में गिना जाता है और केंद्र सरकार की सूचि में जनपद आकांक्षा जनपद के रूप में प्रचलित है।



मोहसिना किदवई



सीमा मुस्तफा

- **मोहसिना किदवई और सीमा मुस्तफा लड़ चुकी हैं चुनाव**

विकास की दृष्टि से देखा जाए तो अभी भी है जनपद उद्योग विहीन जनपद है। भारत नेपाल सीमा पर होने के कारण यह जनपद विकास से काफी अछूता है। यहां महिलाओं की भागीदारी दिल्ली की पंचायत में ना के बराबर है जबकि सरकार महिला सशक्तिकरण पर काफी फोकस करती है। आजादी के बाद से लोकसभा डुमरियागंज में अभी तक महिलाओं ने अपनी किस्मत तो आजमाई किंतु चुनाव जीतने में काफी पीछे रही इस बार भी एक निर्दल महिला चुनावी समर में कूद कर अपनी किस्मत आजमा रही हैं लेकिन अभी देखा जाए तो इस चुनावी दौर में हो काफी पीछे दिखाई दे रही है।

## चुनावी चक्कर

- **उस्ताद बिस्मिल्लाह के परिजन शहनाई से करेंगे मोदी का स्वागत :**

शंखनाद, डमरुओं की निनाद और मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को काशी की सड़कों पर रोड शो निकालेंगे। यह रोड शो देश के अन्य रोड शो से बिल्कुल जुदा होगा। नरेंद्र मोदी अपने रोड शो में शामिल होने के लिए काशीवासियों के घर–घर निमंत्रण भेज रहे हैं। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग भी आगे आ रहे हैं। भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह के परिवार के सदस्य मदनपुरा के पास शहनाई वादन से नरेंद्र मोदी का स्वागत करेंगे। मदनपुरा में ही पूर्व सांसद राजेश मिश्रा के नेतृत्व में मुस्लिम लोग पुष्प वर्षा करेंगे। पूर्व सांसद से लेकर विधायक, एमएलसी और मंत्री सभी अपने सांसद का स्वागत करेंगे। रोड शो में देश के लगभग हर प्रांत के लोग अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुसार स्वागत करेंगे। रोड शो के दौरान मिनी इंडिया की झलक के साथ उत्तर प्रदेश की संस्कृति भी देखने को मिलेगी। 11 बीट के अन्तर्गत 10 –10 प्वाइंट यानि लगभग 100 प्वाइंट बनाए गये हैं, जिन पर मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल, पंजाबी आदि समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करेंगे। इन प्वाइंट पर फूलों की बरसात की जाएगी। ढोल–नगाड़े बजाए जाएंगे। शहनाई, शंखनाद, डमरू दल के साथ काशी की जनता प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेगी। इसके साथ ही जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत गाते हुए बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक पीएम मोदी का स्वागत करेंगे। रोड शो में प्रधानमंत्री का अपनी माँ की पैर छूते हुए तस्वीर भी दिखाई देगी।

# इस बार मोहनलालगंज में त्रिकोणीय मुकाबला

उमेश गुप्ता, निगोहां/ लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो रही हैं। प्रत्याशियों ने चुनावी रणभूमि में पूरी ताकत झोंक रखी है।

बात करे मोहनलालगंज लोकसभा सीट की तो इस बार भी केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद कौशल किशोर तीसरी बार चुने जाने के लिये दिन-रात जुटे हैं वहीं इंडिया गठबंधन के सपा उम्मीदवार आर के चौधरी जो कि मोहनलालगंज विधानसभा से कई बार विधायक व बसपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं कि क्षेत्र की जनता से अच्छी पकड़ है। अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान ने पार्टी के कोर वोट के सहारे इस सीट के मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के सासंद व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर से कुछ क्षेत्रों के मतदाता नाराज हैं ,जनता की मांग के बाद भी अब तक मोहनलालगंज व निगोहां रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव, आरक्षण केन्द्र, समेत मोहनलालगंज मऊ रोड पर रेलवे क्रासिंग पर आये दिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने हेतु ओवरब्रिज का निर्माण ना कराये जाने व नहरों में पानी का न आना है। यहां के मतदाताओं की नाराजगी का प्रमुख कारण हैं। लेकिन वहीं मोदी और योगी का चेहरा इनके लिए फायदेमंद साबित हो रहा है और ये जनता से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए खुद को जिताने की अपील कर रहे हैं।



सांसद कौशल किशोर



आरके चौधरी



राजेश कुमार

दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार आरके चौधरी यहां अपनी बिरादरी समेत यादव व मुस्लिम वोटों से अपनी जीत निश्चित मान रहे हैं। आरके चौधरी बसपा की सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह मोहनलाल गंज सीट से 3 बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत अपना चुके हैं। जहां उन्हे हार का सामना करना पड़ा है , इस बार ये भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर देते आ रहे हैं। यह सीट 1962 से ही अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है, इसके बाद भी बसपा यहां से कभी नहीं जीती। इस बार वैतरणी पार करने के लिए बसपा ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान पर दांव लगाया है, जातीय समीकरण देखें तो यहां सबसे अधिक 34.14 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति की है। बसपा इन्हें अपना कैडर वोट समझती हैं, बसपा प्रत्याशी इसी को जीत का अधार मान कर इन मतदाताओं में अपनी पकड़ बनाने में जुट हैं।


### 11 उम्मीदवार लड़ रहे चुनाव

वहीं लखनऊ से सटी मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर बीजेपी ने केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा सपा ने आरके चौधरी, बसपा ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, राष्ट्रीय समाज पार्टी से बृजेश कुमार विक्रम को टिकट मिला है। साथ ही पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेट पार्टी से एसएल सिंह, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से सूरज कुमार, आम जनता पार्टी इंडिया से सुनीता छेदा पासी को टिकट मिला है। जबकि सुशील कुमार रावत, रमेश कुमार, जितेंद्र कुमार और महेंद्र निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोक रहे हैं। इस तरह मोहनलालगंज सीट से 11 कैंडिडेट ताल ठोक रहे हैं।


### विस की सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा

मोहनलालगंज लोकसभा सीट के अंदर विधानसभा की पांच सीटें आती हैं, पांचों सीट पर भाजपा का कब्जा है, इस लोकसभा सीट के अंतर्गत मलीहाबाद, बख्शी का तालाब , सरोजिनी नगर और मोहनलालगंज और सीतापुर जिले की सिधौली सीट आती है।

### 2019 में किसको मिले कितने मत




## अपनी ढपली अपना राग



चैनल पिक करिए, एंकर चुनिए, दोनों भाई बहन एक तरफ और भाजपा के एक प्रवक्ता एक तरफ़..दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। – स्मृति ईरानी



छोटे व्यवसायी, महिलाएं परेशान हैं। 10 वर्षों में स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है, आपको चैनलों पर सारी अच्छी चीजें दिखाई जाती हैं। – प्रियंका गांधी



सरकार की नीयत और नीति दोनों में खोट है। वह भेदभाव की राजनीति करते हैं। समाज में भेद लगाकर वोट हथियाना चाहते है। – डिंपल यादव



पिछड़ा, मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक के तौर पर न लें। शिक्षा, सदन, कमाई, पढ़ाई में हमारी हिस्सेदारी जाति के आधार पर होनी चाहिए। – पल्लवी पटेल


# भाजपा के सामने अपने ही चक्रव्यूह में उलझने का खतरा

## कुछ गांवों में जरूर नजर आ रही बदलाव की बयार, लेकिन शहरी इलाके में मोदी की गारंटी पर दिख रहा भरोसा

**हरियाणा का रणक्षेत्र**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** हरियाणा में लोकसभा की 10 सीटें हैं। भाजपा सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि इंडिया गठबंधन से कांग्रेस नौ सीटों पर तो एक सीट कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी मैदान में है। 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार कांग्रेस आधा दर्जन सीटों पर कड़ी चुनौती पेश कर रही है। यही वजह है कि चुनाव प्रचार का घमासान आगे बढ़ने के साथ भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़ी वर्चस्व की जंग दिलचस्प होती जा रही है। तीन निर्दलीय विधायकों की समर्थन वापसी से राज्य की भाजपा सरकार पर खतरे के बादल मंडराते देखकर कांग्रेस ने बढ़त बनाने के लिए स्थानीय मुद्दों को उछालकर आगामी विधानसभा चुनाव में किए जाने वाले वादों को भी जनता के सामने परोसना शुरू कर दिया है। राज्य में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसके मुकाबले भाजपा 400 पार के लक्ष्य को सफल बनाने के लिए एक बार फिर 2019 की तरह क्लीन स्वीप करके सभी 10 सीटों का तोहफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालना चाहती है। इसके लिए मोदी की गारंटी के साथ मतदाताओं के ध्रुवीकरण के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा के लिए इस चुनाव में जहां सात सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है, वहीं कांग्रेस पर पिछली बार की तरह सीटों का सूखा खत्म करने की दबाव है। भाजपा ने दूसरी बार राज्य में क्लीन स्वीप करने के लिए इस बार गैर-जाट मतदाताओं पर दांव लगा रखा है। इस रणनीति में जाटलैंड मानी जाने वाली रोहतक और सोनीपत लोकसभा सीट पर भी पार्टी ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारे हैं। अन्य सीटों पर ओबीसी पर ज्यादा भरोसा किया है। राज्य में जाट मतदाता 22 प्रतिशत तो ओबीसी 21 प्रतिशत हैं। लेकिन जाट मतदाता कांग्रेस, जेजेपी और इनेलो के बीच बंटे हुए हैं और कुछ हद तक भाजपा से किसान आंदोलन के कारण नाराज भी हैं। ऐसा आकलन है कि भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा 74 प्रतिशत सामान्य जाति, 72 प्रतिशत ओबीसी और करीब 58 प्रतिशत दलित समुदाय का वोट मिला था। पार्टी के अनुमान के अनुसार उसे जाट वोट 50 फीसदी के आसपास मिला था। भाजपा की रणनीति के मुकाबले कांग्रेस ने जाट समुदाय पर भरोसा जताते हुए अन्य वर्गों को भी साधने की बिसात बिछाई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा इस बार हरियाणा में कांग्रेस की जोरदार वापसी के लिए दिन-रात एक किए हैं। राज्य के इस चुनावी माहौल में फिलहाल आठ सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होती नजर आ रही है। कुरुक्षेत्र एकमात्र सीट है, जहां भाजपा के नवीन जिंदल, इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता और इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने में आ रहा है।




### राज्य का जातीय संतुलन अनुमानित

| | |
|---|---|
| जाट | 22% |
| दलित | 20 %, |
| ब्राह्मण | 10% |
| पंजाबी | 8% |
| वैश्य | 5% |
| राजपूत | 4% |
| गुर्जर | 3% |
| सैनी | 3% |
| बिश्नोई | 2% |
| अन्य पिछड़ा | 18% |
| मुस्लिम | 4% |

**2014**

में मोदी लहर के दौरान भाजपा ने 41% वोट प्राप्त करके राज्य की 10 में से सात सीटें जीती थीं

### भाजपा पर पिछले चुनाव में हुई थी रिकार्ड तोड़ वोटों की बरसात

- 2019 के चुनाव में भाजपा ने राज्य की सभी 10 सीटें जीती थीं। उसे प्रदेश में पहली बार रिकॉर्ड 58 .21% वोट मिले थे। वर्ष 2014 की मोदी लहर के दौरान भाजपा ने 41% वोट प्राप्त करके राज्य की 10 में से सात सीटें जीती थीं, तब इनेलो ने दो सीटें हिसार और सिरसा तथा कांग्रेस अकेली रोहतक लोकसभा सीट ही जीत पाई थी। 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने राज्य में बड़ी जीत दर्ज करते हुए 10 में से नौ सीटों पर विजय हासिल की थी, तब एक सीट कुलदीप बिश्नोई की पार्टी हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां) को मिली थी। अब वोट शेयर के लिहाज से कांग्रेस का प्रदर्शन देखें तो 2009 में पार्टी के 42% वोट मिले थे जो 2019 में गिरकर 28% पर आ गए।

### 2019 चुनाव में किसको कितने वोट

| | |
|---|---|
| भाजपा | 58 .02% |
| कांग्रेस | 28 .42% |
| जेजेपी | 4 .9% |
| इनेलो | 1 .89% |


### कांग्रेस का तीन बार सूपड़ा साफ, सिर्फ एक बार किया क्लीन स्वीप

- कांग्रेस ने हरियाणा में सिर्फ एक बार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद साल 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटों पर विजय पताका फहरायी है, जबकि तीन बार पार्टी को शून्य हासिल हुआ है। 2019 के अलावा इमरजेंसी हटने के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हरियाणा में एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। इसी तरह 1999 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का राज्य में खाता नहीं खुला था। इस चुनाव में भाजपा और इनेलो गठबंधन ने पांच-पांच लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी।

### भाजपा से आधे वोट और सीट एक भी नहीं

2019 के चुनाव में भाजपा को हरियाणा में कुल 73,57,347 मत प्राप्त हुए थे। इसके मुकाबले कांग्रेस ने करीब आधे 36,04,106 वोट हासिल किए थे, लेकिन पार्टी को एक भी सीट पर सफलता नहीं मिली थी, जबकि भाजपा ने सभी 10 सीटें जीत ली थीं। 2019 मैं जेजेपी को 6,19,970 तथा इनेलो को 2,40,258 वोट मिले थे।

### वोट शेयर में बदलाव




## जाट बाहुल्य फरीदाबाद में गुर्जर नेताओं का मुकाबला

फरीदाबाद में जातीय समीकरणों के लिहाज से जाट मतदाता सबसे ज्यादा हैं, लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जाट उम्मीदवार नहीं उतारकर गुर्जर बिरादरी पर दांव लगाया हैं। यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह और भाजपा के सांसद केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के बीच विधानसभा चुनाव में कई मुकाबले हुए हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में दोनों पहली बार भिड़ रहे हैं। इससे पहले 2004 के विधानसभा चुनाव में दोनों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें महेंद्र प्रताप सिंह विजयी हुए थे। वह पांच बार के विधायक तथा चौधरी भजनलाल और भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। इस सीट पर इनेलो ने सुनील तेवतिया और जेजेपी ने नलिन हुड्डा को मैदान में उतारा है। दोनों ही जाट समुदाय से आते हैं। जाट लैंड कही जाने वाली सोनीपत लोकसभा सीट पर भी इस बार भाजपा और कांग्रेस ने जाट नेताओं को चुनाव मैदान में नहीं उतारा है। इस लोकसभा सीट पर 35 प्रतिशत तक जाट मतदाता हैं और यहां अब तक हुए 12 लोकसभा चुनावों में नौ बार जाट नेता ही जीते हैं। सोनीपत में भाजपा ने दो बार के ब्राह्मण सांसद रमेशचंद्र कौशिक की जगह राई के विधायक मोहन लाल बडोली को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने जींद जिले के रहने वाले सतपाल ब्रह्मचारी पर दांव लगाया है। ब्रह्मचारी के हरिद्वार में आश्रम हैं। यहां इन्हीं दोनों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को यहां तगड़ा झटका लगा था। पार्टी के दिग्गज क्षत्रप और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा इस सीट पर डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव हार गए थे। हुड्डा को भाजपा के रमेश चंद्र कौशिक ने हराया था। कौशिक यहां से 2014 में भी चुनाव जीते थे। इस सीट पर इनेलो ने अनूप दहिया, जेजेपी ने भूपेंद्र मलिक और बसपा ने उमेश गहलावत को मैदान में उतारा है। तीनों ही जाट समुदाय से आते हैं।

## भिवानी-महेंद्रगढ़ में भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए कांग्रेस ने बदला प्रत्याशी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर भी भाजपा-कांग्रेस में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां से धर्मबीर सिंह सांसद हैं। भाजपा ने उन्हें तीसरी बार मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी का टिकट काटकर गैर जाट राव दान सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। इससे किरण चौधरी नाराज हैं। जेजेपी ने अहीरवाल इलाके से ताल्लुक रखने वाले राव बहादुर सिंह को और इनेलो ने शेर सिंह राणा की राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के सुभाष परमार को समर्थन दिया है। बसपा से कंमाडर सुनील शर्मा मैदान में हैं। इस सीट पर ग्रामीण मतदाताओं की संख्या काफी ज्यादा है। कांग्रेस की स्थिति जातीय समीकरण के अलावा ग्रामीण वोट बैंक में मजबूत दिख रही है। लेकिन शहरी मतदाताओं पर भाजपा की मजबूत पकड़ है। लोकसभा में क्षेत्र में जाट मतदाता तीन लाख से ज्यादा हैं। दूसरे नंबर पर यादव (अहीर) मतदाता हैं, जिनकी संख्या पौने तीन लाख तक गिनी जाती है। 2019 में भाजपा के धर्मबीर सिंह ने 7,36,699 वोट पाए थे। कांग्रेस की श्रुति चौधरी को 2,92,236 और जेजेपी की स्वाति यादव को 84,956 वोट मिले थे। इससे पहले 2014 में भाजपा के धर्मबीर सिंह ने इनेलो के बहादुर सिंह को 1,29,394 वोटों से हराया था। कांग्रेस प्रत्याशी श्रुति चौधरी 2,68,115 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रही थीं। अंबाला में राजनीतिक विरासत वाले नए चेहरों पर दांव अंबाला सुरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने इस बार यहां नए चेहरों पर दांव लगाया है। भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रतनलाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया को चुनावी मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने मुलाना से विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री रहे और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष फूलचंद मुलाना के बेटे वरुण मुलाना पर दांव खेला है। भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया भाजपा संगठन की मजबूती, मोदी की गारंटी और पति रतन लाल कटारिया के नाम पर सहानुभूति के आधार पर वोट मांग रही हैं। लेकिन बंतो कटारिया को कई स्थानों पर किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उधर, कांग्रेस उम्मीदवार वरुण मुलाना भी पिता के राजनीतिक अनुभव का लाभ उठाने में लगे हैं। इनेलो ने इस सीट पर सिख उम्मीदवार एडवोकेट गुरप्रीत सिंह सहोटा को टिकट दिया है। 2019 के चुनाव में दिवंगत सांसद रतनलाल कटारिया को 7,46,508 (57 .06) प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस की प्रत्याशी कुमारी शैलजा को 4,04,163 (30 .89) प्रतिशत वोट हासिल हुए थे।


## करनाल में अनुभव और युवा जोश की टक्कर पूर्व सीएम खट्टर के सामने कांग्रेस से बुद्धिराजा


मनोहर लाल खट्टर


दिव्यांशु बुद्धिराजा।

करनाल लोकसभा सीट पर अनुभव और युवा जोश के बीच रोचक चुनावी भिड़ंत हो रही है। यहां भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उनके खिलाफ युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को मैदान में उतारा है। मनोहर लाल के विरुद्ध पंचकूला में दो साल पहले पोस्टर लगाने के आरोप में पंचकूला की अदालत ने बुद्धिराजा को भगोड़ा घोषित कर दिया था। हालांकि पिछले हफ्ते उन्हें जमानत मिल गई है। यहां खट्टर के सामने दोहरी चुनौती है। उन्हें करनाल लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत की हैट्रिक बनाने के लिए अपना पहला लोकसभा चुनाव तो जीतना ही है, करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव में अपने उत्तराधिकारी मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी की जीत भी सुनिश्चित करनी है। दो माह पहले मुख्यमंत्री पद से खट्टर के इस्तीफे के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में करनाल में संजय भाटिया ने बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने कांग्रेस के कुलदीप शर्मा को 6,54,269 लाख वोटों से हराया था। संजय भाटिया को 9,09,432 (70 फीसदी) वोट मिले थे, जबकि कुलदीप शर्मा 2,55,163 लाख (20 फीसदी) वोट ही पा सके थे। तीसरे नंबर पर बसपा के पंकज थे, जिन्हें 67,091 (5 फीसदी) वोट मिले थे।

## बाहरी का प्रचार और कमजोर संगठन राज बब्बर की बढ़ा रहा मुसीबत


राज बब्बर।


राव इंद्रजीत सिंह।

गुड़गांव लोकसभा सीट पर भाजपा के सांसद राव इंद्रजीत सिंह फिर से मैदान में हैं, उनके सामने कांग्रेस ने पूर्व फिल्म अभिनेता राज बब्बर को उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) से राहुल यादव फाजिलपुरिया ताल ठोंक रहे हैं। गुरुग्राम सीट पर 23 प्रत्याशी होने के कारण हर बूथ पर दो ईवीएम मशीन लगेंगी। राव इंद्रजीत सिंह गुड़गांव से लगातार तीन बार सांसद चुने जा चुके हैं। 2009 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता था। 2019 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के कैप्टन अजय सिंह को 4,95,290 वोटों से हराया था। इंद्रजीत सिंह को 8,81,546 लाख वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में वह पहली बार भाजपा से चुनाव लड़े थे और भारतीय राष्ट्रीय लोकदल (इनेलो) के जाकिर हुसैन को हराया था। इस बार उनके मुकाबले में उतरे राज बब्बर तीन बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। लेकिन गुड़गांव में राज बब्बर को कांग्रेस का संगठन नहीं होने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका और नूंह में मुस्लिम वोटर चार लाख माना जाता है, जबकि गुड़गांव पंजाबियों का गढ़ है। पंजाबी समाज में भाजपा का मजबूत प्रभाव है। राज बब्बर खुद के पंजाबी होने के चलते अपनी दम पर पंजाबी समाज में पकड़ बनाने में जुटे हैं।

## रोहतक में हुड्डा परिवार के सामने इस बार साख बचाने का सवाल


दीपेंद्र हुड्डा।


डॉ. अरविंद शर्मा।

जाटलैंड रोहतक में इस बार का लोकसभा चुनाव नरेंद्र मोदी बनाम हुड्डा परिवार की साख का सवाल बन गया है। कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा चौथी बार मैदान में हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर जनता के बीच हैं, तो दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस सरकार के समय में हुए विकास कार्यों के नाम पर वोट मांग रहे हैं। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने तीन बार 2005 का उपचुनाव, 2009 और 2014 में रोहतक से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2019 में भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने दीपेंद्र हुड्डा को 7500 हजार वोटों के अंतर से हरा दिया था। ऐसे में कांग्रेस की कोशिश फिर से रोहतक सीट जीतकर इस इलाके में अपनी चौधराहट वापस लाने की है। रोहतक सीट कांग्रेस के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि यहां से चार बार भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी चुनाव जीत चुके हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पिता रणबीर सिंह हुड्डा भी यहां से दो बार जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के अरविंद कुमार शर्मा को 5,73,845 और कांग्रेस के दीपेंद्र सिंह हुड्डा 5,66,342 वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में दीपेंदर सिंह हुड्डा ने भाजपा को ओपी धनखड़ को 1,70,627 लाख वोटों से हराया था। 2009 में दीपेंदर सिंह हुड्डा ने इनेलो के नफे सिंह को साढ़े चार लाख वोटों से शिकस्त दी थी।

## कुरुक्षेत्र के दंगल में फंसते नजर आ रहे हैं भाजपा से उतरे नवीन जिंदल


नवीन जिंदल।


डॉ. सुशील गुप्ता।

कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट हरियाणा का सबसे बड़ा चुनावी कुरुक्षेत्र बनने के साथ ही हॉट सीट बनी है। यहां पर सभी पार्टियों के बड़े दिग्गज नेता चुनावी मैदान में एक-दूसरे को मात देने के लिए जोर लगाए हैं। कुरुक्षेत्र सीट पर भाजपा ने पिछले दो चुनाव में दोनों बार प्रत्याशी बदला है और जीत हासिल की है। इस बार भी भाजपा ने प्रत्याशी बदलते हुए कांग्रेस से आए उद्योगपति और पूर्व सांसद नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से उतारा है। इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अगले एक-दो दिन में प्रचार के लिए आने वाले हैं। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला पहले ही यहां जमे हैं। ऐसे में इस सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष होता नजर आ रहा है। अब नए घटनाक्रम में कुरुक्षेत्र से दो बार की पूर्व सांसद कैलाशो सैनी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने तोड़कर कांग्रेस में शामिल कर लिया है। कैलाशो को कुरुक्षेत्र में प्रमुख ओबीसी नेता माना जाता है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील गुप्ता के लिए प्रचार करने की बात कही है। पिछले 2019 के चुनाव में मौजूदा सीएम भाजपा के नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस के निर्मल सिंह को करीब चार लाख वोटों से शिकस्त दी थी। नायाब सिंह को 56 फीसदी वोट, जबकि निर्मल सिंह को 25 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे।यहां जाट मतदाता भाजपा से नाराज बताए जा रहे हैं, जबकि गांवों में इनेलो मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है।

## सिरसा के मैदान में कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैं आमने-सामने


कुमारी सैलजा।


अशोक तंवर।

सिरसा लोकसभा सीट पर भी इस बार चुनावी मुकाबला काफी रोचक है। यहां कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आमने-सामने हैं। कुमारी सैलजा कांग्रेस से चुनाव लड़ रही हैं तो अशोक तंवर भाजपा की तरफ से मैदान में उतरे हैं। हालांकि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस से ही सांसद रह चुके अशोक तंवर ने 2019 के बाद से तीन पार्टियां बदलकर अपने राजनीतिक समीकरण थोड़े बिगाड़ लिए हैं। अशोक तंवर ने 2019 में समर्थकों का टिकट कटने से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी बनाई, लेकिन कुछ ही दिन में टीएमसी में शामिल हो गए, लेकिन साल भर बाद ही उन्होंने टीएमसी भी छोड़ दी और आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया, लेकिन इसी साल चुनाव से पहले उन्होंने आम आदमी पार्टी को छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गए। उधर, कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा दो बार सांसद रह चुकी हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा की सुनीता दुग्गल ने सिरसा में 7,14,351 वोट पाए थे, कांग्रेस से चुनाव लड़े अशोक तंवर 4,04,433 वोट पाकर दूसरे तो जेजेपी के निर्मल सिंह मलरी 95,914 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। सिरसा सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। यहां से कांग्रेस नौ बार जीत चुकी है। 1991 से 2014 तक तो कांग्रेस लगातार यहां से चुनाव जीती थी। लेकिन 2014 में इनेलो के उम्मीदवार चरणजीत सिंह रोड़ी के बाद 2019 में भाजपा की सुनीता दुग्गल को सिरसा से जीत मिली थी। सिरसा से 2004 के बाद से कोई नेता लगातार दो बार संसद नहीं जा पाया है। भाजपा यहां सिर्फ एक बार 2019 में ही जीत हासिल कर पायी थी।



**जीत की हुंकार** भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने दिल्ली के चांदनी चौक सीट से उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल के लिए रोड शो किया और मोदी की गारंटी पर वोट मांगे।



**मांगे वोट** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ दिल्ली के मोती नगर में रोड शो कर इंडिया गठबंधन उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

# जांच सीबीआई को सौंपने से सिद्धरमैया का इनकार

## बोले- हमें एसआईटी पर भरोसा, लोगों में भ्रम पैदा करने वाला बयान देने का भाजपा पर लगाया आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित मामले की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें प्रकरण की जांच कर रहे राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) पर भरोसा है। उन्होंने ऐसी मांग करने के लिए भाजपा से पूछा कि उसे पुलिस पर भरोसा क्यों नहीं है। उन्होंने भाजपा पर एसआईटी के बारे में लोगों के मन में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया।

सिद्धरमैया ने सीबीआई जांच की भाजपा की मांग पर कहा, हम एसआईटी से जांच करा रहे हैं, हमें अपनी पुलिस पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक बार सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो कहा था और सत्ता में रहते हुए पार्टी ने कांग्रेस की बार-बार मांग के बावजूद कभी भी केंद्रीय एजेंसी को एक भी मामला नहीं सौंपा। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है, जिन मामलों को सौंपने की जरूरत है, उन्हें दिया जाएगा। जब मैं पहले मुख्यमंत्री था, तो मैंने सात मामले सीबीआई को दिए थे, लेकिन एक भी मामले में दोष सिद्धि नहीं हुई। इसका मतलब यह नहीं कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है। जनता दल (सेक्युलर) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना (33) महिलाओं के यौन शोषण के आरोप का सामना कर रहे हैं। इस मामले को लेकर राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है और सत्तारूढ़ कांग्रेस तथा भाजपा-जद(एस) आमने-सामने है।

**यौन उत्पीड़न मामला**



● भाजपा कर रही सीबीआई से प्रज्ज्वल रेवन्ना के मामले की जांच कराने की मांग

### एसआईटी रेवन्ना को लाने नहीं जाएगी विदेश : परमेश्वर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रहा एसआईटी उन्हें वापस लाने के लिए विदेश नहीं जाएगा और इंटरपोल इसकी जानकारी साझा करेगा। उन्होंने नेताओं को मामले में बयान देने या ऐसी जानकारी साझा करने के प्रति भी आगाह किया, जो संवेदनशील है। ऐसा कहा जा रहा है कि प्रज्ज्वल कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को विदेश चले गए थे। परमेश्वर ने कहा कि ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया गया है और इंटरपोल जानकारी साझा करेगा। भाजपा नेता देवराजे गौड़ा की गिरफ्तारी के पीछे साजिश का आरोप लगाने वाले केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के बयान पर परमेश्वर ने कहा, यदि कोई कुछ भी कहता है, तो मैं उस पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकता।

### प्रज्ज्वल मामले की जांच पटरी से उतरी: बोम्मई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले में चल रही एसआईटी जांच के संबंध में रविवार को गंभीर आशंकाएं व्यक्त कीं और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई के हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल दिया। बोम्मई ने हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े मामले में मुखबिरों की गिरफ्तारी और आरोपियों को पकड़ने में हो रही देरी का हवाला देते हुये एसआईटी के प्रबंधन की खुले तौर पर आलोचना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच की वर्तमान दिशा पटरी से उतर गई है और इसे तत्काल सीबीआई के अधिकार क्षेत्र में पुनर्निर्देशित करने की आवश्यकता है।

**विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रहा निर्वाचन आयोग : कांग्रेस**

# खरगे के हेलीकॉप्टर की ली गई तलाशी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को चुनाव अधिकारी निशाना बना रहे हैं और दावा किया कि बिहार के समस्तीपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने की इजाजत दी जा रही है।

खरगे ने शनिवार को बिहार के समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया था। कांग्रेस नेता राजेश राठौड़ ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक वीडियो संदेश में दावा किया, केरल में राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई और अब बिहार के समस्तीपुर में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई है। पार्टी की बिहार इकाई के मुख्य प्रवक्ता राठौड़ ने कहा कि बिहार की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने खुद समस्तीपुर में खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। वीडियो में एक हेलीकॉप्टर के चारों ओर पुलिसकर्मी और अधिकारी दिखाई देते हैं। राठौड़ ने अपने वीडियो संदेश में कहा, निर्वाचन आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या कांग्रेस नेताओं के हेलीकॉप्टरों की ऐसी जांच नियमित है और अगर नियमित है तो क्या राजग के शीर्ष नेताओं की भी इसी तरह की जांच की गई है।



● चुनावी रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लगाए आरोप

● बोले- राजग नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने की दी है इजाजत

### विपक्ष के पत्र पर आयोग की प्रतिक्रिया अनुचित

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को लिखे गए पत्र पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया को अनुचित एवं अनचाही करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि खड़गे द्वारा उठाए गए सवालों पर आए चुनाव आयोग के इस पत्र की भाषा एक संवैधानिक संस्था से ज्यादा राजनीतिक दल की लग रही है।

**एक नजर**

### रियासी में हथियार व गोला बारूद बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) सहित हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना, पुलिस और विशेष अभियान समूह की संयुक्त टीम ने माहौर के कोट बुधन वन क्षेत्र में तलाशी शुरू की। सूत्रों ने बताया कि तलाशी के दौरान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के अलावा नौ आईईडी, तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन, पिस्तौल की 20 गोलियां, एक किलो पाउडर विस्फोटक, एके-47 की 15 गोलियां, एके-47 के छह खोखे व अन्य सामान बरामद किया। उन्होंने कहा, इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### बांदीपोरा में आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादियों के एक सहयोगी को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने बांदीपोरा में संयुक्त रूप से तलाश अभियान चलाया और इस दौरान आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पिस्तौल, पिस्तौल मैगजीन और राउंड सहित कुछ हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए है। इस सिलसिले में पेठकोटे थाना में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



वाराणसी में रविवार को गंगा सप्तमी उत्सव से पहले श्री काशी विश्वनाथ धाम को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। इस दौरान बाबा का स्वर्ण शिखर एक अलग ही आभा बिखेर रहा था। ● एजेंसी

### पीडीपी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर मुफ्ती ने की आयोग से हस्तक्षेप की मांग

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में मतदान से एक दिन पहले अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के कथित उत्पीड़न और गिरफ्तारी को रोकने के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप की मांग की।

श्रीनगर सीट से पीडीपी उम्मीदवार वहीद परा ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पर उन क्षेत्रों में कम मतदान के लिए निर्देश देने का आरोप लगाया है जहां पार्टी का मजबूत जनाधार है। मुफ्ती ने आयोग को लिखे पत्र में कहा कि, यह मेरे ध्यान में आया है कि केंद्र सरकार के नियंत्रण में राज्य प्रशासन, पीडीपी के मतदाताओं और समर्थकों को डराने-धमकाने की गतिविधियों में लगा हुआ है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में 1987 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि यह दुखद है कि इतिहास खुद को दोहरा रहा है, जब धांधली के कारण इस क्षेत्र को गहरा नुकसान झेलना पड़ा था।

## दिल्ली के दो अस्पतालों और जयपुर हवाई अड्डे को फिर मिली बम विस्फोट की धमकी

नई दिल्ली/ जयपुर, एजेंसी

● पुलिस ने ई-मेल मिलने के बाद चलाया तलाशी अभियान

दिल्ली के दो अस्पतालों को ई-मेल के जरिये धमकी मिली है, जिसमें उनको बम विस्फोट से उड़ाने की बात कही गयी है। वहीं जयपुर स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की रविवार को फिर धमकी मिली है।

उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त एम के मीणा ने कहा, बुराड़ी अस्पताल में बम की धमकी को लेकर ई-मेल मिला था। पुलिस, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते की टीम अस्पताल की जांच कर रही हैं। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक, संजय गांधी अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और अस्पताल की जांच शुरू कर दी है। वहीं जयपुर हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की रविवार को फिर धमकी मिली है। अपराह्न साढ़े तीन बजे ई-मेल से धमकी दी गई। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई और हवाई अड्डे पर तलाशी शुरू किया गया लेकिन हवाई अड्डे पर किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## फिल्म जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ केस

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के बाद केकड़ी में भी फिल्म जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया है, जिसकी सुनवाई 13 मई को होगी। केकड़ी जिले के सिविल न्यायालय की मुंसिफ कोर्ट में वकील मनीष छीपा ने वाद दायर किया है। बताया जा रहा है कि केकड़ी के राजकीय चिकित्सालय बांदनवाड़ा में फिल्मांकन किया जा रहा है। एडवोकेट छीपा द्वारा दायर वाद में केकड़ी जिला कलक्टर सहित फिल्म प्रोड्यूसर, अभिनेता, फिल्म यूनिट को इस आधार पर पाबंद करने कि गुहार लगाई है कि फिल्मांकन के दौरान तमाम दृश्यों और डायलॉग में न्यायालय एवं अधिवक्ताओं की गरिमा का ध्यान रखा जाये और किसी भी रूप में इन्हें ठेस न पहुंचे। इस पर न्यायालय से पक्षकारों को नोटिस भी जारी किये जा चुके हैं। मामले की सुनवाई सिविल न्यायायिक मजिस्ट्रेट शुभम गुप्ता सोमवार को करेंगे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने संदेशखालि पुलिस स्टेशन पर किया प्रदर्शन

**संदेशखालि (प. बंगाल)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को संदेशखालि पुलिस थाने के समक्ष प्रदर्शन किया और डकैती के झूठे मामले में गिरफ्तार एक कार्यकर्ता की रिहाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थानीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए वीडियो जारी किये जाने का भी विरोध किया।

भाजपा की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार रेखा पात्रा ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कथित गुंडों की गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पार्टी के स्थानीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए प्रसारित किए जा रहे कई वीडियो को लेकर पुलिस सक्रियता नहीं दिखा रही है।

## 50 फीसद से ज्यादा वोट हासिल करने पर ही नोटा असरदार: पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

● कांग्रेस प्रत्याशी के नाम वापसी के बाद नोटा को लेकर छिड़ी बहस

मौजूदा हालात में नोटा को प्रतीकात्मक करार देते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा है कि किसी सीट पर नोटा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने के बाद ही मतदान के इस विकल्प को चुनाव परिणाम पर कानूनी रूप से असरदार बनाने के बारे में सोचा जा सकता है।

इंदौर लोकसभा सीट पर 13 मई (सोमवार) को होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा मतदाताओं से नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) को वोट देने की अपील के बाद मतदान के इस विकल्प को लेकर फिर बहस शुरू हो गई है। कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 29 अप्रैल को अपना पर्चा वापस ले लिया और वह इसके तुरंत बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। नतीजतन इस सीट के 72 साल के इतिहास में कांग्रेस पहली बार चुनावी दौड़ में नहीं है।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त रावत ने रविवार को कहा, वर्तमान स्थिति में नोटा एक प्रतीक की तरह है और यह किसी सीट के चुनाव परिणाम पर कोई भी असर नहीं डाल सकता। उन्होंने इसे विस्तार से समझाते हुए कहा, अगर किसी चुनाव में 100 में 99 वोट नोटा को मिल जाएं और किसी अन्य उम्मीदवार को महज एक वोट मिल जाए, तब भी नोटा नहीं, बल्कि यह उम्मीदवार ही विजेता घोषित किया जाएगा। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, एक बार मतदाताओं को किसी सीट पर नोटा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट देकर राजनीतिक जमात को दिखाना पड़ेगा कि वे आपराधिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों या अन्य अप्रिय प्रत्याशियों को अपने मत के लायक नहीं समझते हैं। इसके बाद ही संसद व चुनाव आयोग पर दबाव बढ़ेगा और उन्हें सोचना पड़ेगा कि नोटा को चुनाव परिणाम पर प्रभावकारी बनाने के लिए कानूनों में बदलाव किया जाए।

### 48 किलो हेरोइन बरामदगी मामले में 10 और गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में हेरोइन की सबसे बड़ी जब्ती मामले में एक बड़ी सफलता में, जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने पहले बरामद की गई 48 किलोग्राम हेरोइन के अलावा 500 ग्राम और हेरोइन बरामद की है और इस रैकेट को संचालित करने वाले 10 और लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने पिछले सप्ताह तीन लोगों की गिरफ्तारी और 48 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी के साथ इस रैकेट का भंडाफोड़ किया था। जांच से पता चला कि गिरोह को 10 शातिर अपराधियों द्वारा चलाया जा रहा था, जिन्हें कमिश्नरेट पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

**कारोबार/कृषि**

**सर्राफा**

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 84,100 |
| चांदी तैयार | 84,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**लखनऊ मंडी**

| | |
|---|---|
| **अनाज प्रति कुन्तल** | |
| गेहूँ (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूँग खड़ा | 10000-10500 |
| मूँग दाल | 10500-11000 |
| मूँग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |

# देश का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़ा

## गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने और ढुलाई की लागत कम होने से आया आयात में इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतें घटने और गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना के चलते बीते वित्त वर्ष (2023-24) में भारत का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 26.82 करोड़ टन पर पहुंच गया है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 24.90 करोड़ टन कोयला का आयात था। मार्च, 2024 में भी भारत का कोयला आयात बढ़ा है। यह पिछले साल के समान महीने के 2.11 करोड़ टन से बढ़कर 2.39 करोड़ टन पर पहुंच गया है। मार्च में आयातित कुल कोयले में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.53 करोड़ टन रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में यह 1.38 करोड़ टन था। मार्च में कोकिंग कोयले का आयात 53.4 लाख टन रहा, जो इससे पिछले साल के समान महीने में 39.6 लाख टन था। बीते वित्त वर्ष में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 17.59 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 16.24 करोड़ टन था। कोकिंग कोयले का आयात 2023-24 में 5.72 करोड़ टन रहा, जबकि 2022-23 में 5.44 करोड़ टन रहा था।

एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा, समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में नरमी और गर्मियों के सीजन में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना से देश का कोयला आयात बढ़ा है। हालांकि, घरेलू बाजार में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए यह देखने वाली बात होगी कि आगामी महीनों में कोयले का आयात मजबूत रहता है या नहीं।



● गत वित्त वर्ष में 24.90 करोड़ टन कोयले का किया गया था आयात

### कपड़ा निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही सरकार



**नई दिल्ली।** सरकार कपड़ा निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। बीते वित्त वर्ष (2023-24) में लगातार दूसरे साल कपड़ा निर्यात में गिरावट आई है। इसके बाद सरकार ने निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का फैसला किया है। कपड़ा सचिव रचना शाह ने यह बात कही है। सरकार ने 2030 तक कपड़ा उत्पादों के निर्यात को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के बीच भारत का कुल कपड़ा और परिधान निर्यात 3 .24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34 .4 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 35 .5 अरब डॉलर का था। वित्त वर्ष 2021-22 में कपड़ा और परिधान निर्यात 41 अरब डॉलर से अधिक रहा था। कपड़ा सचिव शाह ने कहा, 2023-24 में भारत के कपड़ा निर्यात में गिरावट की एक बड़ी वजह लाल सागर संकट था। हालांकि, भू-राजनीतिक चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। कपड़ा सचिव ने कहा कि कुछ निर्यातकों ने पहली तिमाही में अपनी ऑर्डर बुक में सुधार की सूचना दी है और आने वाले महीनों में निर्यात में सुधार होने की संभावना है। शाह ने बताया, हम उन उत्पादों पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे जिनमें निर्यात की अधिक संभावना है और हमारी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना वैश्विक स्तर पर कारोबार वाले उत्पादों पर केंद्रित है।

## बड़ी कंपनियों ने अप्रैल में 50,200 करोड़ का किया पूंजीगत व्यय

नई दिल्ली, एजेंसी

● पूंजीगत व्यय में रेलवे, सड़क, तेल और गैस क्षेत्रों का रहा प्रमुख योगदान

सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने यानी अप्रैल में अकेले 50,200 करोड़ रुपये से कुछ अधिक का पूंजीगत व्यय किया है। यह 2024-25 के 7.77 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 6.46 प्रतिशत है। हालांकि, यह पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में खर्च की गई 54,177 करोड़ रुपये की राशि से कम है। पिछले वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 7.42 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह अप्रैल में सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रमों का पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 7.3 प्रतिशत रहा था। एक अधिकारी ने कहा, अप्रैल के आंकड़े अभी अस्थायी हैं और संशोधित अंतिम आंकड़ों में यह बढ़ जाएगा।

वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने के दौरान पूंजीगत व्यय में प्रमुख योगदान रेलवे, सड़क, तेल और गैस क्षेत्रों का रहा है। भारतीय रेलवे और क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने अप्रैल में 26,641 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 6,645 करोड़ रुपये खर्च किए। तेल और गैस क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों में, ओएनजीसी ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में 2,318 करोड़ रुपये, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने 2,423 करोड़ रुपये खर्च किए। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने अप्रैल में क्रमशः 1,155 करोड़ रुपये और 417 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया। बिजली क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम एनटीपीसी ने 2,083 करोड़ रुपये खर्च किये। वित्त मंत्रालय उन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के पूंजीगत व्यय पर नजर रखता है जिनका वार्षिक निवेश लक्ष्य 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

## बीपीसीएल, एचपीसीएल और आईओसी ने कमाया 81,000 करोड़ का रिकॉर्ड मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि.(एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) ने बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 81,000 करोड़ का बंपर मुनाफा दर्ज किया है। यह तेल-संकट के पूर्व के वर्षों की उनकी सालाना कमाई से कहीं अधिक है।

अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के दौरान आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल का सामूहिक रूप से एकल शुद्ध लाभ तेल संकट से पहले के वर्षों में उनकी 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर रहा है। तीनों कंपनियों ने 2023-24 में एकल और एकीकृत आधार पर अपना सबसे ऊंचा मुनाफा कमाया है। आईओसी ने 2023-24 में 39,618.84 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है। इसकी तुलना में 2022-23 में उसका एकल शुद्ध लाभ 8,241.82 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी यह दलील दे सकती है कि 2022-23 का उसका नतीजा तेल संकट से प्रभावित हुआ था। लेकिन संकट से पहले के वर्षों से तुलना की जाए, तो भी कंपनी का मुनाफा बेहतर रहा है। शेयर बाजारों को दी गई सूचना के अनुसार, एचपीसीएल का 2023-24 में शुद्ध मुनाफा 14,693.83 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को 8,974.03 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।



● तेल-संकट के पहले के वर्षों की सालाना कमाई से कहीं अधिक

### सीएनजी कारों की बिक्री 30 % बढ़ाएगी मारुति

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में उसकी सीएनजी कारों की बिक्री 30% से अधिक बढ़कर छह लाख इकाई पर पहुंच जाएगी। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में तीन लाख इकाई निर्यात करने का लक्ष्य तय किया है।

मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने कहा कि सीएनजी में इस साल हमने यात्री वाहनों की 4.5 लाख इकाइयां बनाईं। 2024-25 में ये आंकड़ा छह लाख वाहनों का होगा। हरियाणा स्थित मानेसर संयंत्र में सालाना एक लाख इकाई के क्षमता विस्तार से काफी हद तक अर्टिगा की आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 449 परियोजनाओं की लागत 5.01 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ या इससे अधिक के खर्च वाली 449 परियोजनाओं की लागत मार्च, 2024 में तय अनुमान से 5.01 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से परियोजनाओं की लागत बढ़ी है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मार्च, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,873 परियोजनाओं में से 449 की लागत बढ़ गई है, जबकि 779 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,873 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 26,87,535.69 करोड़ थी लेकिन अब इसके बढ़कर 31,88,859.02 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 18.65 प्रतिशत यानी 5,01,323.33 करोड़ रुपये बढ़ गई है। इन परियोजनाओं पर 17,11,648.99 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 53.68 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समय सीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रहीं परियोजनाओं की संख्या कम होकर 567 पर आ जाएगी।



● देर और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत में आया इजाफा : सांख्यिकी मंत्रालय

## आज का मुकाबला

गुजरात टाइटंस

बनाम

कोलकाता नाइटराइडर्स

शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## अदिति ने 71 का कार्ड खेला, 39वें स्थान पर



**क्लिफ्टन (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर कोग्निजांट फाउंडर्स कप के तीसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 39वें स्थान पर बनी हुई हैं। अदिति ने तीसरे दौर में पांच बर्डी लगायी जबकि चार बोगी कर बैठीं। इससे पहले उन्होंने दो दौर में 75 और 76 के कार्ड खेले थे। इससे 54 होल में उनका कुल एक अंडर 215 का है।

# प्लेऑफ के और करीब पहुंची सीएसके

## राजस्थान को पांच विकेट से हराया, ऋतुराज ने खेली 42 रन की नाबाद पारी

चेन्नई, एजेंसी

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (42) रनों की धैर्यपूर्ण पारी और सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांडे की शानदार गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 61वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ही चेन्नई की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में आर अश्विन ने अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर रचिन रविंद्र 18 गेंदों में (27) को आउटकर राजस्थान को पहली सफलता दिलाई। आठवें ओवर में युजवेंद्र चहल ने डैरिल मिचेल 13 गेंदों में (22) रन को पगबाधा कर आउट किया। मोईन अली (10), शिवम दुबे (18) बनाकर आउट हुये। 16वें ओवर में रवींद्र जडेजा (5) को क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने पर आउट करार दिया गया। ऋतुराज गायकवाड़ कप्तानी पारी खेलते हुए 41 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (42) रन बनाये। समीर रिजवी आठ गेंदों में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। राजस्थान की ओर से रवि अश्विन ने दो विकेट लिये। नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग नाबाद (47) और ध्रुव जुरेल (28) रनों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 142 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी जयसवाल और जॉस बटलर की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। सातवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों यशस्वी जयसवाल को कैच आउट कराकर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। इसके बाद नौवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने जॉस बटलर को भी पवेलियन भेज दिया। बटलर ने 25 गेंदों में 21 रन बनाये। कप्तान संजू सैमसन (15) और ध्रुव जुरेल (28) रन बनाकर आउट हुये। जुरेल ने अपनी पारी में एक चौका और दो छक्के लगाये। रियान पराग ने 35 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद सर्वाधिक (47) रनों की पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 141 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने तीन विकेट लिये। तुषार देशपांडे को दो विकेट मिले।



पारी के दौरान कप्तान ऋतुराज और डिरेल मिचेल। ● एजेंसी

### ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड से आउट हुए जडेजा

आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई के मैच में चेन्नई के बल्लेबाज रवींद्र जडेदा को ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड का नियम के तहत आउट दे दिया गया। इसके बाद जडेजा काफी गुस्से में मैदान से बाहर गए। 16वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जडेजा ने आवेश खान की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को थर्ड मैन की तरफ खेला। जडेजा ने एक रन ले लिया था और वह दूसरा रन लेना चाहते थे, लेकिन गायकवाड़ ने उन्हें वापस भेज दिया। इसी बीच राजस्थान के फील्डर ने विकेटकीपर संजू सैमसन को गेंद दी और संजू ने नॉन स्ट्राइकर छोर पर थ्रो किया। लेकिन तभी जडेजा वापस क्रीज पर जाने को पलटे और थ्रो के बीच में आ गए। राजस्थान ने ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड का नियम की अपील की और थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया।

### राजस्थान 141/5
20 ओवर, अतिरिक्त: 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का गायकवाड़ बो सिमरजीत | 24 | 21 | 3/1 |
| जोस बटलर का देशपांडे बो सिमरजीत | 21 | 25 | 2/0 |
| संजू सैमसन का गायकवाड बो सिमरजीत | 15 | 19 | 0/0 |
| रियान पराग नाबाद | 47 | 35 | 1/3 |
| ध्रुव जुरेल का ढाकुर बो देशपांडे | 28 | 18 | 1/2 |
| शुभम दुबे का शिवम दुबे बो देशपांडे | 0 | 1 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषार देशपांडे 4-0-30-2, महीश तीक्ष्णा 4-0-28-0, शार्दुल ढाकुर 4-0-32-0, सिमरजीत सिंह 4-0-26-3, रविंद्र जडेजा 4-0-24-0

### चेन्नई 145/5
18.2 ओवर, अतिरिक्त: 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का एवं अश्विन | 27 | 18 | 1/2 |
| रूतुराज गायकवाड नाबाद | 42 | 41 | 1/2 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा बो चहल | 22 | 13 | 4/0 |
| मोईन अली का आवेश खान बो बर्गर | 10 | 13 | 0/0 |
| शिवम दुबे का पराग बो अश्विन | 18 | 11 | 2/1 |
| जडेजा (क्षेत्ररक्षण में बाधा के लिए आउट) | 5 | 7 | 0/0 |
| समीर रिज्वी नाबाद | 15 | 8 | 3/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 2.2-0-24-0, संदीप शर्मा 3-0-30-0, आर अश्विन 4-0-35-2, नांद्रे बर्गर 3-0-21-1, युजवेंद्र चहल 4-0-22-1, आवेश खान 2-0-12-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 12 | 9 | 3 | 18 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 | +0.217 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | -0.271 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |

## खेल डायरी

### 1500 मीटर दौड़ में दीक्षा ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारतीय ट्रैक एथलीट के एम दीक्षा ने लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक महोत्सव में महिलाओं की 1500 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि अविनाश साबले पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे। दीक्षा ने शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 4 मिनट 4.78 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। दीक्षा ने हरमिलन बैंस का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2021 में वारंगल में राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 5.39 सेकंड के समय के साथ रिकॉर्ड बनाया था। उत्तर प्रदेश के अमरोहा की रहने वाली दीक्षा का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 मिनट 6.07 सेकंड था जो उन्होंने 2023 में भुवनेश्वर में एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हासिल किया था।

### प्रणवी संयुक्त सातवें स्थान पर रही

**सियोल।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स बैक नाइन में तीन बर्डी लगाकर 69 के कार्ड से अरामको टीम सीरीज कोरिया में शीर्ष 10 में शामिल रही। प्रणवी ने 69, 77 और 69 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक अंडर 215 का रहा। वह संयुक्त सातवें स्थान पर रहीं। मैसुरु की इस गोल्कर का यह इस सत्र में छह शुरूआत में दूसरा शीर्ष 10 का प्रदर्शन रहा। अन्य दो भारतीयों में ओलंपिक जाने वाली टीम में शामिल दीक्षा डागर (79-72-71) छह ओवर के कुल स्कोर से संयुक्त 37वें स्थान और वाणी कपूर (77-74-77) संयुक्त 60वें स्थान पर रहीं।

### आचार संहिता उल्लंघन में रमनदीप पर जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर रमनदीप सिंह पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया। उन्होंने अपना अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन पर मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

### कॉलेजिएट दौड़ में परवेज खान ने जीता खिताब



**लुइसियाना।** भारत के परवेज खान ने कॉलेजिएट एथलेटिक्स प्रतियोगिता एसईसी आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 1500 मीटर का खिताब अपने नाम किया। अमेरिका के लुइसियाना प्रांत में साउथईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में परवेज खान ने अंतिम चरण में बढ़त बनाई और बैटन रूज के एलएसयू बर्नी मूर स्टेडियम में दौड़ जीतने के लिए तीन मिनट और 42.73 सेकेंड का समय लिया। इस दौरान अमेरिका के मैक्स हार्डिन (3:43.39) दूसरे स्थान तथा डाल्टन हेंगस्ट ने (3:43.51) समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। परवेज फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप पर अमेरिका में हैं। इसके बाद दिन में, 19 वर्षीय परवेज खान ने 800 मीटर में प्रतिस्पर्धा की और 1:46.80 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सैम व्हिटमर्श ने 800 मीटर की दौड़ 1:45.27 के समय के साथ जीती, वह अनास एस्साई से आगे रहे, जिन्होंने 1:46.06 का समय निकाला।

### हार के बाद भी तीसरे स्थान पर बरकरार प्रज्ञानानंदा

**वारसॉ।** भारत के आर प्रज्ञाननंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर एक और जीत दर्ज की लेकिन वह सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अब भी तीसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है। इस भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक है और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है। भारत के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं, जबकि पोलैंड के डुडा जान क्रिज्सटोफ 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव 12.5 के साथ छठे स्थान पर हैं। वहीं, विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह 1,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में 9.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

## चोट के बावजूद पूरे मैच में खेले लियोनेल मेसी




**मॉन्ट्रियल।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पहले हाफ में चोटिल होने के बावजूद इंटर मियामी की तरफ से मेजर सॉकर लीग के पूरे मैच में खेले जिसमें उनकी टीम ने मॉन्ट्रियल को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इंटर मियामी की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मेजर सॉकर लीग के इस सत्र में नौ मैच में यह पहला अवसर है जबकि मेसी ने कोई गोल नहीं किया या गोल करने में मदद नहीं की। कनाडा में पहली बार खेल रहे मेसी का बायें घुटने में पहले हाफ में खेल के दौरान चोट लग गई थी। उन्होंने जमीन पर लेटकर अपना घुटना पकड़ रखा था। इसके बाद मेडिकल स्टाफ ने 2 मिनट तक उनका उपचार किया। वह कुछ समय के लिए मैदान से बाहर निकले लेकिन दर्द के बावजूद जल्द ही वापस मैदान पर लौट आए। मॉन्ट्रियल ने जूल्स एंथनी विल्सेंट और ब्राइस ड्यूक के गोल की मदद से एक समय 2-0 की बढ़त बना रखी थी। इंटर मियामी ने इसके बाद शानदार वापसी की। उसकी तरफ से बेंजामिन क्रेमास्ची, लुई सुआरेज और मैटियास रोजास ने गोल किए।

## गुजरात के सामने केकेआर की चुनौती

अहमदाबाद, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म में वापसी से उत्साहित गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आज आईपीएल मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह आईपीएल में उनका चौथा शतक था। उनके अलावा साई सुदर्शन ने भी शतक लगाया। प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम केकेआर के खिलाफ इन दोनों का



प्रदर्शन टाइटंस के लिए काफी मायने रखेगा। अभी सात टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं। राजस्थान रॉयल्स (16) और सनराइजर्स हैदराबाद (14) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के समान 12 अंक हैं। टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 10 अंक हैं और वह अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं। टाइटंस का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और ऐसे में अगर टीम अंतिम चार में जगह बनाती है तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा।

जहां तक केकेआर का सवाल है तो वह शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगी। उसे चोटी की दो टीम में बने रहने के लिए बाकी बचे दो मैच में केवल एक जीत की जरूरत है। टाइटंस ने केकेआर के खिलाफ पिछले तीन मुकाबलों में से दो में जीती है लेकिन वह किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता है क्योंकि पिछले साल रिंकू ने अंतिम ओवर में यश दयाल पर लगातार पांच छक्के जड़कर केकेआर को जीत दिलाई थी।

## ओलंपिक चयन ट्रायल में ईशा और अनीष को मिली दूसरी जीत

नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी





ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने रविवार को यहां क्रमशः महिला 25 मीटर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के ट्रायल जीतकर ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की। अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी।

मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में पहली जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में 43 अंक जुटाए। उनका स्कोर इसी महीने बाकू विश्व कप में कोरिया की किम येजी के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से एक अंक अधिक है। मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि रिद्धम सांगवान ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत कौर बरार और अभिदन्या पाटिल ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। पुरुष रैपिड फायर पिस्टल फाइनल में अनीष ने दबदबा बनाया। उन्होंने पांच निशानों की शुरुआती तीन सीरीज में सभी सटीक निशाने लगाए। उन्होंने 36 अंक के साथ खिताब जीता। विजयवीर सिद्धू 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अंकुर गोयल ने 19 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। आदर्श सिंह और भावेश शेखावत क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

## जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

**मीरपुर।** ब्रायन बेनेट (70) के हरफनमौला प्रदर्शन और सिकंदर रजा के नाबाद 72 रन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने एकतरफा अंदाज में बांग्लादेश को पांचवें टी-20 मुकाबले में आठ विकेट से हरा दिया है। टी-20 विश्वकप 2024 के शुरु होने से पहले सभी टीमों द्वारा की जा रही अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के महेनजर बांग्लादेश पहुंची जिम्बाब्वे की टीम पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला के शुरुआती चार मुकाबलों में मिली हार के साथ श्रृंखला भी गवां चुकी थी।

ऐसे में आज खेले गए सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश को उलटफेर का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रनों का स्कोर बनाया था। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट और कप्तान सिकंदर रजा ने दूसरे विकेट के लिए 75 रनों की। ब्रायन बेनेट ने 70 सिकंदर रजा ने नाबाद 72 रनों की पारी खेलकर मुकाबला जीत लिया।

# रजत के अर्धशतक से 187 तक पहुंचा बेंगलुरु



विराट कोहली का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते ईशांत शर्मा। ● एजेंसी



बेंगलुरु, एजेंसी

रजत पाटीदार के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नौ विकेट पर 187 रन बनाए। पाटीदार ने 32 गेंद में 52 रन की पारी खेली और विल जैक्स के साथ (29 गेंद में 41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी भी की। कैमरन ग्रीन ने अंत में 24 गेंद में नाबाद 32 रन बनाए। दिल्ली की ओर से रसिख सलाम (23 रन पर दो विकेट) और खलील अहमद (31 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। इशांत शर्मा, मुकेश शर्मा और कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट चटकाया।

दिल्ली के कार्यवाहक कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आरसीबी ने चौथे ओवर में 36 रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान फाफ डु प्लेसी (06) और विराट कोहली (27) के विकेट गंवा दिए। डु प्लेसी ने तीसरे ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर जेक फ्रेजर-मैकगर्क को कैच थमाया। कोहली ने इशांत शर्मा पर दो छक्के जड़े लेकिन इस तेज गेंदबाज की गेंद पर विकेटकीपर अभिषेक पोरेल को कैच दे बैठे।

पाटीदार ने आते ही मुकेश पर तीन चौके मारे जबकि अक्षर का स्वागत छक्के के साथ किया। आरसीबी ने पावर प्ले में दो विकेट पर 61 रन बनाए। पाटीदार ने कुलदीप यादव पर भी छक्का जड़ा जबकि विल जैक्स ने भी बाएं हाथ के इस स्पिनर की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। आरसीबी के रनों का शतक 10वें ओवर में पूरा हुआ। पाटीदार ने खलील की गेंद पर एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में रसिख सलाम की गेंद पर अक्षर को कैच दे बैठे। जैक्स भी इसके बाद कुलदीप की गेंद पर अक्षर को कैच थमा गए। कैमरन ग्रीन ने कुलदीप पर लगातार दो छक्के मारे जबकि महिपाल लोमरोर (13) ने भी इस स्पिनर पर छक्का जड़ा लेकिन इसके बावजूद आरसीबी की टीम अंतिम 10 ओवर में सात विकेट पर 77 रन ही बना सकी।

### बेंगलुरू 187/9
20 ओवर, अतिरिक्त: 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का पोरेल बो इशांत | 27 | 13 | 1/3 |
| डु प्लेसी का फ्रेजर मैकगर्क बो मुकेश | 6 | 7 | 1/0 |
| विल जैक्स का अक्षर बो कुलदीप | 4 | 29 | 3/2 |
| रजत पाटीदार का अक्षर बो रसिख | 52 | 32 | 3/3 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 32 | 24 | 1/2 |
| महिपाल लोमरोर का पोरेल बो खलील | 13 | 8 | 0/1 |
| दिनेश कार्तिक का कुलदीप बो खलील | 0 | 2 | 0/0 |
| स्वप्निल सिंह का कुशाग्र बो रसिख | 0 | 1 | 0/0 |
| कर्ण शर्मा रन आउट | 6 | 4 | 1/0 |
| मोहम्मद सिराज रन आउट | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** इशांत 3-0-31-1, खलील 4-0-31-2, मुकेश 3-023-1, अक्षर 3-0-24-0, कुलदीप 4-0-52-1, रसिख 3-0-23-2

## ओलंपिक के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना होगा: सिंह

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की शृंखला में सभी मैच गंवाने के बावजूद उनकी टीम उन क्षेत्रों की पहचान करने में सफल रही जिनमें सुधार की जरूरत है तथा वह प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भाग लेने के लिए तैयार है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के दौरे में सभी पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा था जिससे इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उसकी तैयारी पर सवाल उठने लगे थे, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि टीम ने काफी कड़ी मेहनत की है और टीम का मनोबल काफी ऊंचा है। हॉकी इंडिया के अनुसार हरमनप्रीत ने कहा हम कड़ा अभ्यास कर रहे हैं और अभी इसके अंतिम चरण में है। ऑस्ट्रेलिया के दौरे के बाद टीम ने उन क्षेत्रों पर काम किया जिनमें उसे लगा कि सुधार करने की जरूरत है। हम जल्द ही प्रो लीग के कुछ महत्वपूर्ण मैच खेलने के लिए यूरोप जाएंगे जहां हमारा सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन जैसी मजबूत टीमों से होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए 75 दिन ही बचे हुए हैं तब हम अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहने पर काम कर रहे हैं।



**75**
दिन ही बचे हुए हैं पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारियों में जुटी हॉकी इंडिया की टीम

## द. अफ्रीका के खिलाफ कई संयोजन आजमाने का मिला मौका : सलीमा



**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम की नवनियुक्त कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह मैचों की शृंखला में टीम को कई संयोजन आजमाने और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली जिनमें सुधार की जरूरत है। पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम की सदस्य रही 22 वर्षीय सलीमा को इस महीने के शुरू में सविता पूनिया की जगह टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। टीम ने उनकी अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू शृंखला 4-2 से जीती। हॉकी इंडिया के अनुसार सलीमा ने कहा इस शृंखला से हमें कई संयोजन आजमाने का मौका मिला। इसमें हमने प्रो लीग के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों को आजमाया। इस सामूहिक प्रयास से हमें न सिर्फ अपने समन्वय को मजबूत करने में मदद मिली इससे हमें टीम के सभी पहलुओं को समझने का मौका भी मिला। सलीमा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिलाड़ियों को भी सीखने का मौका मिला।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



अमृतसर में मदर्स डे पर हिंदू देवी महा मरियम्मन (शीतला माता) के सम्मान में निकाले गए जुलूस के दौरान एक भक्त अपनी नंगी पीठ पर रस्सियों से बंधी कार खींचता हुआ। • एजेंसी

## सुअर की किडनी लगवाने वाले व्यक्ति की दो माह बाद मौत

**बोस्टन।** आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर की किडनी शरीर में लगवाने वाले पहले व्यक्ति की मौत हो गई है। ऑपरेशन के लगभग दो महीने बाद उसकी मौत हुई है। सर्जरी करने वाले अस्पताल का कहना है कि इस बात का संकेत नहीं मिला है कि सुअर की किडनी लगवाने से व्यक्ति की मौत हुई है।

62 साल के रिचर्ड रिक स्लेमैन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था। सर्जनों ने कहा कि उनका मानना है कि सुअर की किडनी कम से कम दो साल तक चलेगी। ट्रांसप्लांट करने वाली टीम ने एक बयान में कहा कि स्लेमैन के निधन से वे बहुत दुखी हैं और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते है। रिचर्ड रिक स्लेमैन इस प्रक्रिया को अपनाने वाले पहले जीवित व्यक्ति थे।

# केवाईसी अपडेशन के नाम पर बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी से रहें सावधान

भारतीय रिजर्व बैंक ने बार-बार लोगों को केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी के बारे में चेतावनी दी है। केवाईसी अपडेट की आड़ में ग्राहकों को धोखा देने की लगातार घटनाओं को देखते हुए, आरबीआई ने सतर्कता और सावधानी के महत्व पर जोर दिया है। हाल ही में, आरबीआई ने लोगों से आग्रह किया कि वे सावधानी बरतें और नुकसान से बचने और खुद को ऐसी धोखाधड़ी से बचाने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें।




**क्या है केवाईसी अपडेट धोखाधड़ी**

आमतौर पर, इस तरह की धोखाधड़ी में लोगों को अनजान नंबरों से फोन कॉल, एसएमएस या ईमेल आते हैं जिनमें उनसे उनकी व्यक्तिगत जानकारी, खाते या लॉगिन की जानकारी देने के लिए कहा जाता है। कभी-कभी उन्हें लिंक देकर कोई ऐप डाउनलोड करने के लिए भी मजबूर किया जाता है। धोखेबाज अक्सर जल्दबाजी में फैसला करवाने की कोशिश करते हैं। वे यह कहते हैं कि अगर आप तुरंत जानकारी नहीं देते हैं तो आपका खाता बंद कर दिया जाएगा या रोक दिया जाएगा। अगर आप गलती से अपनी जानकारी दे देते हैं तो धोखेबाज आपके खाते तक पहुंच सकते हैं।

**क्या करें:**

- केवाईसी अपडेट के लिए किसी भी अनुरोध को प्राप्त करने पर, सीधे अपने बैंक या वित्तीय संस्थान से सत्यापन या सहायता के लिए संपर्क करें।
- बैंक या वित्तीय संस्थान का संपर्क नंबर या ग्राहक सेवा फोन नंबर केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट या स्रोतों से प्राप्त करें।
- किसी भी साइबर धोखाधड़ी की घटना में तुरंत अपने बैंक या वित्तीय संस्थान को सूचित करें।
- विवरण अपडेट करने के लिए उपलब्ध मोड या विकल्पों के बारे में अपनी बैंक शाखा से पूछें।

**क्या न करें:**

- खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड या ओटीपी किसी के साथ शेयर न करें।
- किसी अनजान व्यक्ति या संस्था को अपने केवाईसी दस्तावेजों की कॉपी देने से बचें।
- किसी भी असत्यापित या अनधिकृत वेबसाइट या ऐप पर अपनी कोई भी संवेदनशील डेटा या जानकारी न दें।
- मोबाइल संदेशों या ईमेल में प्राप्त संदिग्ध या असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें।

### एक नजर

**मेक्सिको-ग्वाटेमाला सीमा पर आया 6.4 तीव्रता का भूकंप**

**तापचूला।** मेक्सिको और ग्वाटेमाला की सीमा पर रविवार तड़के भूकंप का जबरदस्त झटका महसूस किया गया, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गये। मेक्सिको के सीमावर्ती शहर सुचियाटे के निकट सुबह लगभग छह बजे भूकंप का झटका महसूस किये गये। समाचार लिखे जाने तक भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है, लेकिन सीमा के निकट पहाड़ी और दूरदराज के हिस्सों में भूस्खलन का खतरा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.4 थी और केंद्र जमीन से 47 मील की (75 किलोमीटर) गहराई में स्थित था।

**29वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर अपना रिकॉर्ड तोड़ा**

**काठमांडू।** नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 29वीं बार चढ़ाई की। इस तरह उन्होंने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया। पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग के अनुसार अनुभवी पर्वतारोही शेरपा (54) रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे। नेपाल के सेवन समिट ट्रेक्स के एक वरिष्ठ अधिकारी थानी गुरगैन ने बताया कि सेवन समिट ट्रेक्स ने इस पर्वतारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया था और इसमें 20 पर्वतारोही शामिल हुए थे।

**रूस में इमारत ढहने से सात की मौत, 12 से अधिक घायल**

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोड शहर में रविवार को एक अपार्टमेंट की इमारत ढहने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी और 12 से अधिक लोग घायल हो गये। मैश टेलीग्राम चैनल ने यह जानकारी दी। हादसे में घायल लोगों में से कुछ की हालत गंभीर है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। स्पूतनिक समाचार एजेंसी ने आपातकालीन सेवाओं के एक प्रतिनिधि के हवाले से बताया कि आपातकालीन सेवा कर्मियों को राहत एवं बचाव के लिए हादसे वाली जगह पर भेजा गया है। रूस ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन की गोलाबारी की वजह से यह इमारत ढह गयी, यूक्रेनी अधिकारियों ने हालांकि इस पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

# निज्जर हत्या मामले में कनाडा में चौथा भारतीय नागरिक गिरफ्तार

## खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

- अमनदीप सिंह (22) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप
- अलगाववादी समूहों की मौजूदगी पर भारत जताता रहा है आपत्ति

वाशिंगटन/ओटावा, एजेंसी

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के अधिकारियों ने एक और भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। दोनों देशों के संबंधों में तनाव की वजह बने इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों की संख्या चार हो गई है। कनाडा के सरे निवासी अमनदीप सिंह (22) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप लगाए गए हैं। निज्जर (45) की 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी।

कनाडाई पुलिस की इंटीग्रेटेड होमिसाइड इंवेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने बताया कि निज्जर की हत्या में सिंह की भूमिका के लिए उसे 11 मई को गिरफ्तार किया गया। वह एक अन्य मामले में पील क्षेत्रीय पुलिस की हिरासत में था। आईएचआईटी के प्रभारी अधिकारी मनदीप मूकर ने कहा कि यह गिरफ्तारी निज्जर की हत्या में भूमिका निभाने वालों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जारी हमारी जांच की प्रकृति को दर्शाती है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि आईएचआईटी ने सबूत एकत्रित किए और अमनदीप सिंह पर हत्या और हत्या की साजिश के आरोपों के समर्थन में पर्याप्त सूचना प्राप्त की। जांचकर्ताओं ने कहा कि जांच जारी रहने और अदालती प्रक्रियाओं के कारण इस मामले में गिरफ्तारी की और कोई जानकारी नहीं दी जा सकती है।

**निज्जर की हत्या में पहले ही तीन लोग हो चुके गिरफ्तार**



आईएचआईटी के जांचकर्ताओं ने इस मामले में तीन भारतीय नागरिकों – करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करणप्रीत सिंह (28) को तीन मई को गिरफ्तार किया था। ये तीनों आरोपी एडमॉन्टन के रहने वाले हैं और उन पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पिछले साल सितंबर में निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए थे जिसके बाद से भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में तनाव है। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताकर खारिज किया है। कनाडा में सिख अलगाववादी समूहों की मौजूदगी पर भारत लंबे समय से आपत्ति जताता रहा है। उसने निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। जयशंकर ने बृहस्पतिवार को एक विशेष साक्षात्कार में कहा था कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है।

**गोली चलाने वाले दो लोगों में से एक अमनदीप**

मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र के हवाले से ग्लोबल न्यूज ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि निज्जर पर गोली चलाने वाले दो हथियारबंद लोगों में से एक अमनदीप सिंह था। इसके बाद हमलावरों को एक कार से फरार होते हुए देखा गया। सूत्र ने बताया कि अपने सह-आरोपी की तरह सिंह अस्थायी वीजा पर कनाडा पहुंचा और वह हिंसक अपराध में कथित तौर पर शामिल रहा। उसने बताया कि चारों हमलावर का बिश्नोई गिरोह से संबंध होने का संदेह है। सिंह उन पांच लोगों में से एक है जिन पर तीन नवंबर, 2023 को पील पुलिस स्पेशलाइज्ड एन्फोर्समेंट ब्यूरो द्वारा ब्रैम्पटन में हथियारों और नशीली दवाओं के अपराध का आरोप लगाया गया था।

## चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद : जयशंकर

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख सैन्य गतिरोध के पांचवें वर्ष में प्रवेश करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत, चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करता है।



इस बात पर जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति पर निर्भर करती है। जयशंकर ने कहा कि बाकी मुद्दे मुख्य रूप से गश्ती अधिकार और गश्ती क्षमता से संबंधित हैं।

विशेष रूप से यह पूछे जाने पर कि न्यूजवीक पत्रिका को पिछले माह दिये साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में विवाद के समाधान की उम्मीद कब तक की जा सकती है, जयशंकर ने कहा कि उन्होंने (मोदी ने) इस मामले पर केवल एक व्यापक दृष्टिकोण साझा किया है। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि बचे हुए मुद्दों का समाधान हो जाएगा। ये मुद्दे मुख्य रूप से वहां गश्त करने के अधिकार और गश्त करने की क्षमताओं से संबंधित हैं।

उन्होंने कहा मैं इसे प्रधानमंत्री के साक्षात्कार से नहीं जोड़ूंगा। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री एक बड़ी तस्वीर वाला दृष्टिकोण पेश कर रहे थे और उनका यह दृष्टिकोण बहुत ही उचित था।

# पीओके में झड़प, डीएसपी की मौत, 100 लोग घायल



पीओके में प्रदर्शन करते लोग। • एजेंसी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले कश्मीर में गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, विवादित क्षेत्र में शनिवार को पुलिस एवं अधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं और पूरे इलाके में चक्का जाम कर दिया गया और दुकानें बंद रखी गयी। मीरपुर के एसएसपी कामरान अली ने डॉन डॉट कॉम को बताया कि पुलिस उप निरीक्षक अदनान कुरैशी की इस्लामगढ़ शहर में सीने में गोली लगने से मौत हो गयी। कुरैशी वहां अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कोटली और पुंछ जिला होते हुए मुजफ्फराबाद जा रही एक रैली को रोकने के लिए तैनात थे। उन्होंने बताया कि यह रैली जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के बैनर तले निकाली गयी थी।

हड़ताल के बीच पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि मुजफ्फराबाद एवं पुंछ संभाग पूरी तरह बंद रहा। स्थानीय सरकार ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिसकर्मियों को बुलाया है। एसएसपी यासीन बेग ने कहा कि कम से कम एक पुलिस अधिकारी और एक युवा लड़का घायल हो गए।

# डल झील का पीने लायक पानी आज मुंह धोने लायक तक नहीं बचा : एनजीटी

- एनजीटी ने डल झील की बिगड़ती स्थिति पर मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

एनजीटी ने कश्मीर में डल झील की बिगड़ती स्थिति पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जम्मू-कश्मीर प्रदूषण नियंत्रण समिति सहित कई प्राधिकारों से जवाब मांगा है। एनजीटी एक मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया।



इस रिपोर्ट में कहा गया था, नगरपालिका के सीवेज, प्रदूषण और शहरीकरण के कारण कश्मीर में डल झील की स्थिति खराब हो रही है और इसका प्रभाव हांजी लोगों (हाउसबोट में रहने वाले) के जीवन पर भी पड़ रहा है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीवेज के कारण झील में मछलियों के जीवन पर संकट पैदा हो गया है। एक समय लोग इस झील का पानी पीते थे, लेकिन आज इसका उपयोग मुंह धोने के लिए भी नहीं किया जा सकता है। 8 मई को पारित एक आदेश में, अधिकरण ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट में पर्यावरण नियमों के अनुपालन के संबंध में एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है। इसने कहा कि प्रतिवादी सुनवाई की अगली तारीख यानी 21 अगस्त से पहले अपना जवाब दाखिल करें।

## बरी होने के बाद जुलूस निकालने पर 36 लोगों पर मामला दर्ज

**ठाणे।** जिले में निषेधाज्ञा के बीच एक मामले में अपनी रिहाई का जश्न मनाने के लिए जुलूस निकालने पर पुलिस ने एक व्यक्ति सहित 36 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। व्यक्ति के खिलाफ मकोका के तहत मामला दर्ज था।

एक विशेष अदालत ने 7 मई को पर्याप्त सबूतों के अभाव में उस व्यक्ति को बरी कर दिया। भिवंडी शहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 8 मई को इस व्यक्ति के जेल से बाहर आने के बाद उसके समर्थकों ने ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में नवी वस्ती में एक जुलूस निकाला।

# भारत के कई राज्यों में 16 तक हो सकती बारिश

- उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चलेंगी तेज हवाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्वी, मध्य, दक्षिण प्रायद्वीपीय और उत्तर पश्चिम भारत में अगले तीन से चार दिनों तक आंधी, तूफान और तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान है। मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में 16 मई से पुनः लू चल सकती है। अगले तीन से चार दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत में व्यापक रूप से छिटपुट हल्की बारिश होने का अनुमान है।

विभाग ने कहा कि जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गरज, बिजली और हवाओं के साथ व्यापक रूप से वर्षा होने का अनुमान है। इसके बाद 13 और 14 मई को अलग-अलग गतिविधि के साथ इसमें कमी आएगी। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश में और राजस्थान में 13 से 16 मई, के दौरान गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश और दक्षिण राजस्थान के मैदानी इलाकों में तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है।



बारिश में जाता व्यक्ति। • एजेंसी

# 16 मिनट का ट्रीटमेंट और सुनने लगी 18 माह की बच्ची

- दुनिया में पहली बार जीन थेरेपी ने बदला इतिहास, अब आसान होगा बेहरेपन का इलाज

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की 18 महीने की बच्ची ओपाल सैंडी ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, जीन थेरेपी के जरिए बच्ची का बहरापन हमेशा-हमेशा के लिए दूर हो गया है। वो दुनिया की पहली बच्ची है, जो इस थेरेपी के जरिए एक बार फिर सुन सकती है। डॉक्टरों ने कहा कि इस ऐतिहासिक सफलता से बहरेपन का इलाज अब आसानी से हो जाएगा। ये थेरेपी एक मील का पत्थर साबित हुआ है।

ओपाल को न्यूरोपैथी समस्या थी, जिसके कारण बचपन से ही वह सुन नहीं सकती थी। यह समस्या तब होती है जब दिमाग तक जाने वाली कान की भीतरी हिस्से की नस काम नहीं करती है। ओपाल की मां जो सैंडी ने बताया कि इस ऑपरेशन में महज 16 मिनट ही लगे। इलाज के बाद हमें महसूस हुआ कि वह सुन सकती है, तो हमारी खुशी का ठिकाना नहीं था।



**भारतीय मूल के डॉक्टर ने की सर्जरी**

बच्चे का इलाज एक भारतीय मूल के ईयर सर्जन प्रोफेसर मनोहर बैंस ने की हैं। इस ट्रायल में ब्रिटेन, स्पेन और अमेरिका के कुछ बच्चों का जीन थेरेपी के जरिए कान का इलाज किया गया था। यह सफल ट्रायल कैंब्रिज यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल्स एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया।

## दिल्ली में पीयूसीसी उल्लंघन के एक लाख मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस ने रविवार को कहा कि 2024 के पहले चार महीनों में प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) उल्लंघन के कुल 101,164 मामले दर्ज किए गए। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि यह पिछले साल दर्ज किए गए मामलों की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है।

पिछले साल एक जनवरी से 30 अप्रैल के बीच इसी अवधि के दौरान 78,169 चालान किए गए थे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने मॉडल टाउन, करोल बाग, नजफगढ़, द्वारका, पंजाबी बाग और तिलक नगर समेत शीर्ष दस ट्रैफिक सर्किल का व्यापक विश्लेषण किया है, जहां 2024 में सबसे ज्यादा चालान जारी किए गए। अधिकारी ने कहा कि पीयूसीसी उल्लंघन में बढ़ोतरी से शहर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण की लगातार चुनौती का पता चलता है।

## बॉलीवुड हलचल

**संजय दत्त पर फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी**



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त पर आधारित फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी हो गयी है। द वर्जिन ट्री की शूटिंग मुंबई और पुणे में हुई है। सिद्धांत कुमार सचदेव द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है। फिल्म में काम करने के अनुभव के बारे में नवनीत मलिक ने कहा, संजय दत्त के जवानी के दिनों को पर्दे पर उतारना मेरे लिए अविश्वसनीय यात्रा रही है। रणबीर कपूर के बाद संजय दत्त की भूमिका को निभाना मेरे लिए बड़ा सम्मान है। नवनीत मलिक ने कहा कि संजय के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। वह न सिर्फ एक अद्भुत अभिनेता हैं, बल्कि एक अद्भुत इंसान भी हैं। शूटिंग का अनुभव शानदार था।



**प्रियंका चोपड़ा ने भंसाली की वेबसीरीज की तारीफ की**

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार की तारीफ की है। वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, फरदीन खान और शेखर सुमम जैसे कलाकार शामिल हैं।

**विक्की कौशल ने छावा की शूटिंग पूरी की**

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी आने वाली फिल्म छावा की शूटिंग पूरी कर ली है। छावा का रैपअप हो गया है, जिसकी जानकारी विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर दी है। विक्की ने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप शेयर किया है, जिसमें झमाझम बारिश होती दिखाई दे रही है। बारिश वाले क्लिप के साथ विक्की कौशल ने एक इमोशनल पोस्ट भी लिखा है। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा कि छावा की शूटिंग अविश्वसनीय रूप से भावुक और ड्रामाटिक जर्नी बिना कुछ ड्रामा के खत्म नहीं हो सकती थी।

## यमन में हौती विद्रोहियों व सरकारी सेना के बीच संघर्ष में 10 की मौत

**अदन।** यमन के मध्य प्रांत मारिब में अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार से जुड़ी संयुक्त यमनी सेना और हौती लड़ाकों के बीच हुई भीषण झड़प में 10 लोग मारे गए। यह जानकारी शिन्हुआ ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से रविवार को दी।

सैन्य सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि तेल समृद्ध शाबवा प्रांत से सटे रणनीतिक शहर मारिब के दक्षिण में हरीब मोर्चे पर रविवार रात जायंट्स ब्रिगेड, संयुक्त सरकार समर्थक बल और हौती लड़ाकों के बीच भीषण टकराव हुआ। मारिब लंबे समय तक यमनी संघर्ष में प्राथमिक युद्ध मैदान रहा है क्योंकि हौती विद्रोहियों ने 2021 की शुरुआत में ऊर्जा संपन्न मारिब प्रांत पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करने के उद्देश्य से बड़ा आक्रमण शुरू किया था। सरकार द्वारा नियंत्रित मारिब शहर महान राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक महत्व रखता है।